1.22 संकट के परिणामस्वरूप प्रतिभूतिकृत उत्पादों के मूल्यन की प्रक्रिया बाधित होने से यह बाजार वस्तुतः बंद हो गया। आइएमएफ ने विशेष रूप से परिवारों तथा लघु और मध्यम आकार वाले उद्यमों के कर्ज की जरूरतों को समर्थन देने के लिए सुरक्षित आधार पर प्रतिभूतिकरण को पुनः प्रोत्साहित करने का आह्वान किया है। आइओएससीओ ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आस्ति समर्थित प्रतिभूतियों के लिए प्रकटीकरण संबंधी सिद्धांतों का अप्रैल 2010 में प्रकाशन किया। बीसीबीएस तथा आइओएससीओ का संयुक्त फोरम इस बात का अध्ययन कर रहा है कि प्रतिभूतिकरण हेतु बाजार में उपलब्ध प्रोत्साहन समरूप है या नहीं।

जमाराशि बीमा

1.23 वैश्विक वित्तीय संकट ने बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए विश्वसनीय तथा पारदर्शी जमाराशि बीमा प्रणाली की जरूरत को रेखांकित किया। अंतरराष्ट्रीय जमाराशि बीमा संगठन (आइएडीआइ) तथा बीसीबीएस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित प्रभावी जमाराशि बीमा संबंधी मूल सिद्धांतों का प्रकाशन जून 2009 में किया गया। इसमें श्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के आधार पर वर्तमान प्रणाली में परिवर्तन अथवा नई जमाराशि बीमा प्रणाली की स्थापना के संबंध में परिवर्तन हेतु एक स्वैच्छिक ढांचागत रूप शामिल है। मूल सिद्धांतों में, जमाराशि बीमाकर्ता के लिए परिचालनात्मक स्वतंत्रता, पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व की जरूरतें शामिल हैं तथा इसमें विभिन्न देशों से जुड़े मुद्दों, सदस्यता तथा व्याप्ति, निधीयन, जन जागरूकता, कानूनी मुद्दों, असफलता समाधान, जमाकर्ताओं को राशि की प्रतिपूर्ति तथा वसूलियों के संबंध में विस्तृत दृष्टिकोण अपनाते हुए सुरक्षा-तंत्र के अन्य भागीदारों के साथ प्रभावी संबंध की अपेक्षा की गयी है।

पर्यवेक्षी / विनियामक सुधार - क्षेत्रीय / राष्ट्रीय पहलें

1.24 यूरोपीयन यूनियन बचाव व्यवस्था संबंधी निधियों, निजी इक्विटी फंडों तथा अन्य वैकल्पिक निधियों के लिए निधि प्रबंधकों के वैकल्पिक निदेशों को लागू कर रहा है। इसके मूल में, निदेशों के जरिए उन 'शैडो' बैंकिंग प्रणाली के बहुत बड़े हिस्सों पर मानक तथा विनियामक निगरानी व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया गया है जो कमोबेश पर्यवेक्षण से मुक्त थे। यूरोपीयन कमीशन भी यूरोपीय बाजार ढांचा संबंधी विधान का प्रस्ताव कर रहा है जिसके आधार पर केन्द्रीय प्रतिपक्षियों तथा व्यापार निधियों के लिए यूरोपीयन यूनियन विधान ढांचे का गठन होगा।

1.25 अमरीकी सीनेट तथा प्रतिनिधि सभा ने ''2010 का अमरीकी वित्तीय स्थिरता बहाली अधिनियम'' पारित किया तथा इसे कानूनी रूप देने के लिए राष्ट्रपति ने जुलाई 2010 में इस पर हस्ताक्षर किए। विधान के प्रमुख लक्ष्य ''वित्तीय प्रणाली में उत्तरदायित्व तथा पारदर्शिता में सुधार करके अमरीका की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना, 'इतने बड़े कि फेल होने नहीं दिया जा सकता' की धारणा को समाप्त करना, बेलआउट को समाप्त करके अमरीकी करदाताओं की रक्षा करना तथा गलत वित्तीय सेवा प्रथाओं से ग्राहकों / निवेशकों की रक्षा करना'' है।

1.26 यूके का वित्तीय सेवा प्राधिकरण (एफएसए), विशेष रूप से प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों के लिए, बीसीबीएस द्वारा प्रस्तावित निर्धारणों से भी कठोर पूंजी नियम निर्धारित करने पर विचार कर रहा है। एफएसए वित्तीय रिपोर्टिंग काउंसिल (एफआरसी) के साथ मिलकर संयुक्त रूप से, विशेष रूप से संमिश्र वित्तीय लिखतों के मूल्य निर्धारण हेतु लेखा परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए बैंक के लेखा परीक्षकों और बैंक के बीच के संबंधों की विनियामक जांच का प्रस्ताव कर रहा है। वित्तीय रिपोर्टिंग काउंसिल द्वारा विकसित यूके स्टिवार्डशीप कोड संस्थागत निवेशकों को कंपनियों के साथ जोड़ने के संबंध में अच्छी परिपाटी की शुरुआत करने वाला इस प्रकार का पहला कोड है।

सरकारी ऋण संकट

1.27 यूरो क्षेत्र के कई देशों में बड़ी मात्रा की राजकोषीय प्रोत्साहन योजनाओं, वित्तीय बचाव पैकेजों तथा घटते कर राजस्व के कारण उत्पन्न हुए सरकारी ऋण की समस्या के उदय ने कई उन्नत देशों में अवहनीय सरकारी बजट घाटे तथा सरकारी ऋण की समस्या को उजागर किया है जिससे वैश्विक वृद्धि तथा वित्तीय स्थिरता के लिए गंभीर जोखिम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आइएमएफ के अनुसार जी-7 के देशों में जीडीपी की तुलना में ऋण का अनुपात 2010 में 113 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है जो एक ऐसा स्तर है जिसे 1950 के बाद नहीं देखा गया था। बिगड़ती राजकोषीय स्थितियों का असर ग्रीस, पुर्तगाल तथा स्पेन ने सरकारी सीडीएस स्प्रेड में तेज वृद्धि के रूप में दिखायी दिया और ऐसे स्प्रेड में परिवर्तन का स्तर बजट घाटे के अनुरूप था। सरकारी ऋण की समस्या के समाधान हेतु बजट घाटों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करने, डिलीवरेजिंग की प्रक्रिया को व्यवधान रहित तरीके से पूरा करने, ओवरहीटिंग को रोकने के लिए विवेकपूर्ण समष्टि विनियमन तथा विवेकपूर्ण विनियमन को लागू करने, बैंकों में विनियामक सुधार अपनाने तथा प्रणालीगत विफलताओं की लागत को कम करने की जरूरत है।

3. भारतीय बैंकिंग का परिदृश्य

1.28 2009-10 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (एससीबी) के तुलनपत्र में गिरावट आयी तथा उनकी आस्तियों की गुणवत्ता तथा लाभप्रदता में थोड़ी कमी हुई। 2009-10 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर बैंक द्वारा दिए गए कर्ज में 16.6 प्रतिशत की कम दर पर वृद्धि हुई, परंतु अक्तूबर 2009 से आर्थिक स्थिति में सुधार प्रारंभ होने से बेहतरी के लक्षण दिखाई दिए। एससीबी के सकल अग्रिमों के अनुपात के रूप में सकल अनर्जक आस्तियां (एनपीए) समग्र रूप में 2008-09 के 2.25 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 2009-10 में 2.39 प्रतिशत हो गयीं। आस्तियों की गुणवत्ता में कुछ कमी आने के बावजूद भारतीय बैंकों का जोखिम भारित आस्तियों के प्रति पूंजी का अनुपात, बासेल II मानदंड के अनुसार, मार्च 2010 के अंत में 14.5 प्रतिशत रहा जो विनियामक निर्धारण से काफी अधिक है। तथापि, भारतीय बैंकों की 2009-10 की लाभप्रदता, जैसा कि आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) से ज्ञात होता है, पिछले वर्ष के 1.13 प्रतिशत से कम अर्थात 1.05 रही।

1.29 वैश्विक वित्तीय संकट के अप्रत्यक्ष प्रभाव के बावजूद भारतीय बैंक झटकों को सहने में समर्थ रहे तथा संकट के बाद की

अवधि में सुस्थिर तथा सुदृढ़ बने रहे। अब भारतीय बैंक इस क्षेत्र के बैंकों के बीच वृद्धि, लाभप्रदता तथा ऋण चूक अनुपात के मानदंड के अनुसार तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। आम तौर पर बैंकों का नवोन्मेष, वृद्धि तथा मूल्य सृजन का अच्छा रिकार्ड रहा है। तथापि, बैंकिंग विकास की इस प्रक्रिया को वित्तीय समावेशन की बृहत्तर जरूरत को पूरा करने के लिए बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करके आगे बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि अन्य बाजारों की तुलना में इस क्षेत्र में बैंक सुविधा का विस्तार कम है।

विनियामक ढांचा

1.30 रिज़र्व बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए समय पर पहलें करता रहा है कि वित्तीय प्रणाली की नयी गतिविधियों के अनुरूप बैंकिंग उद्योग के विनियामक ढांचे का अद्यतन नियमित आधार पर होता रहे, विनियामक / पर्यवेक्षी अंतरपणन तथा अत्यधिक जोखिम उठाने की प्रवृत्ति कम बनी रहे। उच्चतर पूंजी पर्याप्तता अनुपात एवं आरक्षित नकदी निधि अनुपात(सीआरआर) तथा सांविधिक चलनिधि अनुपात(एसएलआर) के रूप में सांविधिक चलनिधि बफरों की आवश्यकता के अतिरिक्त, बैंकों को संकेंद्रण जोखिम, पूंजी बाजार एक्सपोज़र, अंतर-बैंक एक्सपोज़र तथा बाह्य ऋण मध्यस्थन के संबंध में विनियामक मानदण्डों के अंतर्गत लाया गया है। डेरिवेटिवों में बैंकों के एक्सपोज़र को भी ब्याज दर तथा विनिमय दर संविदाओं की परिपक्वता से संबद्ध क्रेडिट परिवर्तन कारक के उपयोग के निर्धारण के जरिए पूंजी पर्याप्तता व्यवस्था के दायरे में लाया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक वित्तीय संगुटों के अंदर 'संक्रमण जोखिम' का पता लगाने के लिए, साथ ही संगुट की विभिन्न संकेंद्रण जोखिम की दृष्टि से इसके बाहरी संस्थाओं, क्षेत्रों तथा बाजार खंडों के प्रति संचयी एक्सपोज़र का पता लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था स्थापित की है।

संस्थागत विकास

1.31 अधिक से अधिक बैंकों की सहायता से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, विशाखीकृत स्वामित्व के माध्यम से प्रतिस्पर्धा तथा बेहतर अभिशासन को बढ़ाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 11 अगस्त 2010 को नए बैंकों को लाइसेंस जारी करने के संबंध में चर्चा पत्र जारी किया। चर्चा पत्र में निम्नलिखित मुद्दों पर प्रतिसूचना मांगी गयी है :

- नए बैंकों के लिए न्यूनतम पूंजी आवश्यकता तथा प्रवर्तकों का अंशदान
- प्रवर्तक की न्यूनतम तथा अधिकतम शेयर धारिता की सीमा तथा अन्य शेयर धारक
- नए बैंकों में विदेशी शेयर धारिता
- औद्योगिक तथा व्यापारी घरानों को बैंक स्थापित करने के लिए अनुमति दी जाए अथवा नहीं
- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को बैंकों में परिवर्तन की अनुमति दी जाए अथवा एक बैंक को प्रवर्तित करने की अनुमति दी जाए
- नए बैंक के लिए कारोबारी मॉडल

1.32 कोर निवेश कंपनियां, मुख्यत: उन वित्तीय लिखतों का धारण करने वाली कंपनियां, बाजार जोखिम के प्रति संवेदनशील होती हैं, अत: उनके विफल होने के कारण वित्तीय प्रणाली पर पड़ने वाले असर को रोकने के लिए उन पर समुचित विनियमन होना चाहिए। तदनुसार, रिज़र्व बैंक ने अगस्त 2010 में समूह कंपनियों में इक्विटी शेयरों, अधिमानी शेयरों, ऋण अथवा कर्ज के रूप में कम-से-कम अपनी 90 प्रतिशत आस्तियां धारित करनेवाली कंपनियों के लिए विनियामक मानदण्डों की घोषणा की। बड़े व्यापारी घरानों की 100 करोड़ अथवा अधिक की आस्ति वाली इन होल्डिंग कंपनियों तथा निवेश फर्मों को भारतीय रिज़र्व बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्राप्त करना आवश्यक है, साथ ही उन्हें पूंजी के न्यूनतम स्तर को बनाए रखना तथा लीवरेजिंग संबंधी उपयुक्त मानदण्डों का पालन भी आवश्यक है।

1.33 नये कंपनी बिल, 2009 जिसे पहले के कंपनी बिल, 1956 के स्थान पर लाया जाएगा, में अन्य बातों के साथ-साथ, बैंकों को 'क्लास ऐक्शन' सूट के अंतर्गत लाने का प्रस्ताव किया गया है। तथापि, चूंकि लोकपाल योजना की संशोधित प्रणाली बैंकों के विरुद्ध ग्राहकों की शिकायतों के निवारण हेतु त्वरित तथा कम खर्चीला शिकायत निवारण तंत्र के रूप में अच्छी तरह कार्य कर रही है, अत:

सारणी I.3: सरकारी क्षेत्र के बैंकों का पुन:पूंजीकरण

राशि करोड़ रुपए में स्थिति	जुलाई 2010 तक पहले ही पूरा कर लिया गया	2009-10 पूरा किया गया	2008-09 पूरा किया गया
1	2	3	4
यूको बैंक	673	450	450
विजया बैंक	700	-	500
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	250	300	250
सेंट्रल बैंक @	250	450	700
आइडीबीआइ बैंक	3,119	-	-
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	588	-	-
यूनियन बैंक	111	-	-
कुल	5,691	1,200	1,900

@ प्रस्तावित राइट निर्गम में सहभागिता के जरिए
स्रोत: प्रेस सूचना ब्यूरो, भारत सरकार

बैंकों को बिल के इस प्रावधान के अंतर्गत लाने का आधार पर्याप्त नहीं लगता।

बैंकों का पुन:पूंजीकरण

1.34 पूंजी बैंकों को अपने तुलनपत्र में विस्तार करने हेतु आधार के रूप में कार्य करती है। अतः बैंकों को उल्लेखनीय रूप से उच्चतर स्तर पर पूंजी जुटानी होगी ताकि अर्थव्यवस्था की बढ़ती जरूरत के अनुसार पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। 2010-11 के बजट में सरकार ने 8 प्रतिशत से अधिक का टियर I पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाये रखने में बैंकों की मदद करने हेतु 16,500 करोड़ रुपए के पुन:पूंजीकरण का प्रावधान किया है। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में जुलाई 2010 के अंत तक 5,691 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं (सारणी I.3)। डाली गयी पूंजी शाश्वत असंचयी अधिमान शेयरों सहित प्रत्यक्ष इक्विटी तथा संकर टियर I पूंजी के रूप में थी।

उन्नत बासेल II पूंजी व्यवस्था के निहितार्थ

1.35 केन्द्र सरकार द्वारा पुन:पूंजीकरण के अतिरिक्त, बैंकों को अल्पावधि में अपने पूंजी आधार में बढ़ोतरी करते रहना होगा ताकि उच्चतर ऋण वृद्धि को समर्थन दिया जा सके। वर्तमान में, प्रस्तावित नये पूंजी नियमों से बैंकों के उल्लेखनीय रूप से प्रभावित होने की संभावना नहीं है। मार्च 2010 के अंत में 10.1 प्रतिशत की टियर I पूंजी सहित 14.5 प्रतिशत के सीआरएआर की तुलना में उन्नत पूंजी मानदंड कम है। तथापि, कतिपय कटौतियों के टियर I तथा टियर II पूंजी से साधारण इक्विटी में अंतरित किए जाने से थोड़ा प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसके अलावा, प्रतिपक्षी कर्ज जोखिम ढांचा संबंधी परिवर्तनों का बड़ी मात्रा में ओटीसी द्विपक्षीय डेरिवेटिव पोजीशन वाले कुछ भारतीय बैंकों पर पूंजी पर्याप्तता संबंधी निहितार्थ हो सकता है।

1.36 इस बीच, चूंकि बीसीबीएस ने सिद्धांत के रूप में यह स्थिति ली है कि नकदी सहित किसी भी आस्तियों पर लीवरेज अनुपात के मापन हेतु छूट प्राप्त नहीं होगी, अतः लीवरेज की गणना हेतु एसएलआर को नहीं छोड़ा जाएगा। तथापि, प्रस्तावित विनयमन से वर्तमान के निम्नतर लीवरेज अनुपात तथा पर्याप्त टियर I पूंजी एवं सीमित डेरिवेटिव पोजिशन के चलते बैंकों पर दबाव नहीं पड़ेगा। दूसरी ओर, प्रणालीगत जोखिम पूंजी तथा चलनिधि को कवर करने के लिए कुछ बैंकों को अतिरिक्त पूंजी तथा चलनिधि प्रभार बनाये रखने के लिए कहा जा सकता है। अग्रदर्शी प्रतिचक्रीय बफरों से संबंधित प्रस्तावों के संबंध में उपलब्ध राष्ट्रीय विवेकाधिकार के चलते विनियमन के प्रभाव को समग्र ऋण वृद्धि पर पड़ने वाले असर को ध्यान में रखते हुए विचार करना होगा, हालांकि चक्रीय उत्थान के समय बैंकों को ऐसे बफरों का निर्माण करना अधिक कठिन नहीं होगा। भारत के संदर्भ में प्रतिचक्रीय नीतियों के प्रति क्षेत्रगत दृष्टिकोण अपनाना बेहतर होगा और इस दृष्टिकोण ने अब तक बेहतर कार्य किया है। इस बीच, मानक निर्धारण करने वाली संस्थाओं से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग प्रणाली के लिए निर्धारित जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क को सुदृढ़ किया जाना है।

दीर्घावधि वित्तीयन

1.37 बैंकिंग प्रणाली की देयताओं की परिपक्वता के संबंध में अड़चने इसलिए आती हैं कि ये मुख्यतः खुदरा जमाराशियों की और अल्पावधि की होती हैं जिसके कारण बैंकों को ढांचागत जैसे क्षेत्रों की दीर्घावधि वित्तीयन जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई होती है, क्योंकि हाल की प्रवृत्ति से देखा गया है कि ढांचागत क्षेत्र के प्रति बैंकों के उधार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दीर्घावधि वित्तीयन के पक्ष में बैंकों के कर्ज की बदलती संरचना से बैंकिंग प्रणाली में आस्ति

देयता संबंधी असंतुलन की समस्या तीव्र होने की संभावना है। ढांचागत वित्तीयन के लिए व्यक्तिगत तथा समूह एक्सपोजर मानदंडों को और बढ़ाना समुचित नहीं होगा क्योंकि इन्हें पहले ही शिथिल किए गए हैं। आगे, अंतरण (टेक-आउट) वित्तपोषण अथवा अन्य नवोन्मेषी कर्ज प्रोत्साहन व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करने हेतु अतिरिक्त बल दिया जाना चाहिए ताकि दीर्घावधि निधियों की मांग और आपूर्ति के अंतर को कम किया जा सके।

1.38 भारत के बैंकों ने भी जोखिम पूंजी निधि तथा बुनियादी ढांचा निधि जैसे निधियों के निजी स्त्रोतों को प्रायोजित करने तथा उनके प्रबंधन में रुचि दिखाई है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जनवरी 2010 में बैंकों द्वारा इस प्रकार के तुलनपत्र से इतर कार्यों को प्रारंभ करके उनका प्रबंधन करने के संबंध में विवेकपूर्ण मुद्दों पर एक चर्चा पत्र जारी किया गया था। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए जुलाई 2010 में रिज़र्व बैंक ने बंदरगाह, हवाई-पत्तन, पूल सहित सड़क तथा पावर क्षेत्रों द्वारा नई परियोजनाओं के विकास हेतु देशी बैंकों से लिए गए रुपया मुद्रा ऋणों के पुनर्वित्त हेतु बाह्य वाणिज्यिक उधार के अंतर्गत टेक-आउट वित्तपोषण व्यवस्था की अनुमति दी।

1.39 भारतीय रिज़र्व बैंक ने अगस्त 2010 में हितधारकों से प्रतिसूचना प्राप्त करने हेतु क्रेडिट चूक स्वैप(सीडीएस) के दिशानिर्देशों का प्रारूप जारी किया। सीडीएस के लागू हो जाने से बैंकों को एकल उधारकर्ता सकल एक्सपोजर सीमा संबंधी वर्तमान के विनियामक निर्धारण से प्रभावित हुए बिना ऋण का विस्तार करते हुए तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्रों तथा बड़े फर्मों को कर्ज प्रदान करते हुए अपने एक्सपोजर का प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी। कंपनियों की दीर्घावधि जरूरतों के निधीयन से विकसित हो रहे कंपनी ऋण बाजार के विकास में मदद मिलेगी। इस बाजार के विकास हेतु रिज़र्व बैंक ने 1 मार्च 2010 से कंपनी बांडों में रिपो की अनुमति दी।

उधार का पुनर्गठन

1.40 अल्पावधि में अनर्जक आस्तियों के प्रबंधन हेतु उधार के पुनर्गठन का सहारा ऐसे क्रेडिट पात्रता वाले उधारकर्ताओं के संबंध में लिया जाता है जो अप्रत्याशित तथा प्रतिकूल आर्थिक गतिविधियों से प्रभावित होते हैं। बैंकों द्वारा 2009 में किए गए उधार खातों के पुनर्गठन से हानि की जोखिम उत्पन्न हो सकती है जो ब्याज दर में कमी के कारण तथा / अथवा मूल राशि के भुगतान के पुन:सूचीकरण के कारण अग्रिमों के उचित मूल्य में होने वाली आरंभिक कमी के अतिरिक्त होगी। तथापि, देशी तथा वैश्विक आर्थिक स्थिति में हुए सुधार से भविष्य में होने वाली हानियों को सीमित करने में मदद मिलेगी। रिज़र्व बैंक ने बैंकों की सुदृढ़ता को बढ़ाने तथा वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता की दृष्टि से दिसम्बर 2009 में बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया कि चल प्रावधान सहित उनका कुल प्रावधान कवरेज अनुपात 70 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। हालांकि, प्रावधान संबंधी मानदण्ड आस्तियों की हानियों के लिए कुशन का कार्य करते हैं, तथापि इससे बैंकों की लाभप्रदता प्रभावित होती है

1.41 सभी वित्तीय संस्थाओं के समुचित रूप से कार्य करने के लिए चलनिधि का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण घटक है। सुदृढ़ चलनिधि प्रबंधन में आर्थिक, विनियामक अथवा अन्य परिचालनात्मक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए चलनिधि आयोजना की एक प्रक्रिया द्वारा समर्थित आस्तियों और देयताओं (तुलनपत्र में शामिल तथा तुलनपत्रेतर) का विवेकपूर्ण प्रबंधन शामिल है। बैंकों को विशेष रूप से स्थिर खुदरा जमाराशियों को प्रोत्साहन देने तथा उन्हें बनाए रखने के माध्यम से चलनिधि प्रबंधन की एक सुदृढ़ योजना स्थापित करनी होगी।

1.42 अनर्जक आस्तियों (एनपीए) का प्रबंधन बैंकों के प्रमुख कारोबारी उद्देश्यों में से एक है जिसके लिए दिए गए उधारों का समुचित मूल्यांकन, उनकी निगरानी तथा प्रबंधन आवश्यक है। 2009-10 में सकल अनर्जक आस्ति अनुपात में वृद्धि हुई। इसके अलावा आस्तियों की गुणवत्ता में भी गिरावट आयी है, जैसा कि बैंकों के 2009-10 की एनपीए प्रोफाइल में संदिग्ध तथा हानि वाली आस्तियों के अनुपात में हुई वृद्धि से ज्ञात होता है। इस प्रकार, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए मध्यावधि तथा दीर्घावधि में वित्तीय तनाव के लक्षण चिंता के महत्वपूर्ण विषय हैं।

ब्याज दरें

1.43 आशा है कि 1 जुलाई 2010 से प्रारंभ की गयी कर्ज के मूल्यन की आधार दर प्रणाली से कर्ज मूल्यन की पारदर्शिता में बढ़ोतरी होगी। चूंकि उधार दरें तय करने के लिए बैंकों को अधिक छूट दी

गयी है, अतः उदारीकृत प्रणाली में उन्हें अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में कार्य करना होगा। जहां उधार दरों में कम बदलाव की प्रवृत्ति रही है, यह आशा की जाती है कि आधार दर प्रणाली से, जो कि निधि की लागत से जुड़ी है, अधिक लचीलापन आएगा तथा मौद्रिक संचरण के ब्याज दर तथा कर्ज के दोनों चैनलों को सुदृढ़ करेगा। रिज़र्व बैंक की नीतिगत दरों में की गयी वृद्धि से संकेत लेते हुए दिसंबर 2009 से जमाराशियों की ब्याज दरों में बढ़ोतरी हो रही है। आगे चलकर बैंकों के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि वे ऐसी ब्याज दरों पर जमाराशि संग्रहण पर ध्यान देंगे जो खुदरा जमाराशि को बढ़ाने में मदद करेगी।

प्रतिभूतिकरण

1.44 रिज़र्व बैंक ने फरवरी 2006 में मानक आस्तियों के प्रतिभूतिकरण के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए थे। इन दिशानिर्देशों में प्रवर्तक को प्रतिभूतिकरण के समय पहले ही लाभ कमाने की मनाही है। दो अन्य विशेषताएं हैं जो ऋण में की गयी वृद्धि पर न्यूनतम 9 प्रतिशत की पूंजी बनाए रखने तथा कर्ज-वर्धित लेनदेनों की अवधि के दौरान ऋण की मात्रा में बढ़ोतरी न करने से संबंधित हैं। इस प्रकार, भारत में अनियंत्रित प्रतिभूतिकरण हेतु प्रोत्साहन नहीं है जैसा कि अन्य देशों के 'ओरिजिनेट-टू-डिस्ट्रीब्यूट' तथा 'एक्वायर एंड आर्बिट्रेज' मॉडलों में देखा गया है। वित्तीय संकट के अंतरराष्ट्रीय अनुभव, विशेष रूप से प्रतिभूतिकरण तथा तुलनपत्र से इतर लीवरेजिंग के जरिए जोखिमों की अत्यधिक वृद्धि को रोकने में विनियमों की असमर्थता के आलोक में रिज़र्व बैंक ने बैंकों तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं के लिए क्रमशः अप्रैल 2010 तथा जून 2010 में दिशानिर्देशों का प्रारूप जारी किया ताकि उसपर टिप्पणी प्राप्त की जा सके। दिशानिर्देशों के प्रारूप में शामिल दो महत्वपूर्ण विशेषताओं में विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) को आस्ति की बिक्री करने से पहले न्यूनतम धारिता अवधि का निर्धारण तथा प्रतिभूतिकरण से पहले कर्ज के एक न्यूनतम हिस्से का धारण करना शामिल है।

लेखाविधि मानक

1.45 वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए समुचित रूप से तैयार की गयी लेखाविधि प्रथाओं का होना आवश्यक है। तदनुसार, सुदृढ़ विनियमन तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने संबंधी जी-20 समूह ने सिफारिश की है कि लेखाविधि मानक निर्धारकों तथा विवेकपूर्ण पर्यवेक्षकों को मिलकर ऐसे समाधानों की पहचान करनी चाहिए जो वित्तीय स्थिरता तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने के समर्थनकारी लक्ष्य के अनुरूप हों। 2010-11 के वार्षिक नीति वक्तव्य में घोषणा की गयी है कि भारतीय लेखाविधि मानकों (आइएएस) का अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आइएफआरएस) के साथ एकीकरण सुनिश्चित करने के प्रयास के रूप में सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को 1 अप्रैल 2013 की स्थिति का अपना प्रारंभिक तुलनपत्र आइएएस की अपेक्षा के अनुरूप परिवर्तित करना होगा जो आइएफआरएस का अनुपालन करता हो। आइएफआरएस की अपेक्षानुसार वित्तीय विवरणियों का प्रस्तुतीकरण बैंकों के लिए एक चुनौती होगा। वर्तमान में अनुसरण किए जा रहे लेखाविधि सिद्धांतों अर्थात रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सिद्धांतों से आइएफआरएस द्वारा निर्धारित सिद्धांतों की ओर अग्रसर होने का बैंकों की वित्तीय विवरणियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, विशेष रूप से ऋण हानियों के प्रावधान तथा निवेशों की हानि जैसे उन क्षेत्रों में इसका असर काफी होगा जहां उच्च स्तर के सुविचारित निर्णय तथा अगोचर निविष्टियों तथा अवधारणाओं का व्यापक उपयोग जरूरी हो। इसके लिए वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया में उल्लेखनीय परिवर्तन की जरूरत होगी। विशेष रूप से रिज़र्व बैंक के लेखाविधि नियमों के अंतर्गत जहां ऋण हानियों का प्रावधान प्रावधानन दर पर पारम्परिक तरीके से किया जाता है, वहीं इसके विपरीत आइएफआरएस के अंतर्गत प्रत्याशित हानियों का उचित तथा पूर्व आकलन एवं ऋण हानियों के लिए पूर्व प्रावधान की आवश्यकता होती है।

1.46 तथापि, शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों(एनबीएफसी) के संबंध में निवल मालियत के आकार के अनुसार अनुसूची के चरणबद्ध कार्यान्वयन को उचित समझा गया। एकीकरण की प्रक्रिया से जुड़ी कार्य की मात्रा को ध्यान में रखते हुए यह आशा की जाती है कि बैंक तथा अन्य संस्थाएं अपने कौशल, प्रबंधन सूचना प्रणाली एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षमताओं का उन्नयन करने हेतु उचित उपाय करेंगे ताकि आइएफआरएस की जटिलताओं तथा चुनौतियों का प्रबंधन किया जा सके।

वित्तीय समावेशन

1.47 वित्तीय समावेशन को सरकार तथा रिज़र्व बैंक द्वारा उच्चतम प्राथमिकता दी जा रही है और यह नीतिगत एजेंडा का एक केंद्रीय हिस्सा है जिसे विशेष रूप से प्रौद्योगिकीय समाधानों के प्रभावी उपयोग द्वारा उचित लागत पर आगे बढ़ाया जाना है। गरीबों के लिए वित्तीय समावेशन इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह उन्हें अपनी बचत को बढ़ाने, कर्ज प्राप्त करने, निवेश करने और आपातकालीन स्थितियों से निपटने में समर्थ बनाता है। विशेष रूप से ग्रामीण तथा असंगठित क्षेत्रों में ऐसी बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए, जो लोगों के लिए किफायती हो, एक साथ कई सारे उपायों का सहारा लिया गया है जिनमें विनियामक निदेश, कम लागत वाला प्रौद्योगिकीय समाधान तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष प्रोत्साहन एवं नैतिक आग्रह शामिल हैं।

1.48 देश के 600,000 आबादी समूह में से केवल 5 प्रतिशत के पास वाणिज्य बैंक की एक शाखा है। देश की लगभग 40 प्रतिशत आबादी के पास बैंक खाते हैं और देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में यह अनुपात और कम हो जाता है। 13 प्रतिशत लोगों के पास डेबिट कार्ड हैं तथा केवल 2 प्रतिशत लोगों के पास क्रेडिट कार्ड हैं। जैसा कि अध्याय IV में चर्चा की गई है, ओईसीडी के देशों तथा एशिया के चुनिंदा समकक्ष देश समूह की तुलना में वित्तीय विस्तार की दृष्टि से भारत का स्थान नीचे है। वित्तीय समावेशन के संदर्भ में नई संभावनाओं का ऐसे किफायती प्रौद्योगिकीय समाधानों तथा उपयुक्त कारोबारी मॉडलों का उपयोग करके लाभ उठाया जाना चाहिए कि कम राशि के लेनदेन भी अर्थक्षम हो सके।

1.49 रिज़र्व बैंक के प्लैटिनम जयंती वर्ष के दौरान 2009-10 की मुख्य कार्य-योजना विस्तार कार्यक्रम थी जिसका केंद्र बिंदु वित्तीय समावेशन तथा वित्तीय शिक्षण थी। रिज़र्व बैंक ने दूर-दराज के 160 बैंक सुविधा रहित गांवों का शत प्रतिशत वित्तीय समावेशन हेतु चुनाव किया जिनके हरेक परिवार को कम-से-कम एक कर्ज सुविधा प्राप्त होगी, साथ ही वहां प्रभावी शिकायत निवारण तथा जागरूकता बढ़ाने हेतु तंत्र होगा।

वित्तीय स्थिरता

1.50 वित्तीय स्थिरता को बनाए रखना भारत की मौद्रिक नीति के लक्ष्यों में से एक है। रिज़र्व बैंक ने मार्च 2010 में अपनी पहली वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट जारी की जिसका निष्कर्ष था कि वैश्विक वित्तीय संकट से भारत अपेक्षाकृत कम प्रभावित हुआ, क्योंकि यहां की सुदृढ़ विनियामक तथा पर्यवेक्षी नीतियों ने वित्तीय क्षेत्र की आघात-सहनीयता को सुनिश्चित किया था। रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय स्थिरता के निरंतर आधार पर आकलन के लिए बाजार संकेतकों पर आधारित एक वित्तीय तनाव संकेतक का विकास किया गया है।

1.51 भारत में वित्तीय संस्थाएं बीमा, प्रतिभूति तथा उधार देने, पट्टादायी तथा किराया खरीद आदि जैसे गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं के रूप में विभाजित हैं। रिज़र्व बैंक ने अत्यधिक लीवरेज अथवा डबल गियरिंग, विनियामक अंतरपणन, 'इतने बड़े कि इन्हें फेल होने नहीं दिया जा सकता' श्रेणी की संस्थाओं से जुड़ी नैतिक जोखिम, तथा कंपनी समूह की विफलता के जरिए संक्रमण के विस्तार संबंधी चिंताओं के समाधान हेतु एक निगरानी प्रणाली की स्थापना की है। वित्तीय संगुटों के उन्नत पर्यवेक्षण के लिए एक ढांचा पहले से उपलब्ध है, परंतु एसआइएफआइ के लिए समुचित नीतिगत ढांचे के उभरकर आने को ध्यान में रखते हुए इसे परिष्कृत करने की जरूरत है। विशेष रूप से, जहां एसआइएफआइ की स्पष्ट परिभाषा की जरूरत है वहीं अन्य विनियमित संस्थाओं की तुलना में विवेकाधिकारपूर्ण निर्णयों को रोकने के लिए विनियामक प्रावधानों में समुचित रूप से बदलाव किए जाने चाहिए। एसआइएफआइ को 'लिविंग विल' को पूरा करना होगा तथा आकस्मिक निधीयन तथा जोखिम कम करने के उपायों के संबंध में अग्रिम रूप में योजनाएं बनाने की जरूरत होगी। बैंकों की अपने देश की सीमाओं से बाहर बढ़ती उपस्थिति विद्यमान विधिक ढांचे के अंतर्गत जानकारी के आदान-प्रदान सहित प्रभावी सीमा पार पर्यवेक्षण की अपेक्षा रखती है।

1.52 वैश्विक वित्तीय संकट के संदर्भ में अंतर-संबद्धता तथा प्रणालीगत जोखिम संबंधी चिंता के मुद्दे उभरकर आए हैं। इस संबंध में, 2010-11 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुसार वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद(एफएसडीसी) की स्थापना का लक्ष्य वित्तीय समावेशन तथा वित्तीय शिक्षा के साथ-साथ वित्तीय स्थिरता हेतु संस्थागत व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। जहां सरकार तथा वित्तीय विनियामकों के बीच समन्वय का होना जरूरी है वहीं विभिन्न विनियामक प्राधिकारियों के बीच उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निर्धारण भी होना चाहिए, जिससे निर्धारित क्षेत्र में संकट से बचाव के उपाय शीघ्रता से तथा

प्रभावी ढंग से करने में मदद मिलेगी। वैश्विक संकट के बाद विश्व भर में प्रणालीगत निगरानी तथा समष्टि-विवेकपूर्ण विनियमन दोनों के लिए केंद्रीय बैंक पर अधिक दायित्व सौंपने के पक्ष में क्रमशः माहौल बन रहा है। अन्य विनियामकों की तुलना में केंद्रीय बैंक को अधिक उत्तरदायित्व दिया जाना अपेक्षित कार्य करने में उसके सामर्थ्य की वजह से है। तथापि, इस प्रकार के दायित्वों के प्रभावी ढंग से निष्पादन हेतु केंद्रीय बैंक की संस्थागत स्वतंत्रता और स्वायत्तता एक महत्वपूर्ण अपेक्षा है। इस संदर्भ में, प्रतिभूति और बीमा नियम(संशोधन और वैधीकरण) बिल 2010 के हाल के अधिनियमन ने कतिपय चिंताओं को जन्म दिया है। बिल के अंतर्गत परिकल्पित व्यवस्था को परिचालनात्मक रूप देते समय यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि विनियामकों की स्वायत्तता से कोई समझौता न हो चाहे वह वस्तुतः हो अथवा वैचारिक।

वित्तीय क्षेत्र सुधार

1.53 भारत में वित्तीय क्षेत्र सुधार का मुख्य उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता को बनाए रखते हुए कौशल तथा लाभप्रदता में वृद्धि करना है। इन लक्ष्यों के अनुरूप अन्य बातों के साथ-साथ रिज़र्व बैंक ने अब तक कई कार्यों को आगे बढ़ाया है जिनमें विदेशी बैंकों की सहभागिता, बैंकिंग क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय उन्नयन, सरकारी क्षेत्र के बैंकों का पुन:पूंजीकरण, शाखा प्राधिकरण नीति का उदारीकरण, वित्तीय समावेशन हेतु नवोन्मेषी नीतिगत उपायों का अंगीकरण तथा प्रतिचक्रीय विवेकपूर्ण उपायों को लागू करना शामिल हैं। आगे चलकर, वित्तीय क्षेत्र सुधार का फोकस बैंक समेकन, बैंकिंग क्षेत्र की वित्तीय क्षेत्र के अन्य घटकों के साथ आपसी संबद्धता से उत्पन्न प्रणालीगत जोखिम की रोकथाम और विदेशी बैंकों की भागीदारी को और बढ़ाने के लिए भावी मार्ग के निर्धारण पर होगा। विदेशी बैंकों की सहभागिता संबंधी भावी मार्ग के बारे में समीक्षा 2009 में की जानी थी, परंतु वित्तीय संकट के कारण इसे स्थगित रखा गया। भारत में विदेशी बैंकों की उपस्थिति के तौर-तरीकों के बारे में एक चर्चा पत्र तैयार किया जा रहा है।

4. निष्कर्ष

1.54 वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान सामना की गई समस्याओं के बाद विश्व भर की वित्तीय प्रणाली का विनियामक तथा पर्यवेक्षी ढांचा रूपात्मक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। इस संबंध में पहुपक्षीय तथा मानक निर्धारक संस्थाएं, जैसे कि जी-20, आइएमएफ, बीआइएस तथा एफएसबी, इस प्रकार के संकट की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उन्नत विनियामक ढांचे की डिजाइन करने में सबसे आगे रहे हैं। विशेष रूप से, बीसीबीएस द्वारा सितंबर 2010 में घोषित उन्नत बासेल II पूंजी व्यवस्था का यहां उल्लेख किया जा सकता है। यद्यपि, इस व्यवस्था से अल्पावधि में प्रतिकूल समष्टि आर्थिक असर हो सकता है, आशा है कि इससे वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा में वृद्धि होगी जिसका परिणाम सुदृढ़ वृद्धि हेतु दीर्घावधि लाभ के रूप में मिलेगा। भारत में रिज़र्व बैंक अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से संकेत ग्रहण करते हुए बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु कई उपाय कर रहा है। आशा है कि जहां आधार दर प्रणाली की शुरुआत करने जैसे महत्वपूर्ण विनियामक उपायों से ऋण उत्पादों का पारदर्शी व प्रभावी मूल्यन हो सकेगा, वहीं नये बैंक खोलने की अनुमति अनुमति देने के विचार से प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी और वित्तीय समावेशन की गति तेज होगी। प्रौद्योगिकीय पहलों से बैंक रहित क्षेत्रों में कम लागत पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बैंकों द्वारा अनर्जक आस्तियों के प्रबंधन का कार्य, विशेष रूप से पुन:संरचित अग्रिमों की गुणवत्ता में गिरावट आने की संभावना के कारण, चिंता का विषय बना हुआ है। आगे चलकर, बैंकों के लिए चलनिधि के प्रबंधन का कार्य महत्वपूर्ण होगा क्योंकि समष्टि आर्थिक गतिविधियों से मौद्रिक नीतिगत रुख निर्देशित होता है।

अध्याय-II

वैश्विक बैंकिंग गतिविधियां

वैश्विक बैंकिंग उद्योग ने 2008-09 में वैश्विक संकट की पृष्ठभूमि में व्यापक आय हानि और अवलेखनों की हलचलयुक्त अवधि के बाद 2009-10 के दौरान कार्यनिष्पादन में कुछ सुधार दर्शाया। यद्यपि, व्यापक पैमाने के मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों से आर्थिक रिकवरी आई और इक्विटी बाजारों में सुधार से वैश्विक बैंकिंग उद्योग को पूंजी और चलनिधि मजबूत करने और लाभप्रदता सुधारने में सहायता मिली, पर इसके बावजूद, बैंकों की आस्तियों और लाभप्रदता के संबंध में वैश्विक बैंकिंग उद्योग में अधोमुखी जोखिम संबंधी विभिन्न चिंताएं बनी रहीं। विस्तारित बासेल II ढांचे के तहत उच्च पूंजी प्रभार प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए, कुछ क्षेत्रों, विशेष रूप से यूरो क्षेत्रों में ,वैश्विक बैंकिंग उद्योग को आगामी वर्षों में पुन:पूंजीकरण का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि निजी क्षेत्र का निधीयन अवधिपूर्ण हो रहा है और असाधारण सरकारी समर्थन वापस लिया जा रहा है।

1. परिचय

2.1 वैश्विक बैंकिंग उद्योग ने 2008 में वैश्विक वित्तीय संकट के कारण व्यापक आय हानि और अवलेखनों के संदर्भ में भारी हानि के बाद 2009 के दौरान कार्यनिष्पादन में कुछ सुधार दर्शाया। वैश्विक संकट के बाद हुआ एक प्रमुख सकारात्मक कार्य यह था कि 2010 के प्रथम तीन महीनों के दौरान वैश्विक बैंकिंग उद्योग के अंतरराष्ट्रीय दावे 2008 की तीसरी तिमाही के बाद पहली बार बढ़े थे। जहां केंद्रीय बैंकों और राष्ट्रीय प्राधिकारियों द्वारा किए गए मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों ने बैंकिंग उद्योग को पूंजी और चलनिधि की स्थिति सुधारने में मदद की, वहीं 2009 की पहली छमाही में आर्थिक सुधार के बाद आस्ति-मूल्यों में हुई वृद्धि से बैंकिंग उद्योग को लाभप्रदता की स्थिति में आने में सहायता मिली। किंतु, लाभ की गुणवत्ता के संबंध में चिंता बनी रही जो कि मुद्रा-व्यापार और स्थिर-आय लिखतों से प्रेरित थी।

2.2 वैश्विक बैंकिंग कारोबार उसकी संकट के समय की स्थिति से काफी अच्छी स्थिति में होने के बावजूद, जोखिम-मुक्ति के लिए पूंजी के लिए और सामान्य उधार लेने और उधार देने के परिचालन में शामिल होने के लिए व्यापक राशि जुटाने की आवश्यकता निरंतर बनी हुई है। आइएमएफ की विश्व आर्थिक संभावना (डब्ल्यूईओ), जुलाई 2010 के अनुसार, अनुमानित उधार हानि में कमी आने के बावजूद, भावी चूकों की आशंका संबंधी अनिश्चितता संदेह उत्पन्न करती है कि उधार हानि समाप्त हो गई है या नहीं। आगे बढ़ते हुए, निधीयन पक्ष पर दबाव डिलीवरेजिंग के कारण बैंक उधार को बाधित कर सकते हैं जिससे पूंजी और चलनिधि बफर को सुदृढ़ करने की जरूरत रेखांकित होती है। 2009 में वैश्विक बैंकिंग उद्योग की आय में देखी गई वृद्धि सरकारी ऋण संकट के यूरो क्षेत्र तक फैलने से और बैंकों की आय का प्रभावित होना जारी रहने के भय के परिणामस्वरूप 2010 की दूसरी तिमाही में रुक गई।

2.3 बैंक ऑफ इंग्लैड वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर), जून 2010 के अनुसार, निजी क्षेत्र का निधीयन अवधिपूर्ण होने और असाधारण सार्वजनिक समर्थन वापस लिए जाने के कारण आगामी वर्षों में बैंक व्यापक पुन:पूंजीकरण की चुनौतियों का सामना करेंगे। वैश्विक रूप से, अनुमान है कि बैंकों के पास अगले तीन वर्षों में अवधिपूर्ण हो रही मध्य से दीर्घावधि की कम-से-कम 5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की निधि है। अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआइएस) की वार्षिक रिपोर्ट 2009-10 के अनुसार, वैश्विक बैंकिंग प्रणाली भावी हानियों के प्रति भेद्य है और निधीयन बाजारों में विचलन से रुख प्रतिकूल होने की स्थिति में पुनर्वित्तीयन माध्यमों में रुकावट आ सकती है। उसी समय, विस्तारित बासेल II पूंजी व्यवस्था के संबंध में विचारित समवर्ती सुधार और वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने के लिए उठाए जा रहे अन्य विनियामक कदमों का भी बैंकिंग उद्योग पर प्रभाव होगा जिसमें चलनिधि और उधारकर्ताओं के

लिए महंगे कर्ज़ में कमी आएगी। इन सुधारों के प्रभावों का विनिर्णय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा किया गया है जो कि छोड़ दी गई उत्पादन वृद्धि के विभिन्न अनुमान देते हैं (आइआइएफ, 2010; बीआइएस, 2010)।

2.4 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के विपरीत, उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में बैंकिंग प्रणाली संकट के दौरान आघात-सहनीय बनी रही जिसका अपवाद व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से अप्रत्यक्ष प्रभाव था जिससे निर्यात मांग कम हो जाने और विदेशी वित्तीयन की संभावनाएं कम हो जाने से आर्थिक वृद्धि प्रभावित हुई। संकट का प्रभाव क्रमश: कम हो जाने से ईएमई में तेजी से सुधार हुआ और वृद्धि में फिर से तेजी आ गई और वैश्विक मांग को सहारा मिला। ईएमई में पूंजी अंतर्वाह पुन: शुरू हो गए जिससे 2009 के प्रारंभ से इक्विटी बाजारों में काफी सुधार हुआ। अधिकांश ईएमई में बैंकिंग प्रणाली अच्छी तरह से पूंजीबद्ध और लाभदायक बनी रही।

2.5 भारत में, आर्थिक सुधार को रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए विभिन्न मौद्रिक नीतिगत उपायों और सरकार के राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों, जिनका उद्देश्य कुल मांग को प्रेरित करना था, से मजबूती मिली। किंतु, आगे यह दिखता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार दुर्बलता से अधोमुखी जोखिम, विशेष रूप से व्यापार और वित्तीयन चैनलों पर विपरीत प्रभाव के माध्यम से, सामने आती है।

2. वैश्विक समष्टि-आर्थिक परिदृश्य

2.6 वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2009 में 0.6 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2010 की पहली छमाही के दौरान काफी सुधार हुआ। आइएमएफ (डब्ल्यूईओ, अक्तूबर 2010) ने 2010 के लिए वैश्विक वृद्धि पूर्वानुमान को अप्रैल 2010 के 4.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत और जुलाई 2010 में 4.6 प्रतिशत किया और 2011 के लिए 4.2 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान किया जिसमें 2010 की दूसरी छमाही और 2011 की पहली छमाही के दौरान अस्थायी मंदी रहेगी (सारणी II.1)। उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक तेजी से वृद्धि होने का अनुमान है। आइएमएफ के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार के बावजूद, अधोमुखी जोखिम बढ़ी हुई ही है क्योंकि अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाएं और कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाएं अभी भी प्रमुख समायोजनों का सामना कर रही हैं जिसमें घरेलू तुलनपत्रों को मजबूत करने, उच्च सरकारी ऋण को स्थिर करने और बाद में कम करने तथा उनके वित्तीय क्षेत्रों को दुरुस्त करने और सुधारने की आवश्यकता शामिल है। इनमें से अनेक अर्थव्यवस्थाओं में, वित्तीय क्षेत्र आघातों के प्रति अभी भी संवेदनशील हैं और नीतिगत प्रोत्साहन समाप्त होने के कारण वृद्धि कम हो रही है। अधिक सामान्य रूप से, वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिर और मजबूत सुधार दो पुन:संतुलनकारी कार्यों पर निर्भर करता है: राजकोषीय समेकन को अनुमति देते हुए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में निजी मांग को सुदृढ़ करके आंतरिक पुन:संतुलन तथा घाटे वाले देशों में निवल निर्यात में वृद्धि और अधिशेष देशों में, विशेष रूप से उभरते एशिया में, निवल निर्यात में कमी के जरिए बाह्य पुन:संतुलन। इन पुन:संतुलन कार्यों की सहायता के लिए अनेक नीतियों की आवश्यकता है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, वित्तीय क्षेत्र की दुरुस्ती और सुधार आवश्यक है ताकि सुदृढ़ कर्ज़ वृद्धि की बहाली हो सके और राजकोषीय समायोजन 2011 में शुरू होना जरूरी है जिसमें राजकोषीय नीतिगत प्रयासों के लिए नई संभावनाएं तैयार करने के लिए भावी बजट घाटा कम करने की विशिष्ट योजनाएं होंगी। ईएमई में नीतियों द्वारा वृद्धि के देशी स्रोतों को और विकसित करके, ढांचागत सुधारों और कुछ मामलों में विनिमय दर में अधिक लोच के माध्यम से वैश्विक मांग को पुन:संतुलित किए जाने में मदद मिलनी चाहिए।

3. वैश्विक वित्तीय बाजार

2.7 मौद्रिक स्थिति सुगम बनी रही, जिसमें केंद्रीय बैंक की नीतिगत दर अपेक्षाएं निम्न स्तर पर बनी रहीं। अप्रैल 2010 तक, उन्नत और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय बाजारों ने अच्छा सुधार दर्शाया। अंतर-बैंक उधार दर और विकासशील देशों की बांड-स्प्रेड लगभग सामान्य स्तर पर लौट आई। उच्च आय और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में शेयर

सारणी II.1: वैश्विक आर्थिक संभावना (डब्ल्यूईओ) के पूर्वानुमानों का विहंगावलोकन

(प्रतिशत)

	साल-दर-साल					ति4 की तुलना में ति4		
	वास्तविक	पूर्वानुमान (अक्तूबर 2010)		जुलाई 2010 के डब्ल्यूईओ पूर्वानुमान से अंतर		अनुमान	पूर्वानुमान	
	2009	2010	2011	2010	2011	2009	2010	2011
1	2	3	4	5	6	7	8	9
वैश्विक उत्पादन [1]	**-0.6**	**4.8**	**4.2**	**0.2**	**-0.1**	**2.0**	**4.3**	**4.4**
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	**-3.2**	**2.7**	**2.2**	**0.1**	**-0.2**	**-0.4**	**2.4**	**2.5**
अमरीका	-2.6	2.6	2.3	**-0.7**	**-0.6**	0.2	2.2	2.7
यूरो क्षेत्र	-4.1	1.7	1.5	**0.7**	**0.2**	-2.0	1.9	1.4
इंग्लैंड	-4.9	1.7	2.0	**0.5**	**-0.1**	-2.9	2.8	1.6
अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	-1.2	5.4	3.7	**0.8**	**0.0**	3.2	4.2	4.7
नई औद्योगीकृत एशियाई अर्थव्यवस्थाएं	-0.9	7.8	4.5	**1.1**	**-0.2**	6.1	5.2	6.6
उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं[2]	**2.5**	**7.1**	**6.4**	**0.3**	**0.0**	**5.6**	**7.0**	**7.0**
मध्य और पूर्वी यूरोप	-3.6	3.7	3.1	**0.5**	**-0.3**	1.8	2.9	4.3
ब्राजील	-0.2	7.5	4.1	**0.4**	**-0.1**	4.4	5.6	4.5
रूस	-7.9	4.0	4.3	**-0.3**	**0.2**	-2.9	3.2	5.0
भारत	5.7	9.7	8.4	**0.3**	**0.0**	7.3	10.3	7.9
चीन	9.1	10.5	9.6	**0.0**	**0.0**	11.4	9.9	9.6
एशियन-5[3]	1.7	6.6	5.4	**0.2**	**-0.1**	5.1	5.0	6.8
मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका	2.0	4.1	5.1	**-0.4**	**0.2**	...	...	...
मेक्सिको	-6.5	5.0	3.9	**0.5**	**-0.5**	-2.3	3.1	4.5

'...' : अनुपलब्ध

टिप्पणी: 1. तिमाही अनुमान और पूर्वानुमान वैश्विक क्रय-शक्ति-समता भारांक के 90 प्रतिशत हैं।
2. तिमाही अनुमान और पूर्वानुमान उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लगभग 79 प्रतिशत हैं।
3. इंडोनेशिया,मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलैंड और वियतनाम।

स्रोत: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (2010), वैश्विक आर्थिक संभावना अपडेट, अक्तूबर।

बाजारों ने हानि का अधिकतर भाग कवर कर लिया और अधिकांश विकासशील देशों की मुद्राओं ने डॉलर के प्रति उनका संकट-पूर्व स्तर प्राप्त कर लिया, जिनमें से कुछ में मूल्यवृद्धि भी हुई थी। जहां अत्यधिक बाजार तनाव कम हो गए, वहीं बाजार विश्वास 2010 के मध्य तक कम हो गया क्योंकि सरकारी ऋण संकट के कारण नवींकृत निधीयन बाधाएं उभरी थीं। आइएमएफ का एकीकृत अस्थिरता सूचकांक, जिसमें विभिन्न शेयर बाजारों के सूचकांकों पर ऑप्शन, ब्याज दर और विनिमय दर से आई निहित अस्थिरता शामिल होती है, मई 2010 में तेजी से बढ़ गया। जुलाई 2010 तक, बाजार तनाव कुछ कम हो गया था और अमरीकी खजाना, जर्मन बांड जैसी सुरक्षित आस्तियों और सोने का मूल्य बढ़ गया जिससे मुद्रा बाजार में मात्रा कम हो गई। 2010 के शुरुआती भाग में यूरो क्षेत्र में सरकारी जोखिम की गहनता ने भी मई 2010 के अंत तक कुछ कमी के चिह्न दिखाए जिसमें यूरोपीय स्थिरता निधि और ईसीबी के चलनिधि सहायता कार्यक्रम की घोषणा शामिल थी। किंतु, स्पेन और इटली जैसे व्यापक रोलओवर की आवश्यकता वाले देशों की सरकारी स्प्रेड लगातार काफी ऊंचे स्तर पर बनी रही।

मुद्रा बाजार

2.8 जबकि 2008 में मुद्रा बाजार की मात्रा में गिरावट चलनिधि की जमाखोरी, और प्रतिपक्षी तथा संपार्श्विक चिंताओं के कारण हुई थी, वहीं 2009 के दौरान विश्व भर में केंद्रीय बैंकों और सरकारों द्वारा की गई अपूर्व नीतिगत कार्रवाई से निधीयन दबाव और प्रतिपक्षी चिंताएं कम होकर मुद्रा बाजार की स्थिति स्थिर करने में सफलता मिली। अंतर-बैंक बाजार 2010 की पहली तिमाही में सक्रिय हो गए जैसा कि लिबोर और ओवर नाइट इंडेक्स स्वैप के बीच स्प्रेड कम होने से पता

चार्ट II.1: वैश्विक मुद्रा बाजार





चला था (चार्ट II.1)। लगातार मात्रात्मक कर्ज़-सुगमता, चलनिधि सहायक उपाय और सरकारी गारंटीयुक्त निधीयन कार्यक्रमों ने अल्पावधि मुद्रा बाजारों के कार्यों में सुधार के लिए सहायता की और प्रतिभूतिकृत बाजार में कुछ सुधार हुआ। परिणामस्वरूप, पहले देखी गई स्प्रेड की तेज कड़ाई को उलटते हुए मौद्रिक और वित्तीय स्थिति सुगम हुई। इसके साथ-साथ, आस्ति-मूल्यों में आस्ति श्रेणियों के दायरे में लगातार सुधार होने से बाजार और चलनिधि की जोखिमें भी कम हो गई थीं। लिबोर-ओवरनाइट इंडेक्स स्वैप (ओआइएस) स्प्रेड अप्रैल 2010 के अंत तक कम हो जाने के बावजूद, ऐसे संकेत दिख रहे थे कि मुद्रा बाजार अब तक सामान्य कार्य-स्थिति में नहीं आ पाया था। यह इस बात से स्पष्ट था कि लिबोर और यूरीबोर पैनल बैंकों के योगदान से उनके संबंधित बेंचमार्क संकट पूर्व स्थिति से अधिक विस्तारित बने हुए थे। बाद में, 2010 के मध्य के आसपास सरकारी ऋण संकट के विस्तार से बढ़ी हुई प्रतिपक्षी चिंताओं के कारण गंभीर अंतर-बैंक निधीयन तनाव उत्पन्न हुआ जिससे दीर्घावधि लिबोर-ओवर नाइट इंडेक्स स्वैप (ओआइएस) स्प्रेड बढ़ गया।

सरकारी स्प्रेड

2.9 व्यापक राजकोषीय प्रोत्साहन, वित्तीय बचाव पैकेज और कर राजस्व में गिरावट के संयुक्त प्रभाव से ऐतिहासिक व्यापक सरकारी बजट घाटा हुआ और अधिकांश औद्योगिक देशों में, विशेष रूप से यूरोजोन में वास्तविक और अनुमानित सरकारी ऋण के स्तर बढ़ गए। चिंताएं ग्रीस की राजकोषीय स्थिति पर केंद्रित हो गईं किंतु पुर्तगाल और स्पेन जैसे अन्य देशों तक फैल गईं जो उच्च राजकोषीय घाटे और स्पर्धात्मकता की कमी का सामना कर रहे थे। ग्रीक सरकारी बांड आय और सीडीएस स्प्रेड दिसंबर 2009 में बढ़ने लगे और अप्रैल 2010 के अंत में चरम पर पहुंच गई जब स्टैंडर्ड और पूअर्स ने ग्रीक ऋण का दर्जा घटाकर उसे 'जंक' स्टेटस प्रदान की। उसी सप्ताह में, उक्त एजेंसी ने पुर्तगाल और स्पेन संबंधी अपनी रेटिंग कम कर दी जिससे उनके सीडीएस स्प्रेड में तेज वृद्धि हुई। ऊंचे बांडों और सीडीएस स्प्रेड के प्रतिसाद में, ईयू और आइएमएफ ने 750 बिलियन अमरीकी डॉलर के संयुक्त राजकोषीय स्थिरीकरण पैकेज की घोषणा की। इस घोषणा और ग्रीस, स्पेन तथा पुर्तगाल द्वारा प्रस्तावित किफायत के उपायों के कारण सरकारी बांड और सीडीएस स्प्रेड अपने ऊंचे स्तर से नीचे आ गए। अगस्त 2010 के अंत तक, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी कर्ज़ की गुणवत्ता संबंधी चिंताएं फिर से उभरी प्रतीत हो रही हैं। कमजोर सरकारी बांडों के स्प्रेड उनके बेंचमार्क के प्रति उनके 7 मई 2010, अर्थात यूरोपीय वित्तीय स्थिरता सुविधा की घोषणा से एक दिन पहले, के स्तर तक और स्पेन और आयरलैंड के मामले में रेकार्ड स्तर तक बढ़ गए (चार्ट II.2)।

इक्विटी बाजार

2.10 विकसित देशों और उभरते बाजारों के इक्विटी बाजार लगभग एक समान बढ़े जो अधिक एकात्मता दर्शाते हैं (चार्ट II.3)। वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और आर्थिक

चार्ट II.2: यूरो क्षेत्र के संकट वाले देशों के सरकारी सीडीएस स्प्रेड



सुधार के पोषण के लिए राष्ट्रीय प्राधिकारियों द्वारा किए गए असाधारण प्रोत्साहन उपायों से वैश्विक शेयर बाजारों को 2009 में हानियों की भरपाई करने में मदद मिली। किंतु, मार्च 2010 तक सामने आए सरकारी ऋण संकट की गहराई और प्रभाव दिखने से वैश्विक शेयर बाजारों में पुन: दुर्बलता आ गई। भारत सहित उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में इक्विटी बाजारों ने आंतरिक मांग की शक्ति के बल पर आर्थिक संभावनाओं में तेज सुधार के परिणामस्वरूप 2010 की पहली छमाही के दौरान पूंजी अंतर्वाहों और शेयर मूल्यों में तेजी देखी। 2010 की पहली छमाही के अंत तक, विकसित विश्व में सरकारी संकट और आर्थिक सुधार में लगातार कमजोरी के प्रभाव से समग्र वैश्विक अधोप्रवृत्ति आई, हालांकि चुनिंदा बाजारों विशेष रूप से ईएमई में, अब भी मध्यवर्ती ऊर्ध्वप्रवृत्ति थी।

चार्ट II.3: वैश्विक शेयर बाजार



2.11 2009-10 में बैंकिंग शेयरों की प्रवृत्ति ने वैश्विक समष्टि आर्थिक वातावरण की शक्ति और वित्तीय प्रणाली की चुनौतियां दर्शाई (चार्ट II.4)। यूरो क्षेत्र और अमरीका सहित उन्नत अर्थव्यवस्था में, बैंकिंग शेयर अपनी संकट पूर्व की स्थिति पर नहीं पहुंच पाए। किंतु, ईएमई में और विशेष रूप से एशिया में, बैंक शेयरों ने मजबूत तुलन पत्रों और वृद्धि की संभावना के कारण तेज सुधार दर्शाया और वे संकट-पूर्व स्थिति के करीब पहुंच गए।

चार्ट II.4: वैश्विक बैंकिंग शेयर सूचकांक
(अमरीकी डॉलर में)



बैंक सीडीएस बाजार

2.12 औसत बैंक कर्ज़ चूक स्प्रेड अप्रैल 2009 के प्रारंभ में अमरीका, यूके और यूरो क्षेत्र के बैंकों के संबंध में तेजी से बढ़ी किंतु बाद में 2009 की अधिकतर अवधि के दौरान लगातार कम हुई (चार्ट II.5)। अमरीकी बैंकों के लिए सीडीएस स्प्रेड 2010 में लगातार कम बने रहे। यूरो क्षेत्र के बैंकों के संबंध में सीडीएस स्प्रेड अप्रैल 2010 के आरंभ से तेजी से बढ़े जो सरकारी ऋण संकट यूरोप तक पहुंच जाने के प्रभाव संबंधी अनिश्चय और संकटयुक्त देशों में यूरो क्षेत्र के बैंकों के एक्सपोजर की पहचान होना दर्शाता है। सर्वाधिक प्रभाव उन बैंकों की कर्ज़ का स्प्रेड पर पड़ा जिनके मुख्यालय उन देशों में और विशेष रूप से ग्रीस, पुर्तगाल और स्पेन में थे जिनकी मानी हुई कर्ज़ क्षमता अत्यधिक प्रभावित हुई थी। भारत में, 2008 में दवाब में आए कुछ बैंकों के सीडीएस स्प्रेड ने 2009-10 के दौरान काफी कमी की प्रवृत्ति दर्शाई।

कर्ज़ बाजार

2.13 वैश्विक संकट के परिप्रेक्ष्य में, निजी क्षेत्र को बैंक कर्ज़ की वृद्धि में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट आई, सरकारी क्षेत्र द्वारा सहायता प्राप्त उनके बाहर के प्रतिभूतिकरण बाजार कमजोर बने रहे और कम गुणवत्ता वाले उधारकर्ताओं की पहुंच पूंजी बाजार के निधीयन में बंद हो गई। अपारंपरिक नीतियों का लक्ष्य अंतिम उधारकर्ताओं को कर्ज़ देने को पुनरुज्जीवित करना होने के बावजूद, बैंक उधार सीमित बने रहे (सारणी II.2)। कर्ज़ और मात्रात्मक सुगमता की नीतियों के बावजूद, उधार दरों के प्रतिनिधित्व वाले वैश्विक वास्तविक निजी उधार और

चार्ट II.5: बैंकों का सीडीएस स्प्रेड





सारणी II.2: निजी क्षेत्र को बैंक उधार में वृद्धि

(प्रतिशत)

तिमाही	अमरीका	यूके	फ्रांस	जर्मनी	जापान	इटली	ग्रीस	स्पेन	चीन	रूस	ब्राजील	मेक्सिको	भारत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
ति1 2007	11.8	13.0	10.0	0.5	1.0	12.9	16.8	24.0	16.3	51.0	34.4	29.1	25.7
ति2 2007	10.3	11.1	11.7	-0.5	0.7	12.3	20.6	22.4	17.6	53.2	33.7	28.4	23.3
ति3 2007	11.3	13.1	13.4	-0.8	0.7	10.6	15.2	20.2	19.5	54.5	40.9	30.5	20.1
ति4 2007	11.2	12.9	13.4	0.8	0.1	19.7	21.8	16.7	19.3	50.9	36.6	27.3	20.4
ति1 2008	12.4	12.2	13.8	1.4	1.2	18.4	26.1	14.3	17.7	49.9	33.8	18.8	21.6
ति2 2008	10.6	13.4	11.3	2.6	2.0	17.9	18.2	11.3	15.4	45.5	30.5	14.7	25.1
ति3 2008	8.2	12.0	8.5	4.2	1.8	18.1	13.1	8.6	14.1	41.3	27.5	6.1	24.5
ति4 2008	8.1	13.1	6.2	5.1	4.1	7.5	25.3	6.4	14.0	35.9	30.1	5.5	22.3
ति1 2009	3.3	13.7	2.5	4.7	3.6	7.6	9.6	4.0	23.6	29.3	18.2	8.6	16.7
ति2 2009	2.1	7.9	0.5	4.7	2.5	5.4	1.6	1.5	30.2	16.5	16.3	4.2	14.3
ति3 2009	-2.2	5.1	-1.0	1.9	1.6	2.5	-3.4	-0.1	32.1	8.3	7.7	4.7	11.9
ति4 2009	-7.8	2.8	-0.7	0.4	-1.2	2.3	-19.5	-1.6	33.1	1.9	5.3	-0.2	12.1
ति1 2010	-8.0	5.0	1.2	-1.2	-2.0	0.3	-15.8	-1.7	24.8	-1.1	8.5	-0.6	17.1
ति2 2010	-2.7	5.9		-1.2	-2.1	3.7	4.2	-0.6	20.1	5.9	14.9	3.0	

टिप्पणी : वृद्धि दर एक वर्ष पूर्व की संबंधित तिमाही की तुलना में है।
स्रोत: डाटास्ट्रीम, आइएमएफ, आइएफएस।

आवास, उपभोक्ता और कंपनी कर्ज़ और प्रतिभूतियां, बकाया कर्ज़ के संबंधित हिस्से से भारांकित, अप्रैल 2009 से स्थिर बने रहे। इसके अलावा, सरकारी क्षेत्र का हस्तक्षेप, जिससे निजी क्षेत्र की जोखिम कम हो गई थी, से सरकारी क्षेत्र की ऋणग्रस्तता और राजकोषीय विफलता बढ़ गई। किंतु, अक्तूबर 2009 तक, बाजार और चलनिधि जोखिम कम हो गई क्योंकि अंतरबैंक बाजारों और निजी थोक निधीयन बाजारों के कुछ चैनल फिर से खुल गए थे और प्रणालीगत बिखराव की चिंताएं और आर्थिक विफलता कम हो जाने से बाजार अस्थिरता कम हो गई। वित्तीय संस्थाएं निधीयन के लिए सरकार पर पूर्णत: निर्भर नहीं थीं और वरिष्ठ गैर-जमानती कर्ज़ निधीयन जुटाने में समर्थ थीं। सुदृढ़ बैंकों को किसी भी प्रमुख मुद्रा में मध्यावधि से दीर्घावधि निधीयन प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। किंतु, कुछ दुर्बल बैंक अंतरबैंक या पूंजी बाजारों तक पहुंच बनाने में कम समर्थ थे, उनके लिए मात्र दंडात्मक दर थी।

2.14 आगे, कर्ज़ में सुधार का प्रतिसाद धीमा होगा क्योंकि बैंक अब भी अपने तुलन पत्रों को ठीक करने में लगे हुए थे। निजी कर्ज़ मांग में कुछ सुधार के चिह्न दिखने के बावजूद, सरकारी निधीयन में तेज वृद्धि के लिए यह आवश्यक है कि क्षमता बाधा को दूर करने के लिए नीतिगत उपाय तेजी से किए जाएं। आगामी अवधि में निजी कर्ज़ में वृद्धि लगातार कमजोर बनी रह सकती है क्योंकि वित्तीयन बाधाओं और सरकारी मांग से उधार अतिभारित हो गए हैं। बैंकेतर वित्त बैंक वित्त का मात्र आंशिक विकल्प कोने के कारण सामान्यत: बैंक उधार पर निर्भर रहने वाले हाउसहोल्ड और एसएमई को कर्ज़ बाधा का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय बैंकों ने उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई चलनिधि सहायता की क्रमिक वापसी शुरू करने के कारण कर्ज़ की समग्र स्थिति कमजोर होने की आशंका है।

कंपनी बांड बाजार

2.15 कंपनी बांड बाजार 2010 में अपनी सामान्य कार्यस्थिति में लौटे (आइएमएफ, वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (जीएफएसआर) जुलाई 2010)। किंतु, बैंक कर्ज़ बाजार कड़ा हो जाने के कारण, कंपनी कर्ज़ और आस्ति समर्थित प्रतिभूति स्प्रेड कड़ी हो गई और बैंक कर्ज़ में कमी आने के कारण फर्मों द्वारा विकल्प ढूंढने के कारण निर्गम बढ़ गए। उच्च प्रतिफल वाले निर्गम भी बढ़े किंतु वे उच्च गुणवत्ता के कर्ज़ तक सीमित थे और स्प्रेड ऐतिहासिक रूप से व्यापक था। अल्पावधि ब्याज दरों और निजी उधार दरों के बीच का अंतर संकट की शुरुआत से अपने व्यापकतम स्तर पर होने के बावजूद, कंपनी ऋण और

प्रतिभूतियों की वैश्विक वास्तविक निजी उधार दरें वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में स्थिर हो जाने से निवेशक विश्वास में सुधार होने और प्रतिपक्षी जोखिम कम हो जाने से जोखिम लेने की तैयारी में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखी। किंतु, सरकारी ऋण के प्रसार की जोखिम, जिससे अप्रैल 2010 के दौरान बाजार अस्थिर हो गए थे, से कर्ज़ स्प्रेड का विस्तार गैर-वित्तीय कंपनी बांडों तक हो गया जिससे विशेष रूप से यूरोपीय फर्मों द्वारा बांड निर्गम लगभग बंद हो गया। 2010 की पहली छमाही के दौरान अमरीका में सुधार के चिह्न दिखने से, कंपनी बांड स्प्रेड कुछ कम हो गया (चार्ट II.6)। एशिया, लैटिन अमरीका,यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के उभरते बाजार के देशों में भी मई 2010 से कड़ी वित्तीय स्थिति देखी गई क्योंकि यूरो क्षेत्र में जोखिम बढ़ गई थी जिससे कंपनी बांडों और इक्विटी का निर्गम वास्तव में बंद हो गया था, हालांकि कुछ क्षेत्र अन्य की तुलना में अधिक प्रभावित हुए थे। ये कड़ी स्थितियां जारी रहने से निजी फर्मों को कर्ज़ की उपलब्धता प्रभावित होनी शुरू हुई होती।

4. वैश्विक बैंकिंग गतिविधियां

2.16 वैश्विक बैंकिंग उद्योग संबंधी एक महत्वपूर्ण सकारात्मक गतिविधि यह थी कि 2008 की चौथी तिमाही में शुरू हुई बीआइएस सूचनादाता बैंकों के अंतरराष्ट्रीय तुलनपत्रों का संकुचन 2010 के पहले तीन महीनों के दौरान रुक गया (चार्ट II.7)। बीआइएस (तिमाही समीक्षा, सितंबर 2010) के अनुसार, सुधार यूके और अमरीका के निवासियों पर अंतरराष्ट्रीय दावों में काफी वृद्धि से प्रेरित था। इसे एशिया-पैसिफिक और लैटिन अमरीका तथा कैरिबियन,ऐसे पहले दो क्षेत्र जहां 2009 की दूसरी तिमाही में अंतरराष्ट्रीय उधार में सकारात्मक संकटोत्तर वृद्धि देखी गई थी, पर सीमा पारीय दावों में लगातार वृद्धि से भी सहायता मिली थी। यूरो क्षेत्रों और उभरते यूरोप पर दावे लगातार कम होते रहे। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय रूप से सक्रिय बैंकों ने ग्रीस, आयरलैंड, पुर्तगाल और स्पेन के प्रति अपना एक्सपोजर बढ़ाया जो कि मुख्यत: बढ़ते तुलनपत्रेतर मदों का परिणाम था।

2.17 सामान्यत: सुधर चुकी आर्थिक स्थिति और लेहमन ब्रदर्स की विफलता के बाद संभलने की दीर्घावधि के बावजूद, यूरो क्षेत्र में सरकारी ऋण तनाव उभरने के कारण अप्रैल और मई 2010 में वैश्विक वित्तीय स्थिरता में बाधा उत्पन्न हुई। आइएमएफ ने संकेत दिया कि पीआइआइजीएस (पुर्तगाल, आयरलैंड, इटली, ग्रीस और स्पेन) देशों में अवधिपूर्ण हो रहे बांडों के लिए लगभग 300 बिलियन यूरो की व्यापक पुनर्वित्त की आवश्यकता में अन्य क्षेत्रों तक फैल जाने तथा अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव डालने की शक्ति है। इस प्रकार, पहले ही किए गए व्यापक राष्ट्रीय और उससे अधिक नीतिगत

चार्ट II.6: अमरीकी कंपनी और सरकारी बांड प्रतिफल



चार्ट II.7: बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताओं में परिवर्तन



प्रतिसादों के और निर्णायक अनुपालन को मजबूत करना आवश्यक होगा ताकि वित्तीय प्रणाली में विश्वास भरा जा सके और आर्थिक सुधार की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। आगे बढ़ते हुए, पीआइआइजीएस में व्यापक रोलओवर की आवश्यकता से बांड बाजार पर अलंघनीय दबाव आ जाएगा क्योंकि तीसरी और चौथी तिमाही में शोधन के लिए देय हो रहे बांडों के लिए लगभग 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के निधीयन की आवश्यकता अमरीका, यूके, जापान और यूरोझोन के सामने आ जाएगी। इसका अर्थ यह है कि विशेष रूप से यूरोजोन के बैंकों को संविभागीय जोखिम संभालने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और संभाव्य अस्थिरता ने वित्तीय संस्थाओं के बांडों के प्राथमिक बाजार को पहले ही मंद कर दिया है।

2.18 बीआइएस वार्षिक रिपोर्ट 2009-10 में उल्लेख किया गया है कि बैंकों द्वारा लाभप्रदता पर वापस पहुंचकर 2009 में अपना पूंजी अनुपात मजबूत किया गया (सारणी II.3)। किंतु, बैंकों के लाभ लगातार मुख्यतह निर्धारित आय और मुद्रा परिचालनों से प्राप्त कम गुणवत्ता के राजस्व पर निर्भर बने रहे। आगे, बैंकों को तीन मुख्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, नामत: उनकी देयताओं के बड़े भाग का पुनर्वित्तीयन, सरकारी बैंकों द्वारा आपातकालीन सहायता उपायों पर निर्भरता की समाप्ति और तुलन पत्रीय कमजोरियों को दूर करना और परिचालन लागत घटाना।

2.19 आइएमएफ की अक्तूबर 2009 की जीएसएफआर के अनुमान के अनुसार 2007-10 की अवधि के लिए वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के कुल अवलेखन और उधार-प्रावधान उधार-हानियों की समस्या के कारण लगभग 2.8 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होंगे (सारणी II.4)। अमरीकी बैंकों के लिए अवलेखन और उधार-प्रावधान की आवश्यकता 1.025 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के साथ सर्वाधिक थी जिसके बाद 0.814 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के साथ यूरो क्षेत्र के बैंकों और 0.604 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर के साथ यूके के बैंकों का स्थान था। किंतु, निहित कुल हानि दर 5.0 प्रतिशत से कम होकर 4.1 प्रतिशत रह जाने की अनुमानित गिरावट के कारण अप्रैल 2010 के जीएसएफआर ने अनुमानित वैश्विक अवलेखन और उधार-प्रावधान की मात्रा को 2.8 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर से कम करके 2.3 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर कर दिया। इस कमी के बावजूद, इस बात के कम संकेत हैं कि लेखांकन प्रक्रिया में अंतर, क्षेत्रों के बीच सूचना

सारणी II.3: इक्विटी पर बैंकों के प्रतिलाभ

(प्रतिशत)

देश	2006	2007	2008	2009
1	2	3	4	5
अमरीका	12.3	7.8	0.4	0.9
यूके	8.9	6.2	-10.3	2.6
यूरो क्षेत्र*	13.6	11.9	-8.0	1.2
जापान	8.5	6.1	-6.9	4.7
स्विटजरलैंड	17.7	15.4	5.4	8.2
बेल्जियम	22.4	13.2	-36.5	-2.7
फ्रांस	14.0	9.8	-1.0	8.2
जर्मनी	9.4	6.6	-7.7	-
पुर्तगाल	17.0	16.6	5.7	6.6
इटली	14.3	12.8	4.5	3.6
ग्रीस	12.7	14.8	3.2	-1.5
स्पेन	19.7	20.9	12.6	9.3
ब्राजील	27.3	28.8	15.3	20.4
रूस	26.3	22.7	13.3	4.9
भारत	12.7	13.2	12.5	12.3
चीन	14.9	16.7	17.1	15.1
इंडोनेशिया	22.4	23.2	15.5	18.4
मलेशिया	16.2	19.7	18.5	16.1
फिलीपीन्स	3.2	8.7	6.9	10.8
थाईलैंड	8.5	1.2	10.3	9.5
मेक्सिको	25.9	19.9	15.5	12.8

* यूरो क्षेत्र के बड़े और जटिल बैंकिंग समूहों से संबंधित हैं जैसा कि ईसीबी के एफएसआर, जून 2010 में सूचित किया गया है।

स्रोत: आइएमएफ; ईसीबी।

सारणी II.4: कुल उधार के प्रति बैंकों के गैर-निष्पादक उधार का अनुपात

(प्रतिशत)

देश	2006	2007	2008	2009
1	2	3	4	5
अमरीका	0.8	1.4	2.9	5.4
यूके	0.9	0.9	1.6	3.5
फ्रांस	3.0	2.7	2.8	3.6
जर्मनी	3.4	2.6	2.8	3.3
पुर्तगाल	1.3	1.5	2.0	3.2
इटली	4.9	4.6	4.9	7.0
ग्रीस	5.4	4.5	5.0	7.7
स्पेन	0.7	0.9	3.4	5.1
आयरलैंड	0.7	0.8	2.6	9.0
ब्राजील	3.5	3	3.1	4.2
रूस	2.4	2.5	3.8	9.7
भारत	3.3	2.5	2.3	2.3
चीन	7.1	6.2	2.4	1.6
मेक्सिको	2.0	2.7	3.2	3.1
इंडोनेशिया	6.0	4.1	3.2	3.3
मलेशिया	8.5	6.5	4.8	3.7
पाकिस्तान	6.9	7.6	10.5	12.2
फिलीपीन्स	7.5	5.8	4.5	4.1
थाईलैंड	8.1	7.9	5.7	5.3

स्रोत: आइएमएफ।

देने में विलंब, भावी कमियों का अनिश्चित पथ और बैंकों द्वारा बेचे गए ऋणों की अवधिपूर्णता के विस्तार से हानियों के गुप्त छिपाव के परिणाम स्वरूप कमियों के अनुमानों को घेरती अनिश्चितता के कारण हानियां अंतिम रूप से समाप्त हो गई हैं।

2.20 केंद्रीय बैंक की सहायता और सरकार द्वारा बैंकिंग प्रणाली में पूंजी की आपूर्ति से बढ़ते आस्ति मूल्यों और व्यापार आय से बैंकों को 2009 में संकट से बाहर निकलने और लाभप्रदता की स्थिति में आने में सहायता मिली। बैंक 1,236 बिलियन अमरीकी डॉलर की पूंजी जुटाने में भी समर्थ हुए जिससे 2010 के मध्य तक हुई 1,306 बिलियन अमरीकी डॉलर की वास्तविक हानि की क्षतिपूर्ति हुई। 2009 के अंत तक और बैंकों द्वारा जुटाई गई नई पूंजी के साथ, अमरीकी और यूरोपीय बैंकों की पूंजी संरचना में गुणात्मक सुधार देखा गया क्योंकि निजी कर्ज़ में धीमी वृद्धि और सरकारी प्रतिभूति तथा अन्य चलनिधि आस्तियों में अंतरण के कारण टियर I पूंजी 15 वर्ष के अपने चरम स्तर पर पहुंच गई थी (सारणी II.5)। किंतु, वैश्विक स्तर पर, बैंकिंग प्रणाली को जोखिम हटाने के लिए अब भी व्यापक पूंजी की आवश्यकता है। इस स्थिति में, बासेल II के तहत विस्तारित पूंजी प्रस्तावों का बैंकों के तुलन पत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जिससे चलनिधि और कर्ज़ की उपलब्धता कम हो सकती है जो बैंक केंद्रित अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकती है।

सारणी II.5: जोखिम भारित आस्तियों के प्रति बैंकों की विनियामक पूंजी

(प्रतिशत)

देश	2005	2006	2007	2008	2009
1	2	3	4	5	6
अमरीका	12.9	13.0	12.8	12.8	14.3
यूके	12.8	12.9	12.6	12.9	14.8
जापान	12.2	13.1	12.3	12.4	15.8
फ्रांस	11.3	10.9	10.2	10.5	12.4
जर्मनी	12.2	12.5	12.9	13.6	14.8
पुर्तगाल	11.3	10.9	10.4	9.4	10.5
इटली	10.6	10.7	10.4	10.8	12.1
ग्रीस	13.2	12.2	11.2	9.4	11.7
स्पेन	11.0	11.2	10.6	11.3	12.2
ब्राजील	17.9	18.9	18.7	18.3	18.8
रूस	16.0	14.9	15.5	16.8	20.9
भारत	12.8	12.3	12.3	13.0	13.2
चीन	2.5	4.9	8.4	12.0	11.4
इंडोनेशिया	19.9	20.6	19.2	17.0	17.6
मलेशिया	13.7	13.5	13.2	12.6	15.4
फिलीपीन्स	17.6	18.1	15.7	15.5	15.8
थाईलैंड	13.2	13.6	14.8	13.9	15.8
मेक्सिको	14.3	16.1	15.9	15.3	15.9

स्रोत: आइएमएफ।

अमरीकी बैंकिंग प्रणाली

2.21 अमरीकी वाणिज्य बैंकिंग क्षेत्र 2009 में काफी दबाव में रहा, हालांकि 2009 की पहली तिमाही में ट्रेजरी द्वारा आयोजित तनाव जांच ने निवेशक भावना को जारी रखने और बाजार की अस्थिरता तथा अनिश्चय कम करने में मदद की। फेडरल रिज़र्व और अन्य अमरीकी पर्यवेक्षकों ने मई 2009 में पर्यवेक्षी पूंजी आकलन कार्यक्रम (एससीएपी) संचालित किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रत्येक बैंकिंग संस्था को उस समय स्वयं को मजबूत रखने के लिए कितना अतिरिक्त पूंजी बफर, यदि कोई हो, आवश्यक होगा जिससे यह सुनिश्चित होगा कि अर्थव्यवस्था के आशंका से अधिक दुर्बल हो जाने की स्थिति में बैंक के पास पर्याप्त पूंजी होगी। फेडरल रिज़र्व द्वारा अन्य बैंक पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर मई 2009 में कंपनियों के धारक 19 बड़े अमरीकी बैंकों की तनाव जांच की गई थी जिसके परिणामों से पता चला कि वित्तीय प्रणाली में विश्वास की पुनर्बहाली के लिए 75 बिलियन अमरीकी डॉलर की अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता थी।

2.22 मंद कर्ज़ बाजार के बावजूद, अमरीकी बैंकों की लाभप्रदता 2010 की पहली तिमाही में सुधर गई जैसा कि अनेक बैंकों ने कर्ज़ गुणवत्ता में अस्थायी सुधार दर्शाया था। अमरीकी बैंकों में सभी मुख्य उधार श्रेणियों के लिए आस्ति गुणवत्ता ने 2010 में सामान्य प्रवृत्ति दर्शाई (चार्ट II.8)। विशेष रूप से, सबसे बड़ी बैंक धारक चार कंपनियों ने 2010 की पहली तिमाही में लाभ दर्ज किया क्योंकि व्यापारी राजस्व और कम हानि प्रावधानीकरण से आय में वृद्धि हुई थी। किंतु, क्षेत्रीय और छोटे बैंक लाभप्रदता के संबंध में लगातार संघर्ष करते रहे क्योंकि कोर उधार परिचालनों पर कर्ज़ हानि लगातार अधिक बनी रही। इसके अलावा, छोटे बैंकों की विफलता 2010 में भी लगभग 2009 की गति पर ही बनी रही जो कि मुख्यत: वाणिज्यिक स्थावर संपदा उधार पर कर्ज़ हानियों से प्रेरित थी।

यूरोजोन बैंकिंग प्रणाली

2.23 यूरो क्षेत्र के अनेक बड़े और जटिल बैंकिंग समूह (एलसीबीजी) का वित्तीय निष्पादन उनके तुलन पत्रों को मजबूत

चार्ट II.8: अमरीकी ऋण चूक दर



बनाने के लिए किए गए प्रयासों के आधार पर 2010 की पहली तिमाही में मजबूत हो गया। यूरो क्षेत्र के एलसीबीजी का पूंजी अनुपात भी रखी गई आय की सहायता और सरकारी तथा निजी स्त्रोतों से पूंजी जुटाने के लिए किए गए प्रयासों के कारण 2009 के 10.1 प्रतिशत से बढ़कर 2010 की पहली तिमाही में 10.6 प्रतिशत हो गया। ईसीबी की जून 2010 की एफएसआर द्वारा दिए गए अनुमान के अनुसार, यूरो 515 बिलियन पर 2007 से 2010 की अवधि के लिए यूरो क्षेत्र बैंकिंग क्षेत्र के लिए प्रतिभूतियों और ऋणों पर संभाव्य संचयी अवलेखन दिसंबर 2009 एफएसआर में सूचित यूरो 553 बिलियन से कम था। किंतु, 2010 के प्रारंभिक महीनों में यूरो क्षेत्र में सरकारी कर्ज़ जोखिम संबंधी बाजार चिंता की बढ़ती गहनता ने अनेक जोखिमयुक्त संक्रामक चैनल खोल दिए हैं जिससे मई 2010 तक प्रतिकूल बाजार डायनामिक्स ने आस्ति बाजारों के दायरे को अपने वश में कर लिया। जून 2010 के ईसीबी एफएसआर के अनुसार, वित्तीय प्रणाली के लिए विद्यमान महत्वपूर्ण जोखिमों में निम्न बातें शामिल हैं: (i) निजी निवेश निकल जाने संबंधी मौजूदा या बढ़ते सरकारी वित्त की दीर्घकालिकता संबंधी चिंता, (ii) वित्तीय क्षेत्र और सरकारी वित्त के बीच प्रतिकूल प्रतिसूचना की निरंतरता, (iii) एलसीबीजी की लाभप्रदता में सुधार में विफलता और अर्थव्यवस्था को कर्ज़ के प्रावधानके प्रति प्रतिकूल प्रतिसूचना, (iv) वाणिज्यिक संपत्ति बाजारों और केंद्रीय तथा पूर्वी यूरोपीय देशों के प्रति उधार संबंधी एक्सपोजर पर संकेंद्रण से जुड़ी वित्तीय संस्थाओं की संवेदनशीलता और, (v) समष्टि आर्थिक परिणाम अपेक्षाओं पर खरे उतरने में विफल होने की स्थिति में वित्तीय बाजार अस्थिरता में वृद्धि। बीआइएस वार्षिक रिपोर्ट 2009-10 के अनुसार, यूरोपीय बैंकिंग प्रणाली को अधिक पूंजी की जरूरत है, भले ही विस्तारित बासेल II व्यवस्था के तहत विनियामक पूंजी आवश्यकता में वृद्धि न हुई हो।

यूके बैंकिंग उद्योग

2.24 बैंक ऑफ इंग्लैंड और एक्सचेकर द्वारा विशेष चलनिधि योजना, इक्विटी आपूर्ति, बैंक देयताओं के प्रति कर्ज़ गारंटी योजना और दूषित आस्तियों के लिए आस्ति सुरक्षा योजना के रूप में किए गए अनेक उपायों से यूके के बैंकिंग क्षेत्र में सुधार होने में मदद मिली। यूके के बैंकों की बैंकिंग पुस्तकों में उनकी निहित मार्क-टू-मार्केट हानियां मार्च 2009 में आकलन से लगभग पचास प्रतिशत घट गई। यूके की बैंकिंग प्रणाली के लिए उधार हानि प्रावधान अप्रैल 2010 तक 99 बिलियन अमरीकी डॉलर कम होकर 398 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गए जो निवासी बंधक पर अपेक्षित हानि में सुधार दर्शाते हैं। तदनुसार, 2009 की पहली छमाही के लिए अनुमानित हानि प्रावधान दर को आइएमएफ ने अप्रैल 2010 में संशोधित करके कम कर दिया। यूके की बैंकिंग प्रणाली ने 2009 में मजबूत लाभप्रदता और निवेशकों की जोखिम उठाने की तैयारी में सुधार का लाभ लेकर अपनी पूंजी की स्थिति मजबूत कर ली। यूके के प्रमुख बैंकों ने 2009 की दूसरी तिमाही के दौरान अतिरिक्त कोर टियर 1 पूंजी के अतिरिक्त 50 बिलियन पाउंड से अधिक की राशि जुटाई जिससे संकट के प्रारंभ के समय से कुल राशि 127 बिलियन पाउंड हो गई। 2009 के अंत का 9.6 प्रतिशत का कोर टियर 1 पूंजी अनुपात संकट-पूर्व के स्तर से अधिक हो गया किंतु ऐतिहासिक स्तर की तुलना में कम रहा।

2.25 बैंक ऑफ इंग्लैंड, एफएसआर, जून 2010 के अनुसार, पूंजी और चलनिधि बफर के बावजूद, यूके बैंकों को आगामी समय में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यूके बैंकों को निधीयन की व्यापक राशि का पुनर्वित्तीयन करते समय कठिन

स्थिति में आघात-सहनीयता बनाए रखने की आवश्यकता है। आर्थिक सुधार को सहायता करने के लिए पर्याप्त उधार देने में उनका सामूहिक हित है और अधिक मांग करने वाली भावी विनियामक आवश्यकताएं पूरी करने के लिए उनके लिए यह आवश्यक होगा कि वे भविष्य में पूंजी और चलनिधि के व्यापक बफर निर्माण करें। नया स्वतंत्र बैंकिंग आयोग 2011 में विनियामक और प्रतिस्पर्धा नीति की सिफारिश करेगा जो बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धी उधार को बढ़ावा देगा और छोटे कारोबारियों की उधार तक पहुंच में सुधार करेगा। यूके बैंकों के लिए भविष्य में यह आवश्यक होगा कि वे अधिक मांग करने वाली भावी विनियामक आवश्यकताएं पूरी करने के लिए पूंजी और चलनिधि के व्यापक बफर निर्माण करें।

उभरते बाजार

2.26 लाभ, टियर I पूंजी, लाभांश और बाजार मूल्य के संदर्भ में, उभरते बाजारों के बैंक वैश्विक बैंकिंग उद्योग का लगभग 25 प्रतिशत भाग हैं। उभरते बाजारों के बैंक बचत जुटाने में कुशल होते हैं जबकि पश्चिमी बैंकों ने कारोबारों के वित्तपोषण के लिए काफी उधार लिया था और वित्तीय संकट के समय उन्हें काफी हानि हुई थी। उभरते एशिया के बैंकों ने कम लागत के वित्तपोषण की स्थिति लाने वाली देशी बचतों में तेज वृद्धि और सुगम मौद्रिक नीतियों जैसी समष्टि आर्थिक स्थिति अनुकूल मिश्रण का काफी लाभ लिया। किंतु, भावी उधार और सरकारी बांडों के प्रति एक्सपोजर के कारण भविष्य में उधार और बाजार के जोखिम बढ़ सकती है।

2.27 उभरते बाजार समूह में बृहत्तम अर्थव्यवस्था, चीन में वैश्विक वित्तीय संकट के प्रभावों के बावजूद बैंक उधारों में तेजी देखी जा रही है। विनियामकों की इस चेतावनी के बावजूद कि उधार के बड़े भाग का उपयोग बुनियादी ढांचागत व्यय पर किया जाता है और संपत्ति बाजार की स्थिति बुरी हो सकती है, चीनी बैंकों ने 2008 में जारी नए ऋणों के दुगुने से भी अधिक अर्थात 1,415 बिलियन अमरीकी डॉलर के रेकार्ड उधार 2009 में जारी किए। रेटिंग ऐजेंसी स्टैंडर्ड एंड पूअर के अनुसार, यदि स्थानीय सरकारी वित्तीयन के माध्यमों को दिया गया 30 प्रतिशत उधार अशोध्य हो जाता है तो यह बैंकों के समग्र गैर-निष्पादक उधार अनुपात में 4 से 6 प्रतिशत अंक जोड़ता है जो कि इस समय सम्मानजनक स्तर पर है। चूकों से स्थावर संपदा एक्सपोजर भी प्रभावित हो जाए तो हानि बढ़ सकती है। ऋण उधार देने का कोटा लागू करके बैंक उधार कम करने के विनियामक उपाय का कुछ प्रभाव चीनी अर्थव्यवस्था पर हुआ था और उसकी जीडीपी वृद्धि 2010 की पहली तिमाही के 11.9 प्रतिशत से कम होकर दूसरी तिमाही में 10.3 प्रतिशत रह गई थी। पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने संकेत दिया है कि वह 2010 के लिए अपना कर्ज़ का लक्ष्य 1,127 बिलियन अमरीकी डॉलर बनाए रखेगा। बैंकों से यह भी कहा गया है कि कम कड़ाई से विनियमित न्यासों को बेचे या अंतरित किए गए सभी उधार वापस अपनी पुस्तकों पर लें और 'अनौपचारिक प्रतिभूतिकरण' से दूर रहें। इस उपाय से यह अपेक्षित है कि कुछ बैंक भारी दबाव में आ जाएंगे और भारी मात्रा में कर्ज़ तुलन पत्र से बाहर रहने से उनके लिए पूंजीकरण का एक और दौर आवश्यक होगा। पीपल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा 2008 में जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, चीन में बैंकों के लिए आगे यह आवश्यक होगा कि वे कंपनी संचालन स्थापित करके उसमें सुधार करें, पैमाना नियंत्रण और जोखिम नियंत्रण बढ़ाएं, जोखिम मुआवजा प्रणाली को स्पष्ट करें और मानक बाह्य विनियमन और आकलन प्रणाली स्थापित करें ताकि आर्थिक और सामाजिक विकास में उनकी भूमिका और भी सुदृढ़ हो जाए।

2.28 ब्राजील और रूस जैसे उभरते बाजारों में बैंकों ने अपने बाजार हिस्से में काफी सुधार किया है। बैंकों सेंट्रल डू ब्राजील द्वारा अप्रैल 2010 में जारी एफएसआर के अनुसार, ब्राजील में 2009 के अंत तक आर्थिक सुधार में मजबूती का देशी बैंकिंग प्रणाली में ऋण, चलनिधि, शोधन क्षमता और लाभप्रदता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उच्च स्तरीय चलनिधि आस्तियों को बड़ी मात्रा में धारण करने के कारण ब्राजील की बैंकिंग संस्थाओं की शोधन क्षमता का स्तर 2009 के अंत में ऊंचा बना रहा। बढ़ाई गई पूंजी और अपने पास रखे गए लाभ से बासेल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) में 0.2 प्रतिशत अंक की वृद्धि होने और लीवरेज में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आने में मदद मिली। दबावयुक्त समष्टि आर्थिक वेरिएबल पर आधारित परिदृश्य विश्लेषण ने सूचित किया कि ब्राजील की

बैंकिंग प्रणाली की शोधन क्षमता संगत तरीके से प्रभावित नहीं होगी। इस परिदृश्य में, समग्र प्रणाली सीएआर जून 2011 में 15.0 प्रतिशत पर पहुंचने की संभावना है जो कि 11 प्रतिशत के विनियामक न्यूनतम से काफी अधिक है। बैंकिंग प्रणाली की लाभप्रदता लगातार संतोषप्रद बनी हुई है जो मुख्यत: कारोबार की बढ़ी हुई मात्रा और राजद्व के स्त्रोतों की विविधता का परिणाम है। आय की गुणवत्ता में सुधार हुआ है जिसका कारण लाभ के संयोजन में गैर-परिचालनीय आय की सहभागिता पिछली तिमाहियों में से प्रत्येक में साक्ष्यांकित की तुलना में कम थी।

2.29 रूसी बैंकों ने परंपरागत रूप से जमा राशि जुटाने, कर्ज़ प्रस्तावित करने, लाभ कमाने के लिए जोखिम का प्रबंध करने जैसे कुछ ही कोर कार्य किए हैं और प्रभावी रूप से कार्य किया है ताकि लाभ बढ़ सके। किंतु, चालू संकट ने दर्शाया कि अनेक रूसी बैंकों ने चलनिधि जमा की थी और अपने कोर कार्य ठीक से नहीं किए थे। किंतु, चालू संकट के बावजूद, रूसी बैंकिंग प्रणाली में वृद्धि की मजबूत संभावना निरंतर बनी रही। बैंकिंग सेवाओं के लिए रूसी बाजार व्यापक रूप से प्रतिकूल बना रहा और 2020 तक यह 15 से 20 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। आस्ति प्रबंधन, पट्टे पर देना और बंधक रखना ऐसे कुछ मुख्य वित्तीय उत्पाद हैं जो अगले कुछ वर्षों में रूसी बैंकिंग सेवाओं में वृद्धि के प्रेरक होंगे।

2.30 सामान्य रूप से अन्य उभरती एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में भी अगले दो वर्षों में वृद्धि की संभावना में सुधार के साथ सुधार हुआ, हालांकि धीमी वैश्विक वृद्धि, प्रोत्साहन उपायों की वापसी, अंतरराष्ट्रीय पण्य मूल्यों में तेज वृद्धि और खराब होती राजकोषीय स्थिति ने वृद्धि के सामने बाधा खड़ी कर दी थी।

खाड़ी क्षेत्र का बैंकिंग उद्योग

2.31 खाड़ी क्षेत्र में निवेश बैंकों का निष्पादन जोखिम प्रबंधन में गंभीर कमियों, स्थावर संपदा क्षेत्र के प्रति अति एक्सपोजर और आवर्ती शुल्क आधारित राजस्व के बजाय स्वामित्व निवेश पर पेपर लाभ पर निर्भरता के कारण गंभीर रूप से समझौते की स्थिति में है। खाड़ी क्षेत्र में बैंकिंग उद्योग कई बिलियन डॉलर के निवेश अवलेखन, काम बंदी और अनेक चूकों से हिल गया है जबकि इस तेल संपन्न क्षेत्र में ये बातें अपवादात्मक रूप से ही दिखती थी। अब जबकि क्षेत्रीय आर्थिक सुधार हो रहा है, खाड़ी के बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने कारोबारी मॉडल को अधिक विविधतायुक्त राजस्व स्त्रोतों की ओर पुन:संरचित करें और अल्पावधि थोक निधीयन पर निर्भरता कम करें जो कि दूषित अवधिपूर्णता बेमेल बनाती है।

वित्तीय स्थिरता का नया ढांचा

2.32 स्पष्ट अनुगमन और समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता हाल के वैश्विक वित्तीय संकट से दूर जाने का एकमात्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण मार्ग है। जबकि बहुपक्षीय और मानक बनाने वाले निकाय संशोधित वैश्विक विनियमन के मानदंड स्थापित कर रहे हैं, वहीं विश्व भर के देश वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए नए ढांचे लागू कर रहे हैं (बॉक्स II.1)।

5. समापन

2.33 समापन में, 2009-10 में वैश्विक बैंकिंग उद्योग द्वारा पूंजी, चलनिधि और लाभप्रदता के संदर्भ में देखे गए सुधार के बावजूद, विभिन्न अधोमुखी जोखिमों संबंधी चिंता बनी रही। वैश्विक बैंकिंग उद्योग लगातार आस्ति गुणवत्ता तथा लाभप्रदता सुधारने की दृष्टि से अपने तुलन पत्रों को ठीक करने की चुनौतियों का सामना कर रहा है। विस्तारित बासेल II ढांचे के तहत नए बैंक पूंजी नियमों के अनुसार, बैंकों को उनकी जोखिम भारित आस्तियों का 6 प्रतिशत टियर I की पूंजी रखनी होगी जो कि 4 प्रतिशत की वर्तमान अपेक्षा से काफी अधिक है। किंतु, 2019 तक की विस्तारित अवधि में एक दीर्घ चरण इस चिंता को दूर करेगा कि उधारदाताओं को पूंजी जुटाने के लिए व्यापक प्रयास करने होंगे। बैंकों के लिए टियर-1 पूंजी अपेक्षा का पालन करना अपेक्षित नहीं होगा जिसमें शेयर और अपने पास रखी गई आय शामिल होती है जो कि 2015 तक 4.5 प्रतिशत है। 2.5 प्रतिशत का अतिरिक्त पूंजी संरक्षण बफर 2019 तक रखने की आवश्यकता नहीं होगी। फिर भी, उच्च पूंजी प्रभार के लिए बीसीबीएस के प्रस्ताव के अनुकूल, यूरो क्षेत्र जैसे कुछ क्षेत्रों में बैंकिंग उद्योग को पुन:पूंजीकरण की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, विशेष रूप से तब जब यूरो क्षेत्र के देश भविष्य में राजकोषीय समेकन के प्रयासों में जुट जाएंगे।

बॉक्स II.1: वित्तीय स्थिरता के लिए संस्थागत ढांचे का विकास

दीर्घावधि में वित्तीय स्थिरता के पर्यवेक्षण के लिए सतर्कतापूर्वक अभिकल्पित ऐसे ढांचे का कार्यान्वयन अपेक्षित है जो कारगर हो तथा जिसे कुछ समय में जनता का समर्थन प्राप्त हो। प्रमुख देशों में वित्तीय स्थिरता के लिए संस्थागत ढांचे के पुनःकल्पन का प्रस्ताव किया है।

संयुक्त राज्य: 21 जुलाई 2010 को संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित '2010 का अमरीकी वित्तीय स्थिरता की बहाली अधिनियम' के फलस्वरूप वर्तमान विनियामक ढांचे में परिवर्तन होगा। इन परिवर्तनों से जिन संस्थाओं पर प्रभाव पड़ेगा, उनमें वर्तमान में वित्तीय प्रणाली की निगरानी के कार्य में संलग्न अधिकांश विनियामक एजेंसियां (फेडरल डिपॉजिट इन्शुरन्स कारपोरेशन (एफडीआइसी), सिक्यूरिटीज एक्सचेंज कमीशन, कंट्रोलर ऑफ करेंसी, फेडरल रिज़र्व, सिक्यूरिटीज इन्वेस्टर प्रोटेक्शन कारपोरेशन, आदि) शामिल हैं, तथा ऑफिस ऑफ थ्रिफ्ट सुपरविजन (ओटीएस) का समापन भी शामिल है। विनियामक प्रतिस्पर्धा के निवारण तथा विनियामक कर्तव्यों के स्पष्टीकरण के लिए, उक्त अधिनियम द्वारा विनियामक प्रणाली को तीन अलग-अलग हिस्सों में विभाजित किया गया है, तथा प्रत्येक हिस्सा एक विशेष एजेंसी का प्राथमिक उत्तरदायित्व बन गया है। एफडीआइसी 50 बिलियन अमरीकी डालर के अंतर्गत आस्ति वाले राज्य बैंकों/थ्रिफ्ट के लिए उत्तरदायी है जबकि, मुद्रा नियंत्रण का कार्यालय 50 बिलियन अमरीकी डालर के अंतर्गत आस्ति वाले राष्ट्रीय बैंकों/थ्रिफ्ट के लिए उत्तरदायी है। अन्य सभी बैंक/थ्रिफ्ट, बैंक धारक कंपनियां (तथा आवश्यक समझी गयी संस्थाएं) फेडरल रिज़र्व की जिम्मेदारी होंगी। फेडरल रिज़र्व द्वारा कुछ बैकेतर वित्तीय कंपनियों तथा उनकी सहायक संस्थाओं का भी पर्यवेक्षण उसी रूप में तथा उसी सीमा तक किया जाएगा जैसे कि वे एक बैंक धारक कंपनी हों। उक्त अधिनियम द्वारा गठित तीन नयी एजेंसियों में शामिल हैं - (i) फाइनैंशियल स्टॅबिलिटी ओवरसाइट कौंसिल (एफएसओसी), (ii) ऑफिस ऑफ फाइनैंशियल रिसर्च (ओएफआर) तथा (iii) ब्यूरो ऑफ कंज्यूमर फाइनैंशियल प्रोटेक्शन (बीसीएफआर)।

एफएसओसी तथा ओएफआर राजकोष विभाग से संबद्ध होंगे तथा राजकोष सचिव एफएसओसी के अध्यक्ष होंगे, ओएफआर की अध्यक्षता के लिए सिनेट की पुष्टि के साथ राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति की जाएगी। दूसरी ओर, बीसीएफआर फेडरल रिज़र्व सिस्टम के भीतर रहेगा, तथा इसे संघीय कानून के अनुपालन में उपभोक्ता वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं के विनियमन का कार्य सौपा जाएगा, इससे यह अपेक्षित होगा कि यह सिनेट बैंकिंग कमिटी तथा हाउस फाइनैंशियल सर्विसेज कमिटी को रिपोर्ट करे।

उक्त विधान द्वारा फेडरल रिज़र्व को 'संयुक्त राज्य की वित्तीय स्थिरता के प्रति मौजूद जोखिमों की पहचान करने, उसकी माप करने, उस पर निगरानी रखने तथा उनका प्रशमन करने' का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। फेडरल रिज़र्व द्वारा उनके पर्यवेक्षण के तहत आने वाली संस्थाओं के लिए विवेकपूर्ण मानक तैयार किया जाना जारी रखा जाएगा, जिनमें पूंजीगत अपेक्षा, लीवरेज अनुपात, चलनिधि संबंधी अपेक्षाएं आदि शामिल हैं।

यूनाइटेड किंगडम: 1997 में यूके ने बैंकिंग क्षेत्र के पर्यवेक्षण को केंद्रीय बैंक, फाइनैंशियल सर्विसेज अथॉरिटी (एफएसए) तथा ट्रेजरी के बीच विभाजित किया। तथापि, हाल के संकट के दौरान वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में इस मॉडल की प्रभावहीनता को देखते हुए, उक्त देश ने अब फाइनैंशियल सर्विसेज अथॉरिटी (एफएसए) की जिम्मेदारियों को विभाजित करने के लिए 'ट्विन पीक्स' मॉडल के प्रस्तावित कार्यान्वयन के साथ वित्तीय विनियमन के ढांचे को सुधारने का निर्णय लिया है। एफएसए की जिम्मेदारी को बैंक ऑफ इंग्लैंड के तहत मौजूद एक नए विवेकशील विनियामक तथा एक नए उपभोक्ता संरक्षण एवं बाजार प्राधिकरण के बीच विभाजित किया जाएगा। इन परिवर्तनों में बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति संबंधी भूमिका के अलावा वित्तीय प्रणाली में जोखिम के निर्माण को रोकने में उसकी भूमिका पर फोकस किया जाएगा। साथ ही, इन सुधारों में समष्टि विवेकशील पर्यवेक्षण के साथ वित्तीय नीति समिति गठित करने का भी प्रस्ताव है ताकि आस्ति संबंधी बुलबुलों के निर्माण को रोका जा सके और प्रणालीगत जोखिम का प्रबंधन किया जा सके। विवेकशील विनियामक प्राधिकरण तथा वित्तीय नीति समिति दोनों गवर्नर, बैंक ऑफ इंग्लैंड की अध्यक्षता में कार्य करेंगे जिससे वे अलग-अलग बैंकों तथा वित्तीय प्रणाली दोनों के पर्यवेक्षण के केंद्र में होंगे।

यूरोपियन यूनियन: यूरो क्षेत्र में, जहां यूरोपियन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) मौद्रिक नीति, विदेशी मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप तथा अंतरराष्ट्रीय एवं यूरोपीय सहयोग का प्रभारी है, वहीं वित्तीय स्थिरता की निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए अलग प्रक्रियाएं मौजूद हैं। वर्तमान में, कमिटी ऑफ यूरोपीयन बैंकिंग सुपरवाइजर्स (सीईबीसी) द्वारा यूरोपियन कमीशन को बैंकिंग पर्यवेक्षण संबंधी नीतिगत एवं विनियामक मुद्दों पर सलाह दी जाती है। 2009 से, सीईबीसी को यह कार्य सौंपा गया है कि वह बैंक क्षेत्र का नियमित विश्लेषण करे तथा बैंकिंग क्षेत्र की जोखिमों एवं उसकी असुरक्षितताओं का आकलन करे और इसके परिणामों की सूचना आवधिक तौर पर यूरोपियन यूनियन की राजनैतिक संस्थाओं को दे। तथापि, इस बात की जरूरत महसूस की गयी कि समग्र ईयू वित्तीय प्रणाली का समष्टि-विवेकशील पर्यवेक्षण करने के लिए एक निकाय स्थापित करके व्यष्टि और समष्टि-विवेकशील पर्यवेक्षण के बीच अंतर-क्रिया में सुधार लाया जाए। अतः ईयू ने यूरोपियन सिस्टेमिक रिस्क बोर्ड (ईएसआरबी) की स्थापना का प्रस्ताव किया है जो ईयू में समष्टि-विवेकशील पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेवार होगा। ईएसआरबी की कार्यसूची पर एक महत्वपूर्ण विषय 'प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं' (एसआइएफआइ) से संबंधित है।

भारत: अगस्त 2010 में प्रतिभूति तथा बीमा विधि (संशोधन और वैधीकरण) विधेयक पारित कर दिया गया जिसमें सरकार को शीर्ष वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद के गठन का अधिकार दिया गया जिसके प्रमुख वित्त मंत्री होंगे। इस परिषद का प्रयोजन वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रणाली का संस्थानीकरण करना और अंतर-विनियामक विवादों का निपटान करना है। इस परिषद की एक उप-समिति होगी जो वित्तीय स्थिरता और अंतर-विनियामक समन्वय करेगी और इसके प्रमुख रिज़र्व बैंक के गवर्नर होंगे। विनियामकों के बीच की किसी भी असहमति को दूर करने के लिए यह उप-समिति पहला पड़ाव होगी।

संकट के बाद के परिदृश्य में, वित्तीय स्थिरता के लिए विनियामक व्यवस्था के पसंदीदा ढांचे के बारे में विभिन्न देशों के बीच अलग-अलग राय है।

अध्याय-III

नीतिगत वातावरण

2009-10 के दौरान वित्तीय क्षेत्र का नीतिगत ढांचा विवेकपूर्ण नियंत्रणों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाए गए अनेक वैश्विक पहलों द्वारा मार्गदर्शित था ताकि भविष्य में संकट को टाला जा सके। पूंजी प्रभारों और चलनिधि संबंधी अपेक्षाओं में वृद्धि के निर्धारण, विनियमात्मक एवं पर्यवेक्षणात्मक प्रथाओं में सुधार तथा राष्ट्रीय क्षेत्राधिकारों के बीच सीमापार के सहयोग सहित प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं के समाधान पर जी-20 तथा अन्य मानक-निर्धारक निकायों द्वारा समंजित तौर पर फोकस किया गया है। वर्ष 2009-10 के दौरान, भारत में नीतिगत माहौल की विशेषता थी - वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता तथा दक्षता में सुधार लाने, वित्तीय समावेशन तथा स्थिरता के लक्ष्य से किए गए प्रयास। साथ ही, अर्थव्यवस्था में आई रिकवरी को देखते हुए रिज़र्व बैंक ने आर्थिक रिकवरी, वित्तीय स्थिरता तथा समावेशन को प्रोत्साहित करना जारी रखते हुए मुद्रास्फीतिकारी चिंताओं का समाधान करने के लिए मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण के बारे में उपाय किए। सामान्य तौर पर वित्तीय बाजारों में वर्ष के दौरान बीच-बीच में सुधार दिखाई दिए, परंतु फिर भी उनमें स्थिरता बनी रही। भारत सरकार तथा रिज़र्व बैंक ने विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों तथा सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को कर्ज का प्रवाह सुगम बनाने के लिए तथा स्वरोजगार बढ़ाने के लिए उपाय किए। फोकस वाले सात राज्यों में वित्तीय साक्षरता और समावेशन में सुधार लाने के लिए की गयी पहलें नीतिगत कार्यसूची का महत्वपूर्ण हिस्सा थीं। बैंकों में धोखाधड़ी, विदेशी परिचालनों, वित्तीय संगुटों, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग तथा प्रौद्योगिकी जोखिम से सरोकार रखने वाली चिंताओं से संबंधित पर्यवेक्षणात्मक प्रथाओं का भी समाधान किया गया। साथ ही, ग्राहक सेवा तथा भुगतान और निपटान प्रणाली की दक्षता सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया गया। महत्वपूर्ण विधिक उपायों में, अंतर-विनियामक मतभेदों का समाधान करने के लिए संयुक्त प्रक्रिया के प्रावधान के लिए संसद द्वारा पारित प्रतिभूति और बीमा विधि (संशोधन तथा वैधीकरण) विधेयक शामिल है।

1. प्रस्तावना

3.1 2008-09 की तुलना में 2009-10 के दौरान, रिज़र्व बैंक का नीतिगत फोकस संकट के प्रबंधन से हटकर रिकवरी के प्रबंधन की ओर चला गया। 2009-10 के आरंभ तक, यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय वित्तीय प्रणाली के प्रति संसर्ग की जोखिम न्यूनतम थी, हालांकि वास्तविक अर्थव्यवस्था में कमजोरी बने रहने से वित्तीय प्रणाली पर कुछ तनाव आया। तीव्रतर रिकवरी के लिए, साल की पहली छमाही के दौरान वृद्धि-समर्थक राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति संबंधी रुख जारी रहा। जीडीपी के पहले वित्तीय बाजार संबंधी कार्यकलापों में सुधार आया तथा पूंजीगत अंतर्वाह वापस आने के साथ रुपए में भी मूल्यवृद्धि हुई। 2009-10 की दूसरी छमाही में वृद्धि की प्रक्रिया के पुनर्जीवित होने के संकेतों के साथ, रिज़र्व बैंक ने अक्तूबर 2009 तथा उसके बाद से निभावकारी मौद्रिक नीति और तदर्थ उपायों से सुविचारित निकासी की प्रक्रिया शुरू की।

3.2 इस पृष्ठभूमि में, इस अध्याय में 2009-10 (मार्च-अप्रैल) तथा 2010-11 में अब तक रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए महत्वपूर्ण नीतिगत उपाय बताए गए हैं। इस अवधि के दौरान किए गए मौद्रिक नीति संबंधी उपायों का संक्षिप्त उल्लेख खण्ड 2 में किया गया है, जिसके बाद कर्ज की सुपुर्दगी के क्षेत्र में शुरू किए गए पहलों की समीक्षा खण्ड 3 में की गयी है। खण्ड 4 में वित्तीय समावेशन के संवर्धन के लिए शुरू किए गए विभिन्न उपायों के ब्यौरे दिए गए हैं। विवेकपूर्ण विनियमन और पर्यवेक्षण के क्षेत्र में शुरू किए गए उपाय खण्ड 5 तथा 6 में दिए गए हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) संबंधी पहलें खण्ड 7 में दी गयी हैं। सहकारी बैंक - शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी) तथा ग्रामीण कर्ज संबंधी सहकारी संस्थाओं - संबंधी नीतिगत पहलों का उल्लेख खण्ड 8 में किया गया है। गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं संबंधी उपाय खण्ड 9 में प्रस्तुत किए गए हैं। वित्तीय बाजारों के क्षेत्र की गतिविधियों

को खण्ड 10 में शामिल किया गया है। बैंकों द्वारा ग्राहक सेवा के क्षेत्र में शुरू की गई गतिविधियां खण्ड 11 में शामिल की गई हैं। इसी तरह, भुगतान और निपटान प्रणाली तथा प्रौद्योगिकीय गतिविधियों संबंधी उपायों का उल्लेख खण्ड 12 तथा खण्ड 13 में किया गया है। खण्ड 14 में विधिक गतिविधियां बतायी गयी हैं तथा खण्ड 15 में इस अध्याय के स्थूल निष्कर्ष निकाले गए हैं।

2. मौद्रिक नीति[1]

3.3 वैश्विक वित्तीय संकट के संदर्भ में सितम्बर 2008 में चलनिधि में जिस प्रकार का दबाव उत्पन्न हुआ था, उसने रिज़र्व बैंक द्वारा निभावकारी मौद्रिक नीति संबंधी रुख का मार्ग प्रशस्त किया, जो 2009-10 की पहली छमाही के दौरान जारी रहा। पहले के पूर्व-क्रयात्मक उपायों में नीतिगत दरों में, जिनमें रिपो दर, रिवर्स रिपो दर, सीआरआर, एसएलआर शामिल हैं, अधोमुखी संशोधनों की शृंखला तथा अर्थव्यवस्था के विपत्तिग्रस्त क्षेत्रों के निभाव के लिए विशिष्ट पुनर्वित्तीयन पटल शामिल हैं। हालांकि, 2009-10 के दौरान मौद्रिक नीति संबंधी रुख वृद्धि-मुद्रास्फीति की संभावना की बदलती गत्यात्मकता तथा देशी और वैश्विक दोनों स्तरों पर आर्थिक रिकवरी के बारे में अनिश्चितता द्वारा निरूपित था।

3.4 मौद्रिक विस्तार से सुविचारित निकासी अक्तूबर 2009 में शुरू हुई तथा यह 2010-11 के दौरान बाद की तिमाही नीतिगत समीक्षाओं में जारी रही। रिज़र्व बैंक को मौद्रिक नीति के विभिन्न उद्देश्यों, यथा वृद्धि, मुद्रास्फीति तथा वित्तीय स्थिरता के बीच न्यायपूर्ण संतुलन बनाना था। निकासी के चरणों के दौरान नीतिगत प्राथमिकताओं को संतुलित करने के संबंध में यह महत्वपूर्ण हो गया कि 2009-10 के अंत तक बदले हुए वृद्धि-मुद्रास्फीति संबंधी विन्यास को देखते हुए सुविचारित तरीके से नीतिगत दरों को तटस्थ स्तरों तक बढ़ाया जाए।

3.5 2010-11 की पहली तिमाही की समीक्षा में मौद्रिक नीति का रुख तैयार करने में उच्च मुद्रास्फीति नामक प्रमुख चिंता की भूमिका थी। जहां खाद्य कीमत मुद्रास्फीति तथा, अधिक सामान्य तौर पर, उपभोक्ता कीमत मुद्रास्फीति में कुछ कमी दिखायी दी, वहीं वर्तमान दायरा दुहरे अंकों में था। खाद्येतर मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई तथा मांग पक्ष संबंधी दबाव स्पष्ट रूप से दिखायी दिए। अधिक व्यापक आधार वाली देशी रिकवरी को देखते हुए, पहली तिमाही की समीक्षा में 2010-11 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि के बारे में आधारस्तरीय पूर्वानुमान को बढ़ाकर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया। मार्च 2011 के लिए डब्ल्यूपीआइ मुद्रास्फीति के लिए आधारस्तरीय पूर्वानुमान बढ़ाकर 6.0 प्रतिशत कर दिया गया। इस आकलन के अनुरूप, रिपो दर में 25 आधार अंकों की वृद्धि की गयी तथा रिवर्स रिपो दर 50 आधार अंक बढ़ायी गयी। इसके अलावा, रिज़र्व बैंक ने मौद्रिक नीति की मध्य-तिमाही समीक्षाएं भी शुरू कीं, जिन्हें हर साल जून, सितम्बर, दिसम्बर तथा मार्च में प्रेस विज्ञप्तियों के रूप में घोषित किया जाना था। 16 सितम्बर 2010 को पहली मध्य-तिमाही समीक्षा की घोषणा की गयी जिसके तहत रिपो तथा रिवर्स रिपो दरों में क्रमशः 25 तथा 50 आधार अंकों की वृद्धि की गयी। 2010-11 में अब तक, मौद्रिक नीतिगत कार्रवाइयों का उद्देश्य वृद्धि को बनाए रखने के लिए सहायक वित्तीय स्थितियां बनाए रखते हुए मांग संबंधी दबाव एवं मुद्रास्फीतिकारी प्रत्याशाओं को नियंत्रित कर मुद्रास्फीति को कम करना था।

3.6 इस प्रकार, अक्तूबर 2009 में निकासी शुरू किए जाने के समय से रिवर्स रिपो दर में 175 आधार अंकों की वृद्धि करके उसे 5.0 प्रतिशत तथा रिपो दर में 125 आधार अंकों की वृद्धि करके उसे 6.0 प्रतिशत कर दिया गया। नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) 100 आधार अंक बढ़ाकर 6.0 प्रतिशत कर दिया गया। प्रणाली के भीतर चलनिधि अधिशेष के स्तर से अधिक संतुलित स्तर में चली गयी, तथा इस प्रक्रिया में रिपो दर नीतिगत दर के रूप में उभर कर सामने आया। एक दिवसीय ब्याज दरें भी रिपो दर के पास आ गयीं।

3. कर्ज की सुपुर्दगी

3.7 धारणीय तथा समावेशक आर्थिक वृद्धि का उद्देश्य पूरा करने के लिए कृषि, सूक्ष्म, लघु तथा मझौले उद्यमों और निर्यात

[1] ब्योरेवार चर्चा के लिए, रिज़र्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2009-10 तथा विभिन्न नीतिगत प्रलेख देंगे।

क्षेत्र को कर्ज का पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने पर नीति के तहत बल दिया गया है। वैश्विक संकट के संबंध में, कर्ज की सुपुर्दगी को सुकर बनाने के लिए तथा इस प्रकार लघु एवं मझौले उद्यमों (एसएमई) तथा निर्यातों पर प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के लिए कई उपाय किए गए ।

3.8 1 जुलाई 2010 से आधार दर लागू कर बीपीएलआर पर गठित कार्यदल (अध्यक्ष : श्री दीपक मोहन्ती) की सिफारिशों को लागू किया गया। चूंकि आधार दर एक ऐसी न्यूनतम दर मानी गयी, जिसके नीचे उधार देना बैंकों के लिए लाभप्रद नहीं होगा, अतः बैंकों को आधार दर के नीचे किसी प्रकार का उधार देने की अनुमति नहीं दी गयी। साथ ही, 2 लाख रुपए तक के उधार के लिए बीपीएलआर की अधिकतम सीमा हटा ली गयी। उधार दरों को अविनियमित किए जाने से कर्ज के मूल्यन की पारदर्शिता में सुधार आने तथा उचित दरों पर छोटे उधारकर्ताओं को कर्ज का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है।

प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार

3.9 वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया है कि वे व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) द्वारा प्रदान किए गए 20 लाख रुपए तक के आवास उधारों की औसत संविभाग परिपक्वता के अनुरूप एचएफसी को दिए जाने वाले उधार की अवधि को संबद्ध करें, अन्यथा इस प्रकार के उधार को प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के तहत वर्गीकरण के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। बैंकों को सूचित किया गया है कि वे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए जाने वाले उधार संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार निधियों का अंतिम उपयोग कड़ाईपूर्वक सुनिश्चित करें।

कृषि को कर्ज का प्रवाह

किसानों को ब्याज सहायता राहत के लिए दिशानिर्देश

3.10 2006-07 में, सरकार ने किसानों को 3 लाख रुपए तक के अल्पावधि उत्पादन कर्ज के संबंध में 2 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहायता प्रदान करने की घोषणा की थी, ताकि बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत पर इस प्रकार का कर्ज़ प्रदान किया जा सके। 2009-10 के केंद्रीय बजट में यह घोषणा की गयी थी कि सरकार अनुसूची के अनुसार अल्पावधि फसल उधार चुकाने वाले किसानों को प्रोत्साहन के रूप में एक प्रतिशत की अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान करेगी। 2010-11 के केंद्रीय बजट में 1.5 प्रतिशत की ब्याज सहायता की घोषणा की गयी तथा अतिरिक्त ब्याज सहायता को बढ़ाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया।

कृषि ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना, 2008

3.11 2008-09 के केंद्रीय बजट में कृषि ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना, 2008 की घोषणा की गयी, जिसके तहत छोटे एवं सीमान्त किसानों के लिए समग्र 'पात्र राशि' माफ कर दी गयी। 'अन्य' किसान एकबारगी निपटान (ओटीएस) योजना के लिए पात्र थे, जिसके तहत किसान को 'पात्र राशि' के 25 प्रतिशत की छूट इस शर्त पर दी जाएगी कि वह किसान 'पात्र राशि' का शेष 75 प्रतिशत चुका दे।

3.12 भारत सरकार द्वारा घोषित योजना के अनुसार 'अन्य किसान' के लिए उनका हिस्सा (75 प्रतिशत) चुकाने की अंतिम तारीख 30 जून 2009 थी। तथापि, मानसून देरी से आने के कारण, 2009-10 के केंद्रीय बजट में प्रस्ताव किया गया कि इस अवधि को छः महीना बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2009 तक कर दिया जाए। साथ ही, देश के कुछ हिस्सों में सूखा तथा अन्य हिस्सों में भारी वर्षा को देखते हुए, 2010-11 के केंद्रीय बजट में इस तारीख को और बढ़ाकर 30 जून 2010 कर दिया गया।

कृषि उधार के लिए प्रतिभूति/मार्जिन संबंधी मानदण्डों से छूट

3.13 कृषि उधार के लिए मार्जिन/प्रतिभूति संबंधी अपेक्षाओं से छूट की सीमा 18 जून 2010 के रिज़र्व बैंक के परिपत्र द्वारा 50,000 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गयी। 1 लाख रुपए तक के कृषि उधारों के लिए मार्जिन/प्रतिभूति संबंधी अपेक्षाओं से छूट संबंधी प्रावधान, अन्य बातों के साथ-साथ, काश्तकार, बटाईदार तथा मौखिक पट्टेदारों पर लागू है।

सूक्ष्म तथा लघु उद्यमों को कर्ज का प्रवाह

3.14 सूक्ष्म, लघु तथा मझौले उद्यम (एमएसएमई) संबंधी विभिन्न मुद्दों पर विचार करने के लिए भारत सरकार ने एक उच्च स्तरीय कार्यबल (अध्यक्ष : श्री टी.के.ए.नायर) गठित किया। इस कार्यबल की सिफारिश की अनुसरण में, 29 जून 2010 को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे एमएसई उधार में सूक्ष्म उद्यमों के 60 प्रतिशत हिस्से संबंधी लक्ष्य को चरणों में प्राप्त करें।

3.15 इस क्षेत्र को कर्ज का प्रवाह और सुगम बनाने के लिए, सूक्ष्म और मझौले उद्यमों के लिए गठित कर्ज़ गारंटी न्यास (सीजीटीएमएसई) की कर्ज़ गारंटी योजना के कामकाज की समीक्षा करने हेतु रिज़र्व बैंक ने एक कार्यदल (अध्यक्ष : श्री वी.के.शर्मा) गठित किया। उक्त कार्यदल की प्रमुख सिफारिशें हैं - सूक्ष्म तथा लघु उद्यम (एमएसई) क्षेत्र को संपार्श्विक-मुक्त उधार की सीमा वर्तमान 5 लाख रुपए से अधिदेशात्मक रूप में दुगुना करके 10 लाख रुपए करना, गारंटी कवर की मात्रा में वृद्धि, कतिपय शर्तों पर सीजीटीएमएसई द्वारा संपार्श्विक-मुक्त उधारों के लिए गारंटी शुल्क का अवशोषण, सीजीटीएमएसई के पास दावा दायर करने की प्रक्रिया को सरल बनाना तथा इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाना। कार्यदल की सिफारिशों का अनुसरण करते हुए, 6 मई 2010 को बैंकों को अधिदेश दिया गया है कि वे एमएसई क्षेत्र की इकाइयों को दिए गए 10 लाख रुपए तक के उधारों के मामले में संपार्श्विक प्रतिभूति स्वीकार न करें।

10 लाख रुपए तक के आवास उधारों पर 1 प्रतिशत ब्याज सहायता की योजना

3.16 2009-10 के केंद्रीय बजट में 10 लाख रुपए तक के व्यक्तिगत आवास उधारों के बारे में 1 प्रतिशत ब्याज सहायता की योजना की घोषणा की गई, बशर्ते इकाई की लागत 20 लाख रुपए से अधिक न हो। यह योजना आरंभ में 1 अक्तूबर 2009 से 30 सितंबर 2010 तक एक वर्ष की अवधि के लिए लागू थी। साथ ही, 2010-11 के केंद्रीय बजट में इस योजना का विस्तार 31 मार्च 2011 तक करने की घोषणा की गई।

बैंकिंग के व्यापन में सुधार लाने के उपाय

अग्रणी बैंक योजना की समीक्षा के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति

3.17 रिज़र्व बैंक द्वारा अग्रणी बैंक योजना की समीक्षा के लिए गठित अग्रणी बैंक योजना संबंधी उच्चस्तरीय समिति (अध्यक्षा: श्रीमती उषा थोरात) ने 20 अगस्त 2009 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उक्त सिफारिशों को लागू करने के बारे में व्यापक दिशानिर्देश एसएलबीसी के संयोजक बैंकों तथा अग्रणी बैंकों को जारी किए गए। सभी राज्यस्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) के संयोजक बैंकों के सीएमडी को सूचित किया गया है कि वे एसएलबीसी की बैठकों को पुनःसशक्त बनाने के लिए निम्नलिखित कार्रवाई शुरू करें :

(i) राज्यों के मुख्यमंत्रियों को वर्ष में एसएलबीसी की कम-से-कम एक बैठक में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। अतः सीएमडी से अनुरोध किया गया है कि वे इस मामले में व्यक्तिगत ध्यान दें तथा वर्ष के दौरान एसएलबीसी की कम-से-कम एक बैठक में मुख्यमंत्री की सहभागिता को सुकर बनाने के लिए राज्य सरकार से संपर्क करें।

(ii) सीएमडी से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे अग्रणी बैंक योजना की समीक्षा के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के संदर्भ में इस विषय पर जिला प्रशासन के लिए कार्यशालाओं की व्यवस्था करें।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआइ)

3.18 सरकार ने पूरे देश में ग्रामीण पश्चप्रदेश के गरीबी रेखा के नीचे के युवकों की शक्ति का दोहन करने के लिए प्रत्येक जिले में आरएसईटीआइ गठित करने का संकल्प किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 2011 तक देश के प्रत्येक जिले में ग्रामीण विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरयूडीएसईटीआइ) प्रकार की एक संस्था स्थापित करने को समर्थन देने की इच्छा प्रकट की। आरएसईटीआइ की स्थापना के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआइआरडी), हैदराबाद, को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया। एनआइआरडी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2010 के अंत में विभिन्न बैंकों द्वारा 319 आरएसईटीआइ की स्थापना की गई।

वित्तीय साक्षरता तथा कर्ज समुपदेशन केंद्र (एफएलसीसी)

3.19 वित्तीय साक्षरता तथा कर्ज समुपदेशन केंद्र (एफएलसीसी) संबंधी एक मॉडल योजना तैयार कर उसे सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को इस सलाह के साथ भेजा गया कि वे बैंक से पर्याप्त दूरी बनाए रखते हुए अलग संस्था के रूप में ऐसे केंद्र स्थापित करें ताकि एफएलसीसी की सेवाएं जिले में स्थित अन्य बैंकों के ग्राहकों को भी उपलब्ध हो सकें। मार्च 2010 तक बैंकों ने विभिन्न राज्यों में 135 कर्ज समुपदेशन केंद्रों के गठन की सूचना दी।

निर्यात कर्ज

3.20 वैश्विक संकट के संदर्भ में तथा निर्यातकों के सामने आनेवाली समस्याओं को देखते हुए, रिज़र्व बैंक ने 270 दिनों तक के पोतलदानपूर्व रुपया निर्यात कर्ज पर तथा 180 दिनों तक के पोतलदानोत्तर रुपया निर्यात कर्ज पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा घटाकर बीपीएलआर से 250 बीपीएस नीचे कर दी। यह सुविधा 30 जून 2010 तक उपलब्ध थी। इसके अलावा, भारत सरकार ने कुछ रोजगार-उन्मुख निर्यात क्षेत्रों, यथा हस्तशिल्प, दरी, हथकरघा तथा छोटे और मझौले उद्यमों के लिए पोतलदानपूर्व तथा पोतलदानोत्तर रुपया निर्यात कर्ज पर 2 प्रतिशत की ब्याज दर सहायता प्रदान की। 2010-11 के केंद्रीय बजट में 2 प्रतिशत ब्याज दर सहायता को चुनिंदा क्षेत्रों पर 31 मार्च 2011 तक लागू कर दिया गया। 9 अगस्त 2010 को ब्याज दर सहायता योजना का और विस्तार कर उसे चमड़ा एवं चमड़ा विनिर्माताओं, फ्लोर कवरिंग सहित जूट विनिर्माण, इंजीनियरिंग माल तथा वस्त्र पर 1 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2011 तक की अवधि के लिए लागू किया गया। आधार दर शुरू करने के साथ, रुपया निर्यात कर्ज़ पर लगाई जानेवाली उधार दरों को 1 जुलाई 2010 से अविनियमित कर दिया गया। तथापि, रिज़र्व बैंक ने यह विनिर्दिष्ट किया है कि बैंक ऊपर विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में आधार दर के अनुसार प्रभार्य ब्याज दर को उपलब्ध ब्याज सहायता की सीमा तक कम कर सकते हैं, भले ही निर्यातकों से वसूली जानेवाली ब्याज दर आधार दर से नीचे चली जाए।

4. वित्तीय समावेशन

3.21 रिज़र्व बैंक ने वित्तीय समावेशन के संवर्धन के लिए हाल के वर्षों में कई पहलें की हैं। इस दिशा में उठाया गया एक उल्लेखनीय कदम यह था कि जनवरी 2006 में रिज़र्व बैंक ने परंपरागत 'ईंटगारा' वाले मॉडल के अलावा बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा प्रदान करने के लिए बैंकों द्वारा कारोबार संपर्की (बीसी) नियुक्त किए जाने के बारे में दिशानिर्देश जारी किया। इस बीसी मॉडल के तहत, बैंकों को इस बात की अनुमति दी गई है कि वे बीसी के रूप में कार्य करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों/ स्वयं सहायता समूहों (एनजीओ/एसएचजी), सूक्ष्म वित्त संस्थाओं (एमएफआइ) तथा अन्य सिविल सोसाइटी संगठनों (सीएसओ), कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत पंजीकृत कंपनियों जैसी विभिन्न संस्थाओं, सेवानिवृत्त सरकारी/ बैंक कर्मचारियों तथा भूतपूर्व सैनिकों की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

3.22 बीसी मॉडल के अनुभव की परख करने तथा बीसी के रूप में कार्य कर सकनेवाले व्यक्तियों की श्रेणी का विस्तार करने के लिए उपाय सुझाने के लिए गठित कार्यदल की सिफारिशों के आधार पर, विनियमात्मक और पर्यवेक्षणात्मक ढांचा तथा उपभोक्ता संरक्षण संबंधी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, बैंकों को बीसी के रूप में निम्नलिखित की नियुक्ति करने की अनुमति दी गई: किराना/ चिकित्सा/ उचित दर दुकानों के व्यक्तिगत मालिक/ व्यक्तिगत पीसीओ ऑपरेटर, भारत सरकार/ बीमा कंपनियों की अल्प बचत योजनाओं के एजेंट, पेट्रोल पंप के व्यक्तिगत मालिक, सेवानिवृत्त अध्यापक, बैंकों से संबद्ध भलीभांति कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह के प्राधिकृत कार्यकर्ता तथा अन्य कोई ऐसा व्यक्ति जिनमें सामान्य सेवा केंद्र परिचालित करनेवाले शामिल हैं।

3.23 वर्ष 2010-11 के वार्षिक नीति संबंधी वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसार, बीसी के रूप में 'लाभार्थ' कंपनियों की नियुक्ति करने संबंधी चर्चापत्र रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर 2 अगस्त 2010 को डाला गया। विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त प्रतिपुष्टि को ध्यान में रखते हुए पहले अनुमत व्यक्तियों/ संस्थाओं के अलावा 'लाभार्थ' कंपनियों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को छोड़कर, की नियुक्ति बीसी के रूप में करने की अनुमति बैंकों को दी गई है।

3.24 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने ''नो फ्रिल्स खाता'' खोलकर, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा सामान्य क्रेडिट कार्ड (जीसीसी) जारी कर और एसएचजी के निर्माण एवं उनकी कर्ज सहबद्धता के जरिए सूक्ष्म कर्ज वितरित कर वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पहलें करना जारी रखा। आरआरबी द्वारा जहां तक क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का प्रश्न है, समामेलित एवं 'स्टैंडअलोन' आरआरबी के बीच के अंतर को समाप्त कर दिया गया। सभी आरआरबी (समामेलित तथा स्टैंडअलोन दोनों) को प्रत्येक 50 शाखाओं के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की अनुमति होगी। साथ ही, 50 तक शाखाएं रखनेवाले आरआरबी किसी अन्य मध्यवर्ती टियर के बिना सीधे मुख्यालय के नियंत्रण में होंगे। साथ ही, इस संबंध में छूट संबंधी अनुरोध, यदि कोई हो, की जांच आरआरबी के बारे में गठित राज्यस्तरीय अधिकारप्राप्त समिति द्वारा की जाएगी।

3.25 नाबार्ड ने रंगराजन समिति की सिफारिश के अनुसार दो प्रकार की निधियों का गठन किया है, यथा वित्तीय समावेशन संबंधी विकासात्मक एवं संवर्धनात्मक हस्तक्षेप की लागत पूरी करने के लिए 'वित्तीय समावेशन निधि' (एफआइएफ) तथा प्रौद्योगिकी अपनाने की लागत पूरी करने के लिए 'वित्तीय समावेशन प्रौद्योगिकी निधि' (एफआइटीएफ)। प्रत्येक निधि की समग्र मूलराशि 500 करोड़ रुपए है जिसमें भारत सरकार, रिज़र्व बैंक तथा नाबार्ड द्वारा निधियों के उपयोग पर निर्भर रहते हुए पांच वर्ष की अवधि में चरणबद्ध रूप में 40:40:20 के अनुपात में अंशदान किया जाएगा। 2010-11 के केंद्रीय बजट में, इनमें से प्रत्येक निधि की मूल राशि में 100 करोड़ रुपए की और वृद्धि की गई है।

3.26 इन दो निधियों के लिए दिशानिर्देश तैयार कर पणधारियों के बीच परिचालित किए गए। 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार, एफआइएफ तथा एफआइटीएफ के जरिए वित्तीय समावेशन के तहत 50,255 गांवों को कवर किया गया था।

वित्तीय समावेशन के लिए नाबार्ड-यूएनडीपी के बीच सहयोग

3.27 एफआइएफ/ एफआइटीएफ के तहत शुरू किए गए वित्तीय समावेशन के अलावा, नाबार्ड और यूएनडीपी ने सात सघन राज्यों, अर्थात बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन के लिए सहयोग किया। यह सहयोग भारत सरकार तथा यूएनडीपी के बीच हस्ताक्षरित कंट्री प्रोग्राम ऐक्शन प्लान (सीपीएपी) का एक हिस्सा था। यूएनडीपी के समर्थन से नाबार्ड में सहयोग के लिए 'यूएनडीपी-नाबार्ड वित्तीय समावेशन निधि' नामक एक निधि स्थापित की गई। इस सहयोग का समग्र उद्देश्य वित्तीय उत्पाद और सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करना है ताकि जोखिम कम की जा सके और कम-से-कम दो राज्यों में गरीबों के लिए, विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समूहों, अल्पसंख्यकों और विस्थापितों की महिलाओं और पुरुषों के लिए, आजीविका में वृद्धि की जा सके।

आधारभूत सहकारी संस्थाओं के जरिए वित्तीय समावेशन

3.28 वर्ष 2010-11 के वार्षिक नीति वक्तव्य में यह घोषित किया गया कि उन आधारस्तरीय ग्रामीण सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली को बेहतर रूप में समझने की जरूरत है, जिनमें वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभाव्यता है। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया कि रिज़र्व बैंक के समग्र मार्गदर्शन के तहत नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से पूरे देश की 'सुचारु रूप से कार्य कर रही' चुनिंदा ग्रामीण सहकारी संस्थाओं (लगभग 220) के बारे में अध्ययन किया जाए।

3.29 नवंबर 2009 में, रिज़र्व बैंक ने बैंकों को सूचित किया कि वे मार्च 2011 तक 2000 से अधिक आबादी वाले प्रत्येक गांव में एक बैंकिंग आउटलेट के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार करें। जरूरी नहीं है कि इस प्रकार की बैंकिंग सेवाएं ईंटगारे वाली शाखा के जरिए प्रदान की जाएं, इन्हें बीसी के माध्यम सहित आइसीटी-आधारित मॉडलों के विभिन्न प्ररूपों में से किसी भी प्ररूप के माध्यम से प्रदान किया जा सकता है। बजट में की गयी घोषणाओं के अनुरूप उक्त लक्ष्य प्राप्त करने की तारीख को संशोधित करके मार्च 2012 कर दिया गया है। बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि मार्च 2011 को मध्यवर्ती लक्ष्य माना जाए। जून 2010 के अंत में, 2000 से अधिक आबादी वाले गांवों में बैंकिंग सुविधा प्रदान किए जाने के लिए लगभग 73,000 गांवों को विभिन्न बैंकों को आबंटित किया गया है।

3.30 बैंकिंग का व्यापन बढ़ाने तथा वित्तीय समावेशन के संवर्धन की दृष्टि से, सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के देशी वाणिज्य बैंकों

को जनवरी 2010 में विशेष बोर्ड अनुमोदित वित्तीय समावेशन योजनाएं (एफआइपी) तैयार करने के लिए सूचित किया गया जिन्हें अगले तीन वर्षों में लागू किया जाना है। बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपनी कारोबारी रणनीति से मिलती हुई एफआइपी तैयार करें तथा एफआइपी को अपनी कारपोरेट योजनाओं का अभिन्न अंग बनाएं। रिज़र्व बैंक ने कोई एकरूप मॉडल लागू नहीं किया है ताकि प्रत्येक बैंक को उनके कारोबारी मॉडल एवं तुलनात्मक लाभ के अनुरूप अपनी रणनीति तैयार करने की अनुमति मिल सके।

3.31 आरआरबी की रणनीतिक स्थिति को देखते हुए, रिज़र्व बैंक ने उनके प्रायोजक बैंकों को निदेश दिया कि वे सभी आरआरबी में कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) तेजी से तथा पूरी तरह लागू करें और इस संबंध में सितंबर 2011 की समय-सीमा का अनुपालन करें। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आरआरबी की व्यापक पहुंच को देखते हुए वित्तीय समावेशन संबंधी प्रयासों को और बढ़ावा मिलने की आशा है।

5. विवेकपूर्ण विनियमन

बासेल II के तहत उन्नत दृष्टिकोणों का कार्यान्वयन

3.32 जोखिम प्रबंधन संबंधी ढांचे में आवश्यक उन्नयन के संबंध में, तथा बासेल II ढांचे के तहत परिकल्पित उन्नत दृष्टिकोण और इस संबंध में उभरती अंतरराष्ट्रीय प्रवृत्ति अपनाने से बैंकों को मिलनेवाली पूंजीगत दक्षता के संबंध में, जुलाई 2009 में यह वांछनीय समझा गया कि भारत में उन्नत दृष्टिकोण लागू करने के लिए एक समय-सीमा तय की जाए। ऐसी आशा की गई थी कि इससे बैंकों को कर्ज़ जोखिम और परिचालनगत जोखिम के लिए उन्नत दृष्टिकोणों के प्रति अंतरण हेतु योजना बनाने और तैयारी करने में तथा बाजार जोखिम के लिए आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आइएमए) अपनाने में मदद मिलेगी। विनियामक पूंजी माप के लिए उन्नत दृष्टिकोण लागू करने हेतु निम्नानुसार समय-सीमा निर्धारित की गई है:

3.33 तदनुसार, बैंकों को सूचित किया गया कि वे बासेल II प्रलेख में परिकल्पित मानदंडों के संदर्भ में उन्नत दृष्टिकोणों के प्रति अंतरण की अपनी तैयारी के बारे में आंतरिक आकलन करें तथा उन्नत दृष्टिकोणों के प्रति अंतरण संबंधी निर्णय लें। बैंकों को यह भी सूचित किया गया है कि वे कोई भी उन्नत दृष्टिकोण अपनाने के लिए रिज़र्व बैंक का पूर्वानुमोदन हमेशा प्राप्त किया करें।

3.34 परिचालनात्मक जोखिम हेतु 'मानकीकृत दृष्टिकोण' (टीएसए) तथा 'वैकल्पिक मानकीकृत दृष्टिकोण' (एएसए) संबंधी दिशानिर्देश, जो मोटे तौर पर बैंकिंग पर्यवेक्षण पर गठित बासेल समिति (बीसीबीएस) संबंधी प्रलेख पर आधारित है, 31 मार्च 2010 को जारी किए गए। टीएसए/एएसए के प्रति अंतरण करने के इच्छुक बैंकों को सूचित किया गया है कि वे विनिर्दिष्ट दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुपालन के समर्थन में एक लेख सहित रिज़र्व बैंक से संपर्क करें।

3.35 बाजार जोखिम के लिए आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण संबंधी दिशानिर्देश 7 अप्रैल 2010 को जारी किए गए। बासेल II ढांचे में पूंजी पर्याप्तता के प्रयोजन के लिए बाजार जोखिमों की माप करते समय दो मोटी पद्धतियों के बीच चुनाव करने का विकल्प है: (i) मानकीकृत माप पद्धति (एसएमएम) के अनुसार एक मानकीकृत तरीके से बाजार जोखिम मापना, जिसका उपयोग भारत स्थित बैंकों द्वारा 31 मार्च 2005 से किया जा रहा है; (ii) आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आइएमए) के नाम से जानी जानेवाली वैकल्पिक पद्धति में बैंकों को अपने आंतरिक बाजार जोखिम माप मॉडलों से प्राप्त जोखिम माप का उपयोग करने की अनुमति होती है। बाजार जोखिम के लिए आइएमए के प्रति अंतरण के लिए इच्छुक बैंकों को सूचित किया गया है कि वे दिशानिर्देशों के संदर्भ में अपनी तैयारी का आकलन करें तथा उसे अपनाने हेतु अनुमोदन के लिए रिज़र्व बैंक से संपर्क करें।

क्रम सं.	दृष्टिकोण	बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक को आवेदन प्रस्तुत करने की पूर्वतम तारीख	रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदन की संभावित तारीख
1.	बाजार जोखिम के लिए आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आइएमए)	1 अप्रैल 2010	31 मार्च 2011
2.	परिचालनात्मक जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए)	1 अप्रैल 2010	30 सितंबर 2010
3.	परिचालनात्मक जोखिम के लिए उन्नत माप दृष्टिकोण (एएमए)	1 अप्रैल 2012	31 मार्च 2014
4.	कर्ज जोखिम के लिए आंतरिक रेटिंग-आधारित (आइआरबी) दृष्टिकोण (मूल तथा उन्नत आइआरबी)	1 अप्रैल 2012	31 मार्च 2014

3.36 चलनिधि जोखिम प्रबंधन ढांचे के संबंध में बैंकिंग पर्यवेक्षण पर गठित बासेल समिति की हाल की गतिविधियों पर बॉक्स III.1 में चर्चा की गयी है।

टियर II पूंजी जुटाने के लिए अधीनस्थ ऋण का निर्गम

3.37 सितंबर 2009 में बैंकों को कुछ शर्तों के अनुपालन के अधीन 'काल' और 'स्टेप-अप' विकल्प सहित टियर II पूंजी के रूप में अधीनस्थ ऋण जारी करने की अनुमति प्रदान की गई।

गैर-सूचीबद्ध गैर-एसएलआर प्रतिभूतियों में निवेश

3.38 चूंकि उन प्रतिभूतियों के निर्गम और सूचीबद्धता के बीच समय का अंतराल होता है, जिन्हें सूचीबद्ध करना प्रस्तावित है परंतु अभिदान के समय सूचीबद्ध नहीं किया गया है, अतः हो सकता है कि बैंक गैर-एसएलआर प्रतिभूतियों के प्राथमिक निर्गमों में भाग न ले सकें। अतः यह निर्णय लिया गया कि बैंकों द्वारा गैर एसएलआर ऋण प्रतिभूतियों (प्राथमिक और द्वितीयक बाजार दोनों) में किए गए ऐसे निवेश को, जहाँ प्रतिभूति को एक्सचेंज (एक्सचेंजों) पर

बॉक्स III.1 : बैंकिंग पर्यवेक्षण पर गठित बासेल समिति की हाल की गतिविधियां- चलनिधि जोखिम

वित्तीय संकट की एक प्रमुख विशेषता चलनिधि जोखिम का अपर्याप्त/अप्रभावी प्रबंधन था। चलनिधि जोखिम प्रबंधन में सुधार और उनके चलनिधि जोखिम एक्सपोज़र के नियंत्रण के लिए बैंकों की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बनी बासेल समिति ने चलनिधि जोखिम प्रबंधन और पर्यवेक्षण सुदृढ़ करने के लिए वैश्विक ढांचे की आधारशिला के रूप में चलनिधि जोखिम पर्यवेक्षण हेतु अंतरराष्ट्रीय तौर पर सुसंगत दो विनियामक मानकों को विकसित किया है। इन दो मानकों पर बासेल समिति के कार्य को दिसंबर 2009 में समिति द्वारा जारी *''इंटरनेशनल फ्रेमवर्क फॉर लिक्विडिटी रिस्क मीजरमेंट, स्टैंडर्ड्स एंड मॉनीटरिंग''* नामक परामर्शी पर्चे में दिया गया है। इन दो मानकों को संक्षेप में नीचे वर्णित किया गया है:

चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर)

इस अनुपात का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई बैंक ऐसी अभारग्रस्त, उच्च गुणवत्ता वाली आस्तियों के पर्याप्त स्तर को बनाए रखे, जिन्हें पर्यवेक्षकों के द्वारा विनिर्दिष्ट गंभीर चलनिधि तनाव के परिदृश्य में 30 दिन की अवधि के लिए अपनी चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु नकदी में परिवर्तित किया जा सके। कम-से-कम, तरल आस्तियों का स्टॉक प्रस्तावित तनाव परिदृश्य में बैंक को 30 दिन तक जिंदा रख सके, तब तक यह माना जाएगा कि प्रबंधन और /अथवा पर्यवेक्षकों द्वारा समुचित कार्रवाई की जा सकती है।

$$\text{चलनिधि कवरेज अनुपात} = \frac{\text{उच्च गुणवत्ता वाली तरल आस्तियों का स्टॉक}}{\text{30 दिन की अवधि में नकदी का निवल बहिर्वाह}}$$

विनिर्दिष्ट परिदृश्य संस्था-विशिष्ट और प्रणालीगत आघात दोनों के लिए आवश्यक है, जो वैश्विक वित्तीय संकट में अनुभव की गई वास्तविक परिस्थितियों पर निर्मित है। परिदृश्य के लिए अपेक्षित है: i) संस्था की सार्वजनिक क्रेडिट रेटिंग में काफी अधिक गिरावट; ii) जमाओं में आंशिक हानि; iii) बेजमानती थोक निधीयन की हानि; iv) सुरक्षित निधीयन हेअरकट में काफी अधिक वृद्धि; और v) प्रतिबद्ध कर्ज और चलनिधि सुविधाओं सहित डेरिवेटिव संपार्श्विक मांगों तथा संविदागत और गैर संविदागत तुलनपत्रेतर एक्सपोज़र की काफी अधिक मांगों में वृद्धि।

निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर)

बैंकों की आस्तियों और गतिविधियों के मध्यकालिक और दीर्घकालिक निधीयन को और बढ़ावा देने के लिए, निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर) को विकसित किया गया है। यह अनुपात स्थिर निधीयन की एक न्यूनतम स्वीकार्य राशि स्थापित करता है, जो किसी संस्था की आस्तियों की चलनिधि विशेषताओं और एक वर्ष से अधिक की सीमा अवधि में उसकी गतिविधियों पर आधारित हो। यह मानक एक न्यूनतम प्रर्वतन व्यवस्था के रूप में बनाया गया है ताकि वह चलनिधि कवरेज अनुपात मानक को संपूरित कर सके तथा यह उन संस्थाओं के चलनिधि जोखिम प्रोफाइल में संरचनागत परिवर्तनों को बढ़ावा देकर अन्य पर्यवेक्षी प्रयासों पर बल दे जो अल्पकालिक निधीयन बेमेलो से दूर हों तथा आस्तियों और कारोबार गतिविधियों के और स्थिर, दीर्घकालिक निधीयन की ओर अग्रसर हों।

$$\text{निवल स्थिर निधीयन अनुपात} = \frac{\text{उपलब्ध स्थिर निधीयन (एएसएफ)}}{\text{अपेक्षित स्थिर निधीयन (आरएसएफ)}}$$

उपलब्ध स्थिर निधीयन (एएसएफ) को किसी संस्था की कुल राशि के रूप में परिभाषित किया गया है: (i) पूंजी ; (ii) एक वर्ष के समान अथवा उससे अधिक परिपक्वता वाला अधिमान्य स्टॉक; (iii) एक वर्ष अथवा अधिक प्रभावी परिपक्वता वाली देयताएं; (iv) 'स्थिर' गैर परिपक्वता वाले जमाओं के अंश और/अथवा एक वर्ष से कम परिपक्वता वाली मीयादी जमाराशियां, जिनके प्रकृति-विशिष्ट तनाव की स्थिति में विस्तारित अवधि के लिए संस्था के पास बने रहने की आशा है।

स्थिर निधीयन की अपेक्षित राशि की गणना संस्थाओं द्वारा रखी गई और निधीकृत आस्तियों के मूल्यों के कुल जोड़ के रूप में प्रत्येक विशेष आस्ति प्रकार के लिए समनुदेशित एक विशिष्ट अपेक्षित स्थिर निधीयन (आरएसएफ) कारक के द्वारा गुणा करके की गई है, जिसे ओबीएस (तुलनपत्रेतर) गतिविधि (अथवा संभावित चलनिधि एक्सपोज़र) की राशि में जोड़ करके और इससे संबद्ध आरएसएफ कारक से गुणा करके निकाला जाता है। प्रत्येक आस्ति के सूचित मूल्य अथवा ओबीएस एक्सपोज़र के लिए लागू आरएसएफ कारक उस मद की राशि है जिसके बारे में पर्यवेक्षकों का विश्वास है कि उसका स्थिर निधीयन के द्वारा समर्थन किया जाना चाहिए।

एलसीआर के अंतर्गत निवल नकदी बर्हिवाह तथा एनएसएफआर के अधीन एएसएफ तथा आरएसएफ कारक तक पहुंचने के लिए इन दो मानकों अर्थात तरल आस्तियों की परिभाषा, 'रन ऑफ' और 'रोलओवर' कारक आदि से संबंधित और अधिक परिष्कृत ब्यौरों पर विचार किया जा रहा है।

सूचीबद्ध कराया जाना प्रस्तावित हो, निवेश करते समय सूचीबद्ध प्रतिभूति में किए गए निवेश के रूप में माना जाए। तथापि, यदि ऐसी प्रतिभूति को विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर सूचीबद्ध नहीं कराया जाता, तो उसे गैर सूचीबद्ध गैर-एसएलआर प्रतिभूतियों के लिए विनिर्दिष्ट 10 प्रतिशत की सीमा के लिए हिसाब में लिया जाएगा।

1. राज्य सहकारी बैंक (क+ख)	**20,133**	**17,778**	**17,858**	**15,704**	**18,287**	**18,680**	**17,215**	**17,169**
क. अल्पावधि	20,053	17,778	16,636	15,638	18,287	18,680	17,149	17,169
ख. मध्यावधि	80	-	1,222	66	66*	-	66	-
2. राज्य सरकारें								
क. दीर्घावधि	-	18	56	252	-	-	53	199
3. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (क+ख)	**4,829**	**4,061**	**3,914**	**3,803**	**7,374**	**7,091**	**3,969**	**6,924**
क. अल्पावधि	4,829	4,061	3,291	3,656	7,374	7,091	3,842	6,904
ख. मध्यावधि	-	-	623	147	-	-	127	20
कुल जोड़ (1+2+3)	**24,962**	**21,858**	**21,828**	**19,759**	**25,661**	**25,771**	**21,238**	**24,292**

* यह स्वीकृति बाद में वापस ले ली गयी है। '-': शून्य

टिप्पणी: 1) अल्पावधि में मौसमी कृषि कार्य (एसएओ) और मौसमी कृषि कार्यों से इतर अन्य कार्य (ओएसएओ) शामिल हैं। 2008-09 के लिए अल्पावधि में खरीफ और रबी के लिए चलनिधि सहायता योजना भी शामिल है।

2) राज्य सहकारी बैंकों और राज्य सरकारों के लिए ऋण की अवधि अप्रैल से मार्च है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए जुलाई से जून है।

3) मध्यावधि में एमटी कनर्वशन और एमटी (एनएस) और एमटी चलनिधि सहयता योजना शामिल है।

4) 2009-10 के दौरान की गई चुकौतियों में एसटी (एसएओ) खाता III और रबी के लिए चलनिधि सहायता के अंतर्गत चुकौती शामिल है।

स्रोत : नाबार्ड।

को मार्गदर्शन देने एवं उस पर निगरानी रखने के लिए किया गया है। राज्य स्तर पर, राज्यस्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति तथा जिला स्तर पर डीसीसीबी स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समितियां इस दिशा में हुई प्रगति पर निगरानी रख रही हैं। नाबार्ड के स्तर पर इसके लिए समय-समय पर कार्यान्वयन करने वाले राज्यों के क्षेत्रीय कार्यालयों की समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

5.69 अब तक, 25 राज्य सरकारों (गोवा, हिमाचल प्रदेश तथा केरल को छोड़कर) ने भारत सरकार तथा नाबार्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें देश में स्थित अल्पावधि ग्रामीण सहकारी कर्ज़ इकाइयों के 96 प्रतिशत को कवर किया गया है। इसके अलावा, 14 राज्यों में 49,764 पीएसीएस के पुनःपूंजीकरण के लिए भारत सरकार के हिस्से के रूप में नाबार्ड द्वारा 7,972 करोड़ रुपए की राशि जारी की गयी है, जबकि राज्य सरकारों ने अपने हिस्से के रूप में 756 करोड़ रुपए जारी किए हैं। विधायी प्रक्रिया के माध्यम से 15 राज्यों में राज्य सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया गया है।

5.70 साथ ही, राज्य सहकारी बैंकों एवं मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की सांविधिक लेखा-परीक्षा करने के लिए नाबार्ड ने हाल के वर्षों में 13 राज्यों को सनदी लेखाकारों का एक पैनल उपलब्ध कराया है। 31 मार्च 2009 की स्थिति के अनुसार लेखा-परीक्षा की प्रक्रिया 12 राज्यों में पूरी हो चुकी है। शेष राज्यों में लेखा-परीक्षा की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में है। साथ ही, सभी राज्यों में कई बैंकों में उपयुक्त एवं उचित मानदण्डों के अनुसार पेशेवर निदेशकों तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की तैनाती की गई है। 11 राज्यों में लगभग सभी पीएसीएस में 1 अप्रैल 2009 से सामान्य लेखांकन प्रणाली (सीएएस) लागू की गयी। दो अलग-अलग मोड्यूल में पीएसीएस के लिए सीएएस तथा प्रबंधन सूचना प्रणाली एमआइएस के कम्प्यूटरीकरण संबंधी दिशानिर्देश जारी किए गए, जिसका कार्यान्वयन 3 राज्यों में किया जा रहा है। एनआइएमसी के निर्णय के अनुसार पीएसएस के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोर सॉफ्टवेयर का विकास करने का निर्णय लिया गया है।

मानव संसाधन विकास - प्रशिक्षण

5.71 नाबार्ड द्वारा एसटीसीसीएस के पदाधिकारियों तथा पीएसीएस/सीसीबी/ एसटीसीबी के बोर्ड के निदेशकों के लिए प्रशिक्षण के आठ मॉड्यूल विकसित किए गए हैं। कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु नोडल प्रशिक्षण पार्टनरों की नियुक्ति की गई है तथा प्रमुख प्रशिक्षणदाता की पहचान करके उन्हें नाबार्ड के प्रशिक्षण संस्थानों में

प्रशिक्षित किया गया है। 31 मार्च 2010 को 1896 जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा 14 राज्यों के 72,127 पीएसीएस सचिवों तथा 11 राज्यों के पीएसीएस के 99,219 निर्वाचित सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा, 17 राज्यों के 3,471 विभागीय लेखा-परीक्षकों तथा पर्यवेक्षकों को आगे सही ढंग से सहायता पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है ताकि सीएएस/एमआइएस को जमीनी स्तर पर सुस्थिर किया जा सके। इसके अलावा, 15 राज्यों के 61,619 पदाधिकारियों को सीएएस/एमआइएस का प्रशिक्षण दिया गया है।

दीर्घावधि ढांचे का पुनर्जीवन - अद्यतन स्थिति

5.72 भारत सरकार ने एलटीसीसी के लिए पुनर्जीवन पैकेज की आवश्यकता की समीक्षा हेतु दीर्घावधि सहकारी कर्ज़ संस्थाओं (एलटीसीसी) पर एक कार्यदल का गठन किया। एलटीसीसी के लिए पुनर्जीवन पैकेज की जरूरत के बारे में कार्यदल ने कई राज्य सरकारों के साथ चर्चा की है। उक्त कार्यदल ने 25 फरवरी 2010 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी, जो विचाराधीन है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कर्ज़ का प्रवाह सुधारने के लिए नाबार्ड को सौंपी गयी योजनाएं

ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास निधि (आरआइडीएफ)

5.73 आरआइडीएफ ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास के लिए कर्ज़ का प्रवाह बढ़ाने हेतु भारत सरकार द्वारा नाबार्ड को सौंपी गयी एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण योजना है। उक्त निधि की स्थापना 2,000 करोड़ रुपए की मूल राशि के साथ 1995 में की गयी। भारत सरकार के अंशदान के अलावा, आरआइडीएफ को वाणिज्य बैंकों से भी उनके कृषि उधार में पायी गयी कमी की मात्रा तक जमाराशियां प्राप्त होती हैं। मार्च 2010 के अंत की स्थिति के अनुसार, भारत सरकार तथा जमाराशि दोनों के जरिए आरंभ से आरआइडीएफ द्वारा प्राप्त कुल निधियों में, आधे से अधिक भारत सरकार से अंशदान के रूप में प्राप्त हुआ। अब तक प्राप्त कुल निधियों में से, आरआइडीएफ ने अब तक कुल राशि का दो तिहाई ऋण के रूप में स्वीकृत किया है। तथापि, स्वीकृत उधार की तुलना में संवितरित उधार के प्रतिशत में शृंखला XI से गिरावट की प्रवृत्ति देखी गयी है। आरआइडीएफ से निधियों के संवितरण में आयी गिरावट का मुख्य कारण भूमि के अभिग्रहण, सांविधिक अनुमोदन तथा निविदा संबंधी प्रक्रिया में राज्य सरकारों द्वारा प्रशासनिक एवं तकनीकी अनुमोदन में की गयी प्रक्रियागत देरी था। इन क्रियाविधियों को युक्तियुक्त बनाने के प्रयास राज्य सरकारों द्वारा पहले से शुरू कर दिए गए हैं (सारणी V.32 तथा चार्ट V.10)।

5.74 भारत सरकार ने 4,000 करोड़ रुपए की मूल राशि से *भारत निर्माण कार्यक्रम* के लिए 2006 में आरआइडीएफ के तहत एक अलग पटल खोल दिया। अब तक प्राप्त कुल निधियों में से, आरआइडीएफ के उक्त पटल से आधे से अधिक राशि स्वीकृत एवं संवितरित की गयी। उल्लेखनीय तौर पर, उधार की स्वीकृत राशि को संवितरित करने में इस पटल के तहत कोई देरी नहीं देखी गयी है (सारणी V.32)।

5.75 आरआइडीएफ के तहत अब तक स्वीकृत कुल उधार में से, प्रमुख हिस्सा सड़क एवं पुल निर्माण के लिए खर्च किया गया, जिसके बाद ग्रामीण सिंचाई कार्यक्रमों का स्थान था। उल्लेखनीय तौर पर, 10 प्रतिशत से अधिक उधार राशि सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास में अर्थात पीने के पानी, प्राथमिक विद्यालय, सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आंगनवाड़ी केन्द्र के विकास में लगायी गयी।

5.76 अब तक आरआइडीएफ के तहत स्वीकृत एवं संवितरित कुल राशि में से, आधे से अधिक उत्तरी क्षेत्र तथा दक्षिणी क्षेत्र के लिए थी। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को कुल स्वीकृत उधार का मात्र 5.1 प्रतिशत तथा कुल संवितरित उधार का 4.0 प्रतिशत प्राप्त हुआ। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र ने सभी क्षेत्रों के बीच स्वीकृत उधार के प्रति संवितरित उधार का न्यूनतम अनुपात भी सूचित किया। राज्यवार रूपरेखा से यह पता चलता है कि स्वीकृत एवं वितरित उधार का अधिकतक हिस्सा आंध्रप्रदेश को मिला, जिसके बाद गुजरात एवं मध्यप्रदेश का स्थान था (परिशिष्ट सारणी V.8)।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना (केसीसी)

5.77 वित्तीय समावेशन को अधिक वितस्तार देने के लिए नब्बे के दशक के उत्तरार्ध में केसीसी योजना कार्यान्वित की गई जिसके

सारणी V.32: आरआइडीएफ का श्रृंखला-वार विवरण

(मार्च 2010 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

ट्रांस	श्रृंखला का प्रारंभ	परियोजनाओं की संख्या	कोष* (करोड़ रुपए)	प्राप्त जमाराशियाँ (करोड़ रुपए)	स्वीकृत ऋण (करोड़ रुपए)	वितरित ऋण (करोड़ रुपए)	स्वीकृत ऋण पर वितरित ऋण का प्रतिशत
1	2	3	4	5	7	8	9
I	1995	4,168	2,000	1,587	1,906	1,761	92.4
II	1996	8,193	2,500	2,225	2,636	2,398	91.0
III	1997	14,345	2,500	2,308	2,733	2,454	89.8
IV	1998	6,171	3,000	1,413	2,903	2,482	85.5
V	1999	12,106	3,500	3,052	3,435	3,055	88.9
VI	2000	43,168	4,500	4,081	4,489	4,071	90.7
VII	2001	24,598	5,000	4,074	4,582	4,053	88.5
VIII	2002	20,887	5,500	5,188	5,950	5,149	86.5
IX	2003	19,548	5,500	4,873	5,638	4,916	87.2
X	2004	16,530	8,000	6,420	7,672	6,489	84.6
XI	2005	29,771	8,000	6,421	8,320	6,605	79.4
XII	2006	41,955	10,000	7,775	10,411	7,280	69.9
XIII	2007	36,890	12,000	7,835	12,706	7,601	59.8
XIV	2008	85,465	14,000	6,442	14,708	6,653	45.2
XV	2009	39,015	14,000	4,228	15,630	3,474	22.2
Total		**4,02,810**	**1,00,000**	**67,921**	**1,03,718**	**68,440**	**66.0**
			भारत निर्माण कार्यक्रम का अलग गवाक्ष				
XII	2006	-	4,000	3,946	4,000	4,000	100.0
XIII	2007	-	4,000	3,416	4,000	4,000	100.0
XIV	2008	-	4,000	3,817	4,000	4,000	100.0
XV	2009	-	6,500	3,626	6,500	6,500	100.0
कुल		**-**	**18,500**	**14,805**	**18,500**	**18,500**	**100.0**
सकल कुल		**4,02,810**	**1,18,500**	**82,725**	**1,22,218**	**86,940**	**71.1**

'-': शून्य / अनुपलब्ध *: भारत सरकार से प्राप्त
स्रोत : नाबार्ड

चार्ट V.10: आरआइडीएफ की कुल निधियों के प्रतिशत के रूप में स्वीकृत तथा संवितरित उधार



लिए किसानों की पहुंच को आसान बनाया गया। मार्च 2010 के अंत में, इस योजना के तहत जारी कार्डों की कुल संख्या तथा उधार की स्वीकृत राशि में पिछले साल की तुलना में वृद्धि देखी गयी। प्रति कार्ड धारक स्वीकृत उधार की औसत राशि में पिछले दो सालों को छोड़कर इसकी शुरुआत में ही निरंतर वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गयी (सारणी V.33)।

5.78 योजना के अंतर्गत उसके आरंभ के समय से जारी किए गए कुल केसीसी तथा कुल स्वीकृत राशि में से अधिकतम हिस्सा वाणिज्य बैंकों का था, जिसके बाद सहकारी बैंकों का स्थान था। तथापि, सहकारी बैंकों द्वारा जारी किए गए कार्डों की संख्या में 2001-02 से गिरावट की प्रवृत्ति देखी गयी, जबकि वाणिज्य बैंकों द्वारा जारी किए गए केसीसी की संख्या में में कमोबेश वृद्धि की प्रवृत्ति

सारणी V.33: जारी किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या : एजेंसीवार और वर्षवार
(मार्च 2010 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ष	सहकारी बैंक		क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक		वाणिज्य बैंक		कुल	
	कार्डों की संख्या	राशि	कार्डों की संख्या	राशि	कार्डों की संख्या	राशि	कार्डों की संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1998-99	1,55,353	826	6,421	11	6,22,391	1,473	7,84,165	2,310
1999-00	35,94,869	3,606	1,73,301	405	13,65,911	3,537	51,34,081	7,548
2000-01	56,14,445	9,412	6,48,324	1,400	23,89,588	5,615	86,52,357	16,427
2001-02	54,35,859	15,952	8,33,629	2,382	30,71,046	7,524	93,40,534	25,858
2002-03	45,78,923	15,841	9,63,950	2,955	26,99,883	7,481	82,42,756	26,277
2003-04	48,78,236	9,855	12,74,289	2,599	30,94,108	9,331	92,46,633	21,785
2004-05	35,55,783	15,597	17,29,027	3,833	43,95,564	14,756	96,80,374	34,186
2005-06	25,98,226	20,339	12,49,474	8,483	41,64,551	18,779	80,12,251	47,601
2006-07	22,97,640	13,141	14,05,874	7,373	48,07,964	26,215	85,11,478	46,729
2007-08	20,91,329	19,991	17,72,498	8,743	46,05,775	59,530	84,69,602	88,264
2008-09	13,43,845	8,428	14,14,647	5,648	58,33,981	39,009	85,92,473	53,085
2009-10	17,43,253	7,606	19,49,785	10,132	53,13,085	38,684	90,06,123	56,422
कुल	3,78,87,761	1,40,594	1,34,21,219	53,964	4,23,63,847	2,31,934	9,36,72,827	4,26,492
कुल में प्रतिशत	40.4	33.0	14.4	12.7	45.3	54.4	100.0	100.0

स्रोत : नाबार्ड

थी। फलस्वरूप, केसीसी योजना के तहत कुल स्वीकृत राशि में सहकारी बैंकों के हिस्से में गिरावट की प्रवृत्ति देखी गयी (चार्ट V.11)।

5.79 मार्च 2010 के अंत में जारी किए गए केसीसी की अधिकतम संख्या उत्तर प्रदेश में थी, जिसके बाद आंध्रप्रदेश का स्थान था। इस प्रकार, अब तक जारी किए गए कुल केसीसी का एक तिहाई हिस्सा इन दो राज्यों का था। इसी तरह मार्च 2010 के अंत में केसीसी योजना के तहत स्वीकृत उधार का अधिकतम हिस्सा उत्तर प्रदेश का था जिसके बाद महाराष्ट्र का स्थान था। तथापि, मार्च 2010 के अंत में, प्रति केसीसी स्वीकृत उधार की औसत राशि गुजरात में सर्वाधिक थी, जिसके बाद पंजाब का स्थान था। उत्तर-पूर्वी राज्यों तथा अन्य पहाड़ी राज्यों में, जारी केसीसी की संख्या

चार्ट V.11 : जारी किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या में बैंक समूहों का हिस्सा और किसान क्रेडिट कार्डों के अंतर्गत स्वीकृत राशि





तथा स्वीकृत उधार राशि मार्च 2010 के अंत में शेष राज्यों की तुलना में बहुत कम थी (परिशिष्ट सारणी V.9)।

5. निष्कर्ष

5.80 यद्यपि, भारत में बैंकिंग प्रणाली द्वारा किए गए कुल कारोबार में सहकारी बैंकों का एक छोटा अनुपात है, तथापि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में उनकी संभाव्य भूमिका तथा शेष वित्तीय प्रणाली के साथ इन संस्थाओं की वित्तीय अंतर-संबद्धता के कारण भारतीय वित्तीय जगत में इनका महत्वपूर्ण स्थान है।

5.81 यूसीबी क्षेत्र में समेकन संबंधी चल रहे पहलों के फलस्वरूप यूसीबी की रूपरेखा में वित्तीय रूप से सुदृढ़ बैंकों के पक्ष में बदलाव देखा गया। यूसीबी क्षेत्र ने मार्च 2010 के अंत में समग्र निवल लाभ सूचित किया। तथापि, वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल के विकीर्णन प्रभावों के कारण पिछले दो वर्षों में लाभप्रदता में गिरावट आई। यूसीबी क्षेत्र में जिन उभरते मुद्दों पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है उनमें से कुछ नकारात्मक ब्याजेतर मार्जिन, अनर्जक कर्ज का उच्च स्तर हानि उठाने वाले बैंकों, नकारात्मक सीआरएआर वाले बैंकों की मौजूदगी तथा बैंकिंग कारोबार का विषम संकेंद्रण है।

5.82 ग्रामीण सहकारी संस्थाओं के वित्तीय कार्य-निष्पादन में पिछले साल की तुलना में मार्च 2009 के अंत में समग्र सुधार आया। तथापि, उस अवधि के दौरान आस्ति की गुणवत्ता में गिरावट आई। इन संस्थाओं की वित्तीय सुदृढ़ता में सुधार लाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इन संस्थाओं के, विशेष रूप से पीएसीएस के, वर्तमान बुनियादी ढांचे का उपयोग वित्तीय समावेशन के संवर्धन के लिए किया जा सकता है। इस संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों में पीएसीएस असंतुलित भौगोलिक विस्तार तथा बैंकिंग कारोबार के असंतुलित वितरण का समाधान करना जरूरी है। साथ ही, संसाधनों के विशाखीकरण एवं वित्तीय समावेशन दोनों की दृष्टि से दीर्घावधि सहकारी कर्ज संस्थाओं द्वारा जमा संग्रहण में सुधार लाने की भी तत्काल आवश्यकता है। आरआइडीएफ से उधार के संवितरण तथा सहकारी संस्थाओं द्वारा जारी किए गए केसीसी की संख्या में गिरावट की प्रवृत्ति एक चिंता का विषय है जिसकी ओर तत्काल ध्यान देना जरूरी है।

अध्याय VI

गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाएं

गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाएं (एनबीएफआइ) ऋण प्रदान करने तथा वित्तीय मध्यस्थन के संबंध में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा किए गए प्रयासों में सहायता पहुंचाती हैं। बैंकिंग क्षेत्र के साथ इनकी बढ़ती अंतर-संबद्धता को देखते हुए, समग्र वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने की दृष्टि से गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय सुदृढ़ता का महत्व काफी बढ़ जाता है। 2009-10 में जमाराशि न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के समेकित तुलनपत्र में वृद्धि हुई, परंतु उनकी आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) में गिरावट आई। वित्तीय संस्थाओं (एफआइ) के मामले में, निवल लाभ में वृद्धि के साथ-साथ उनके समेकित तुलनपत्र में वृद्धि हुई। तथापि 2009-10 के दौरान वित्तीय संस्थाओं के आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) में मामूली गिरावट हुई। इसके विपरीत, 2009-10 में प्राथमिक व्यापारियों (पीडी) की लभप्रदता में, मुख्यतः सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिलाभ में बढ़ोतरी के चलते तेज गिरावट आई।

1. भूमिका

6.1 वाणिज्य बैंकों तथा सहकारी कर्ज संस्थाओं (शहरी और ग्रामीण) के अतिरिक्त भारत की वित्तीय प्रणाली में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी), वित्तीय संस्थाएं तथा प्राथमिक व्यापारी जैसे एनबीएफआइ के व्यापक प्रकार शामिल हैं। एनबीएफसी एक ऐसा विविध समूह है जिसमें न केवल आकार तथा निगमन की प्रकृति, बल्कि उनके कार्यकलापों की दृष्टि से भी भिन्नताएं हैं। वित्तीय प्रणाली में प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के अतिरिक्त ये संस्थाएं जनसाधारण को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वित्तीय विस्तार तथा वित्तीय समावेशन के लक्ष्य के बढ़ते महत्व को देखते हुए एनबीएफआइ को, विशेष रूप से लघु तथा खुदरा क्षेत्रों के लिए, महत्वपूर्ण वित्तीय मध्यस्थों के रूप में देखा जा रहा है।

6.2 एनबीएफसी को, जो कि एनबीएफआइ का सबसे बड़ा हिस्सा है, विनियामक तथा पर्यवेक्षी नियंत्रणों के स्तर तथा प्रकृति के आधार पर बैंकों से अंतर किया जा सकता है। पहला, बैंकों की तुलना में इन संस्थाओं पर लागू विनियमन अपेक्षाकृत सरल हैं। दूसरा, उन पर विनियमन संबंधी कतिपय निर्धारण लागू नहीं होते जो बैंकों पर लागू हैं। उदाहरण के लिए, बैंकों की तरह एनबीएफसी पर आरक्षित नकदी निधि अपेक्षा (सीआरआर) लागू नहीं होती। तथापि, अपनी सार्वजनिक जमाराशि देयताओं का 15 प्रतिशत हिस्सा सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) के रूप में सरकारी तथा अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में रखना उनके लिए अनिवार्य है। तीसरा, उन्हें जमाराशि बीमा सुविधा तथा रिज़र्व बैंक से पुनर्वित्त सुविधा का लाभ नहीं मिलता। चौथा, एनबीएफसी के पास चेक जारी करने की सुविधा नहीं है और वे भुगतान तथा निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं हैं।

6.3 जनता से जमाराशि लेने अथवा अन्यथा के आधार पर एनबीएफसी की दो प्रमुख श्रेणियां हैं, नामतः जमाराशि लेने वाली एनबीएफसी (एनबीएफसी-डी) तथा जमाराशि न लेने वाली एनबीएफसी (एनबीएफसी-एनडी)। 2006 से एनबीएफसी को उनके उत्पादक आस्तियों के सृजन से जुड़ने अथवा अन्यथा के आधार पर पुनः वर्गीकृत किया गया। नये वर्गीकरण के अनुसार, उत्पादक आस्तियों का सृजन करने वाली एनबीएफसी को तीन प्रमुख श्रेणियों, नामतः आस्ति वित्त कंपनियों, उधार कंपनियों तथा निवेश कंपनियों के रूप में वर्गीकृत किया गया। बुनियादी ढांचागत वित्त के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए इससे जुड़ी एनबीएफसी की एक चौथी श्रेणी अर्थात बुनियादी ढांचा वित्त कंपनी की शुरुआत फरवरी 2010 से की गयी (बॉक्स VI.1)।

6.4 हाल तक एनबीएफसी-एनडी पर न्यूनतम विनियमन लागू थे क्योंकि वे जमाराशि न लेने वाली संस्थाएं थीं तथा उन्हें एक ऐसी संस्था के रूप में देखा जा रहा था जिससे वित्तीय स्थिरता के लिए कम खतरा हो। तथापि, इस खंड के बढ़ते महत्व तथा बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ इनकी आपसी संबद्धता

बॉक्स VI.1: बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियां (आइएफसी) - आइएफसी के लिए भिन्न वर्गीकरण और मानदंड की आवश्यकता

देश की बुनियादी ढांचा संबंधी बढ़ती जरूरत के कारण बुनियादी ढांचा क्षेत्र के वित्तपोषण हेतु एनबीएफसी की एक अलग श्रेणी की जरूरत महसूस की गयी। बुनियादी ढांचा संबंधी वित्त के मुद्दे पर विचार करने के लिए दीपक पारीख समिति सहित कई समितियां गठित की गयीं। यह सुविदित है कि एनबीएफसी इस क्षेत्र के विकास हेतु उल्लेखनीय योगदान दे सकती है। बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के महत्व को देखते हुए यह अनुभव किया गया कि इस क्षेत्र में वित्तपोषण करने वाली कंपनियों पर वे विनियामक अथवा निधीयन संबंधी सीमाएं नहीं लगाई जानी चाहिए जो उपभोक्ता वस्तुओं का वित्तपोषण करने वाली अथवा इक्विटी में निवेश करने वाली कंपनियों पर लगाई जाती हैं। बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में बड़ी राशि के परिव्यय की जरूरत पड़ती है, इसकी परियोजना अवधि लंबी होती है तथा इसमें एक्सपोजर की राशि बड़ी होती है। ऋण के आकार की दृष्टि से प्रत्येक उधारदाता की प्रतिबद्धता राशि बड़ी होती है तथा एनबीएफसी के ऋण संकेद्रण संबंधी विवेकपूर्ण मानदंड बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण में भाग लेने वाली कंपनियों के लिए बाधक हो सकते हैं। अतः 12 फरवरी 2010 से एनबीएफसी की एक पृथक श्रेणी अर्थात आस्ति वित्त कंपनी (आइएफसी) की शुरुआत की गयी।

एनबीएफसी को आइएफसी के रूप में पात्रता हेतु आवश्यक मानदंड निम्नानुसार हैं:

1. वे कंपनियां जो कुल आस्तियों का न्यूनतम 75 प्रतिशत बुनियादी ढांचा ऋण में लगाती हैं, जैसा कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (जमाराशि स्वीकार न करनेवाली या होल्डिंग) विवेकपूर्ण मानदंड (रिज़र्व बैंक) दिशानिर्देश, 2007 के पैरा 2 (viii) में परिभाषित किया गया है।
2. निवल स्वाधिकृत निधियां 300 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक हों,
3. क्रिसिल, एफआइटीसीएच, केअर, आइसीआरए की न्यूनतम क्रेडिट रेटिंग 'ए' अथवा समतुल्य या किसी अन्य प्रमाणित रेटिंग एजेंसी की समतुल्य रेटिंग,
4. सीआरएआर 15 प्रतिशत हो (टियर I पूंजी न्यूनतम 10 प्रतिशत सहित)।

बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियां (आइएफसी) - रियायतें

1. आस्ति वित्त कंपनियां एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के लिए लागू कर्ज संकेद्रण संबंधी मानदंड का निम्नानुसार अतिक्रमण कर सकती हैं:

(i) उधार देने के संबंध में

(क) किसी एकल उधारकर्ता के संबंध में अपनी निधि का 10 प्रतिशत तक; तथा

(ख) उधारकर्ताओं के किसी एक समूह के संबंध में अपनी निधि का 15 प्रतिशत तक

(अन्य एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के लिए उच्चतम सीमाएं क्रमशः 15 तथा 25 प्रतिशत हैं)

(ii) निवेश तथा अग्रिमों के संबंध में (कर्ज / निवेश को एक साथ लेकर)

(क) किसी एक पार्टी को अपनी निधि का पांच प्रतिशत तक; तथा

(ख) पार्टियों के एक समूह को अपनी निधि का दस प्रतिशत तक

(अन्य एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के लिए उच्चतम सीमाएं क्रमशः 25 तथा 40 प्रतिशत हैं)

2. बुनियादी ढांचा वित्त कंपनियां अनुमोदन मार्ग के जरिए बुनियादी ढांचा क्षेत्र में आगे उधार देने के लिए कतिपय शर्तों के अधीन बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकती हैं। पांच एनबीएफसी-एनडी-एसआइ को बुनियादी ढांचा वित्त कंपनी के रूप पुनः वर्गीकृत किया गया है।

को ध्यान में रखते हुए 1 अप्रैल 2007 से बड़ी तथा प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी-एनडी पर पूंजी पर्याप्तता तथा एक्सपोजर संबंधी मानदंड लागू किए गए; ऐसी संस्था को जमाराशि न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी के रूप में अभिहित किया गया।

6.5 एनबीएफआइ के दूसरे बड़े घटक में वित्तीय संस्थाएं (एफआइ) आती हैं। एफआइ को मोटे तौर पर उनके प्रमुख उधार / निवेश संबंधी कार्यकलापों के आधार पर निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है, यथा (i) मीयादी ऋण देने वाली संस्थाएं जैसे कि एक्जिम बैंक, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को निर्यात तथा विदेशी निवेश हेतु वित्त प्रदान करता है, (ii) पुनर्वित्त प्रदान करने वाली संस्थाएं, जैसे कि नाबार्ड, सिडबी, एनएचबी जो कृषि, लघु उद्योगों (एसएसआइ) तथा आवास क्षेत्रों में आगे उधार देने हेतु बैंकिंग तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय मध्यस्थों को पुनर्वित्त प्रदान करते हैं, (iii) भारतीय जीवन बीमा तथा भारतीय साधारण बीमा जैसी निवेश संस्थाएं जो अपनी आस्तियां मुख्यतः विपणनीय प्रतिभूतियों में लगाती हैं।

6.6 प्राथमिक व्यापारियों का गठन, जो कि एनबीएफआइ का तीसरा प्रमुख घटक है, 1995 में देश में सरकारी प्रतिभूतियों का बाजार विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था। द्वितीयक बाजार में चलनिधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ इन प्रतिभूतियों की मांग के निर्भरयोग्य स्रोत के सृजन के जरिए यह लक्ष्य प्राप्त करने की परिकल्पना की गयी थी।

6.7 इस अध्याय में 2009-10 के दौरान एनबीएफआइ के इन प्रत्येक खंड के वित्तीय निष्पादन तथा सुदृढ़ता संकेतक का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इस अध्याय को चार खंडों में विभाजित किया गया है। खंड 2 में वित्तीय संस्थाओं के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण किया गया है जबकि खंड 3 में एनबीएफसी-

सारणी VI.1: वित्तीय संस्थाओं के स्वामित्व का स्वरूप

(31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार)

(प्रतिशत)

शेअरहोल्डिंग संस्थाएं	एक्जिम बैंक	नाबार्ड	एनएचबी	सिडबी
1	2	3	4	5
भारत सरकार	100.0	27.5 #	–	–
भारतीय रिज़र्व बैंक	–	72.5 #	100.0	–
आईडीबीआइ	–	–	–	21.8
एसबीआइ	–	–	–	17.2
एलआइसी	–	–	–	16.4
अन्य	–	–	–	44.7 @

भारत सरकार के दिनांक 16.09.2010 की अधिसूचना के अनुसार 16.09.2010 से नाबार्ड के ईक्वटी में भारत सरकार और रिज़र्व बैंक की हिस्सेदारी क्रमश: 99% और 1% हैं।

@ अन्य में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, एक्जिम बैंक एलआइसी, जीआइसी आदि शामिल हैं।

डी और एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के वित्तीय निष्पादन की चर्चा की गयी है। खंड 4 में प्राथमिक तथा द्वितीयक बाजारों में प्राथमिक व्यापारियों के निष्पादन का विश्लेषण किया गया है तथा खंड 5 में निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है।

2. वित्तीय संस्थाएं

6.8 मार्च 2010 के अंत में, रिज़र्व बैंक के विनियमन के अंतर्गत पांच वित्तीय संस्थाएं अर्थात् एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी, सिडबी तथा आइआइबीआइ थीं। इनमें से चार संस्थाएं (अर्थात एक्जिम बैंक, नाबार्ड, एनएचबी तथा सिडबी) रिज़र्व बैंक के पूर्णतः विनियमन और पर्यवेक्षण के अधीन हैं। आइआइबीआइ 31 मार्च 2010 की स्थिति पर स्वैच्छिक समापन की प्रक्रिया में है।

6.9 मार्च 2010 के अंत में, एक्जिम बैंक और एनएचबी पूरी तरह क्रमशः भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के स्वामित्व में थे। भारतीय रिज़र्व बैंक, जिसकी नाबार्ड में एक बड़ी हिस्सेदारी थी, ने सितंबर 2010 में अपनी होल्डिंग 72.5 प्रतिशत से कम करते हुए 1.0 प्रतिशत किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार का स्वामित्व 27.5 प्रतिशत से बढ़कर 99.0 प्रतिशत हो गया। मार्च 2010 के अंत में, सिडबी के स्वामित्व का ढांचा दर्शाता है कि इसमें अन्य संस्थाओं के पास कुल इक्विटी का 44.7 प्रतिशत है जिसके बाद आइडीबीआइ, एसबीआइ और एलआइसी का क्रम आता है (सारणीVI.1)।

वित्तीय संस्थाओं के कार्यकलाप

6.10 यद्यपि, 2009-10 के दौरान वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत वित्तीय सहायता में मामूली वृद्धि हुई, फिर भी इन संस्थाओं द्वारा वर्ष के दौरान किये गये संवितरण में गिरावट आई। यह निवेश संस्थाओं, मुख्य रूप से भारतीय जीवन बीमा के संवितरण में आई गिरावट की वजह से थी (सारणी VI.2 तथा परिशिष्ट सारणी VI.1)।

वित्तीय संस्थाओं की आस्तियां और देयताएं

6.11 2009-10 के दौरान वित्तीय संस्थाओं के समेकित तुलनपत्रों में विस्तार हुआ। देयता पक्ष में, बांडों तथा डिबेंचरों के

सारणी VI.2: वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता

(राशि करोड़ रुपए में)

श्रेणी	राशि				घटबढ़ प्रतिशत	
	2008-09		2009-10		2009-10	
	स्वी	संवि.	स्वी	संवि.	स्वी	संवि.
1	2	3	4	5	6	7
(i) अखिल भारतीय सावधि ऋणदाता संस्थाएं*	33,232	31,629	42,118	37,824	26.7	19.6
(ii) विशेषीकृत वित्तीय संस्थाएं#	597	283	591	320	-0.9	13.1
(iii) निवेश संस्थाएं@	71,400	62,357	66,077	55,271	-7.5	-11.4
एफआइ द्वारा कुल सहायता (i+ii+iii)	**1,05,229**	**94,269**	**1,08,786**	**93,415**	**3.4**	**-0.9**

स्वी : स्वीकृति संवि.: संवितरण *: आइएफसीआइ, सिडबी और आइआइबीआइ के संबंध में। # : आइवीसीएफ, आइसीआइसीआइ वेंचर और टीएफसीआइ के संबंध में।
@: एलआइसी और जीआइसी तथा भूतपूर्व सब्सिडियरी (एनआइए, यूआइआइसी और ओआइसी) के संबंध में।
टिप्पणी : सभी आंकड़े अनंतिम हैं।
स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी VI.3: वित्तीय संस्थाओं की देयताएं और आस्तियां
(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	राशि		घटबढ़ प्रतिशत
	2009	2010	2009-10
1	2	3	4
देयताएं			
1. पूंजी	4,300 (2.0)	4,600 (1.9)	7.0
2. आरक्षित निधि	41,962 (19.3)	39,489 (16.0)	-5.9
3. बांड और डिबेंचर	59,602 (27.4)	69,943 (28.3)	17.4
4. जमाराशियां	63,515 (29.2)	79,473 (32.2)	25.1
5. उधार राशियां	35,307 (16.2)	34,413 (13.9)	- 2.5
6. अन्य देयताएं	12,609 (5.8)	18,959 (7.7)	50.4
कुल देयताएं/आस्तियां	**217,296 (100.0)**	**246,878 (100.00)**	**13.6**
आस्तियां			
1. नकद और बैंक शेष	5,244 (2.4)	3,703 (1.5)	-29.4
2. निवेश	8,080 (3.7)	9187 (3.7)	13.7
3. ऋण और अग्रिम	180,140 (82.9)	211,879 (85.8)	17.6
4. भुनाए/पुनर्भुनाए गए बिल	2,145 (1.0)	2,668 (1.1)	24.4
5. अचल आस्तियां	570 (0.3)	553 (0.2)	-3.0
6. अन्य आस्तियां	21,117 (9.7)	18,888 (7.7)	-10.6

टिप्पणियां: 1. ये आंकड़े 4 एफआइ यथा - नाबार्ड, एनएचबी, सिडबी और एक्जिम बैंक के हैं। आइआइबीआइ लि. 31 मार्च 2010 को स्वैच्छिक समापन के अंतर्गत था।
2. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल देयताओं/आस्तियों के प्रति प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत : i) संबंधित एफआइ के तुलनपत्र । ii) 30 जून 2010 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर लेखापरीक्षित ऑफ-साइट विवरणियां ।

साथ जमाराशियां उधार की प्रमुख स्रोत रहीं (सारणी VI.3)। तथापि, 2009-10 के दौरान उधार के जरिए जुटाए गए संसाधन में गिरावट देखी गई।

6.12 आस्ति पक्ष में, उधार तथा अग्रिम एकल बड़े घटक बने रहे जिनका वित्तीय संस्थाओं की कुल आस्तियों में हिस्सा चार बटा पाच था। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (एससीबी)के मामलों में देखी गयी प्रवृत्ति के अनुरूप 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं के ऋण तथा अग्रिमों की वृद्धि दर में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट आई।

वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाये गये संसाधन

6.13 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं ने रुपए तथा विदेशी मुद्राओं दोनों में संसाधन जुटाए। 2009-10 में, वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गये कुल संसाधन में 25.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो मुख्यतः इन संस्थाओं द्वारा बांडों / डिबेंचरों सहित जुटाये गये दीर्घावधि संसाधनों की वजह से थी (सारणी VI.4)। चार वित्तीय संस्थाओं में, 2009-10 में सिडबी ने सबसे अधिक संसाधन जुटाये और उसके बाद नाबार्ड का क्रम था।

6.14 वित्तीय संस्थाओं ने विभिन्न लिखतों जैसे, वाणिज्यिक पत्र (सीपी), जमा प्रमाणपत्र (सीडी) तथा मीयादी जमाराशियों के माध्यम से मुद्रा बाजार से संसाधन जुटाये। 2009-10 में, वित्तीय संस्थाओं द्वारा सीपी के माध्यम से जुटाये गये संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई (सारणी VI.5)। इसके परिणामस्वरूप,

सारणी VI.4 : वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए संसाधन

(राशि करोड़ रुपए में)

संस्थाएं	जुटाए गए कुल संसाधन								कुल बकाया (मार्च के अंत में)	
	दीर्घावधि		अल्पावधि		विदेशी मुद्रा		योग			
	2008-09	2009-10	2008-09	2009-10	2008-09	2009-10	2008-09	2009-10	2009	2010
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
एक्जिम बैंक	3,197	8,150	8,905	5,052	3,800	5,193	15,902	18,395	37,202	40,509
नाबार्ड	4,252	16	3,494	12,330	–	–	7,746	12,346	26,867	24,922
एनएचबी	3,124	7,518	16,881	10,306	–	–	20,005	17,824	16,503	10,598
सिडबी	5,625	13,253	8,811	11,500	1,361	987	15,797	25,740	24,487	30,186
योग	**16,198**	**28,937**	**38,091**	**39,188**	**5,161**	**6,180**	**59,450**	**74,305**	**1,05,059**	**1,06,215**

– : शून्य/नगण्य

टिप्पणियां: दीर्घावधि रुपया संसाधनों में बांड/डिबेंचर से जुटाई गई उधार राशियां सम्मिलित हैं; और अल्पावधि संसाधनों में सीपी, सावधि जमा राशियां, आइसीडी, सीडी और सावधि मुद्रा से प्राप्त उधार राशियां सम्मिलित हैं। विदेशी मुद्रा संसाधनों में आम तौर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में बांड और उधार राशियां सम्मिलित हैं।

स्रोत : संबंधित एफआइ।

सारणी VI.5: वित्तीय संस्थाओं द्वारा मुद्रा बाजार से जुटाए गए संसाधन

(राशि करोड़ रुपए में)

लिखत	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10
1	2	3	4	5
क. योग	**3,293**	**4,458**	**15,247**	**31,743**
i) सावधि जमाराशियां	89	508	2,222	3,510
ii) सावधि मुद्रा	–	250	1,184	922
iii) अंतर कारपोरेट जमाराशियां	–	–	–	0
iv) जमा प्रमाणपत्र	663	2,286	5,633	1,555
v) वाणिज्यिक पत्र	2,540	1,414	6,207	25,456
vi) बैंकों से अल्पावधि ऋण	–	–	–	300
ज्ञापन :				
ख. अंब्रेला सीमा	**19,001**	**19,500**	**26,292**	**24,650**
ग. अंब्रेला सीमा का उपयोग ('ख' के प्रतिशत के रूप में 'क')	**17.3**	**22.9**	**58.0**	**129.0**

- : शून्य/नगण्य

स्रोत : वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए संसाधन संबंधी पाक्षिक विवरणी।

वाणिज्यिक पत्र 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं द्वारा मुद्रा बाजार से जुटाए गये कुल संसाधनों के लगभग 80 प्रतिशत हिस्से के साथ संसाधनों का एकल सबसे महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में उभरकर आया। वित्तीय संस्थाओं को अधिदेश है कि वे स्वीकृत समग्र सीमा के अंतर्गत मुद्रा बाजार से संसाधन जुटाये। 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाये गये संसाधनों में हुई वृद्धि को देखते हुए, ऐसा प्रतीत होता है कि इन संस्थाओं ने पिछले वर्ष देखी गयी प्रवृत्ति के विपरीत, समग्र सीमा से अधिक की राशि जुटाई। तथापि, यह धारणा इसलिए बनी क्योंकि सीपी मुद्रा बाजार की एक अल्पावधि लिखत है तथा वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाएं इसके जरिए संसाधन जुटाती रहीं जिसके कारण सीपी के माध्यम से जुटाई गयी संचयी राशि का स्तर उच्चतर था। उल्लेखनीय है कि वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस लिखत के जरिए प्रत्येक बार संसाधन जुटाते समय समग्र सीमा का उल्लंघन नहीं किया गया।

निधियों के स्रोत तथा उपयोग

6.15 यद्यपि 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं द्वारा अंतरिक स्रोतों से संग्रह किये गये संसाधनों में गिरावट आई, फिर भी वर्ष के दौरान ये वित्तीय संस्थाओं की निधियों के सबसे बड़े स्रोत बने रहे। वित्तीय संस्थाओं की निधि के आंतरिक स्रोतों में इस गिरावट की मुख्य वजह सिडबी और एनएचबी के निधि के आंतरिक संसाधनों में गिरावट थी। सिडबी के मामले में, संवितरण के ऊंचे स्तर और दैनंदिन चलनिधि प्रबंधन के लिए आपाती कर्ज की व्यवस्था से अल्पावधि लिखतों में औसत निवेश में कमी हुई जिसके परिणामस्वरूप 2009-10 में निधि के आंतरिक संसाधनों में गिरावट हुई। एनएचबी के मामले में, इसकी निधि के आंतरिक स्रोतों में गिरावट प्राथमिक उधारदात्री संस्थाओं (पीएलआइ) से चुकौती के रूप में कम राशि प्राप्त होने की वजह से हुई। मुख्य रूप से वैश्विक वित्तीय संकट से उबरने के कारण वर्ष के दौरान बाह्य स्रोतों से जुटाई गयी निधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस वृद्धि के कारण 2009-10 में बाहरी स्रोतों से जुटाये गये संसाधनों का हिस्सा बढ़कर कुल संसाधनों का दो बटा पांच हो गया जबकि पिछले वर्ष यह हिस्सा कुल का एक तिहाई था।

6.16 वर्ष के दौरान जुटाई गई निधियों में से आधे से भी अधिक हिस्सा वित्तीय संस्थाओं द्वारा नये नियोजन के लिए लगाया गया। तथापि, वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछली उधारियों की चुकौती हेतु उपयोग की गयी निधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई (सारणी VI.6)।

उधार लेने और देने की लागत और परिपक्वता

6.17 2009-10 में चारों वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गये रुपया संसाधनों की औसत लागत में गिरावट आई (सारणी VI.7)। इसके अलावा, वर्ष के दौरान एनएचबी को छोड़कर सभी वित्तीय संस्थाओं के रुपया संसाधनों की भारित औसत परिपक्वता में भी गिरावट आई।

6.18 एनएचबी तथा सिडबी ने 2009-10 में अपनी मूल उधार दर में कमी की जबकि एक्जिम बैंक ने उसे अपरिवर्तित रखा (सारणी VI.8)। मूल उधार दर में कमी किये जाने अथवा उसे अपरिवर्तित रखे जाने के बावजूद 2009-10 में पिछले वर्ष की तुलना में वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये गये उधार तथा अग्रिमों की वृद्धि दर में गिरावट आई जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है (सारणी VI.3 देखें)।

वित्तीय संस्थाओं का वित्तीय निष्पादन

6.19 2009-10 के दौरान वित्तीय संस्थाओं के वित्तीय निष्पादन में 2008-09 की तुलना में सुधार हुआ। वित्तीय

सारणी VI.6: वित्तीय संस्थाओं की निधियों के स्रोतों और नियोजन की प्रवृत्ति*

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2008-09	2009-10	घटबढ़ प्रतिशत 2009-10
1	2	3	4
क. निधियों का स्रोत (i+ii+iii)	**2,97,296** (100.0)	**3,02,610** (100.0)	**1.8**
(i) आंतरिक	1,93,294 (65.0)	1,56,733 (51.8)	-18.9
(ii) बाह्य	91,314 (30.7)	1,26,813 (41.9)	38.8
(iii) अन्य@	12,688 (4.3)	19,065 (6.3)	50.3
ख. निधियों का नियोजन (i+ii+iii)	**2,97,296** (100.0)	**3,02,610** (100.0)	**1.8**
(i) नए नियोजन	1,94,711 (65.5)	1,71,922 (56.8)	-11.7
(ii) भूतकाल की उधार राशियों की चुकौती	56,592 (19.0)	1,15,015 (38.0)	103.2
(iii) अन्य नियोजन	45,993 (15.5)	15,673 (5.2)	-65.9
जिनमें से :			
ब्याज का भुगतान	8,809 (3.0)	16,561 (5.5)	88.0

* : एक्जिम बैंक, नाबार्ड,एनएचबी और सिडबी

@: बैंकों में नकदी और शेष, रिज़र्व बैंक और अन्य बैंकों में शेष राशियां सम्मिलित हैं।

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल के प्रति प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

संस्थाओं के गैर-ब्याज आय में गिरावट के बावजूद ब्याज आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने के कारण उनके निवल लाभ में वृद्धि हुई। तथापि सकल औसत आस्तियों (आरओए) की तुलना में उनके निवल लाभ के अनुपात में मामूली गिरावट हुई (सारणी VI.9)। चार वित्तीय संस्थाओं में से सिडबी का आस्तियों पर प्रतिलाभ सबसे अधिक बना रहा जिसके बाद

सारणी VI.7: चयनित वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुटाए गए रूपया संसाधनों की भारित औसत लागत और परिपक्वता

संस्था	भारित औसत लागत (प्रतिशत)		भारित औसत परिपक्वता (वर्ष)	
	2008-09	2009-10	2008-09	2009-10
1	2	3	4	5
एक्जिम बैंक	9.0	7.1	2.5	1.9
सिडबी	6.4	5.2	5.3	3.2
नाबार्ड	9.5	4.4	4.3	0.3
एनएचबी	7.4	6.2	2.8	4.7

टिप्पणी : आंकड़े अनंतिम हैं।

स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

सारणी VI.8: चयनित वित्तीय संस्थाओं की दीर्घावधि पीएलआर संरचना

(प्रतिशत)

प्रभावी	एनएचबी	एक्जिम बैंक	सिडबी
1	2	3	4
मार्च 2009	10.75	14.00	12.50
मार्च 2010	10.25	14.00	11.00

स्रोत : संबंधित वित्तीय संस्थाएं।

नाबार्ड का स्थान था। एक्ज़िम बैंक का आस्तियों पर प्रतिलाभ सबसे कम था (सारणी VI.10)।

सारणी VI.9: चयनित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं का वित्तीय निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2008-09	2009-10	घटबढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (अ+आ)	**14,274**	**15,331**	**1,057**	**7.4**
अ) ब्याज आय	12,169 (85.2)	14,755 (96.2)	2,587	21.3
आ) गैर ब्याज आय	2,106 (14.8)	575 (3.8)	-1,530	-72.7
ख. व्यय (अ+आ)	**10,492**	**11,095**	**603**	**5.7**
अ) ब्याज व्यय	8,977 (85.6)	9,328 (84.1)	351	3.9
आ) परिचालन व्यय	1,516 (14.4)	1,767 (15.9)	252	16.6
जिनमें से: वेतन बिल	362	464	102	28.1
ग. आय कर के लिए प्रावधान	**1,190**	**1417**	**227**	**19.0**
घ. लाभ				
Operating Profit (PBT)	3,782	4,236	454	12.0
Net Profit (PAT)	2,592	2,819	227	8.8
ङ. वित्तीय अनुपात@				
परिचालन लाभ (पीबीटी)	1.9	1.8		
निवल लाभ (पीएटी)	1.3	1.2		
आय	7.2	6.6		
ब्याज आय	6.1	6.4		
अन्य आय	1.1	0.2		
व्यय	5.3	4.8		
ब्याज व्यय	4.5	4.0		
अन्य परिचालन व्यय	0.8	0.8		
वेतन बिल	0.2	0.2		
प्रावधान	0.6	0.6		
स्प्रेड (विशुद्ध ब्याज आय)	1.6	2.3		

-: शून्य / नगण्य @: औसत कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में।

टिप्पणी: 1. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित योग का प्रतिशत हिस्सा दर्शाते हैं।
2. गैर-ब्याज आय में अन्य गैर-परिचालनात्मक आय शामिल हैं।
3. परिचालन व्यय में अन्य प्रावधान भी शामिल हैं।
4. अन्य प्रावधानों में जोखिम प्रावधान, अन्य हानि के लिए प्रावधान, राइट ऑफ, यदि कोई हो, अचल आस्तियों में मूल्यह्रास शामिल हैं।
5. नाबार्ड के मामले में, गैर परिचालन आय में पूंजीगत लाभ शामिल हैं।

स्रोत : 1. संबंधित एफआइ के वार्षिक लेखा विवरण 2. 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा परीक्षित / गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां 3. 30 जून 2010 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

सारणी VI.10: वित्तीय संस्थाओं के चयनित वित्तीय मानदंड
(मार्च के अंत में)

(प्रतिशत)

संस्था	ब्याज आय/ औसत कार्यकारी निधि		गैर ब्याज आय/ औसत कार्यकारी निधि		परिचालनात्मक लाभ/औसत कार्यकारी निधि		औसत आस्ति पर प्रतिलाभ		प्रति कर्मचारी निवल लाभ (करोड़ रु. में)	
	2009	2010	2009	2010	2009	2010	2009	2010	2009	2010
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
एक्जिम बैंक	7.75	8.37	0.80	0.80	2.36	1.75	1.18	1.13	2.06	2.21
नाबार्ड	6.47	6.19	0.13	0.10	1.86	1.80	1.30	1.23	0.28	0.33
एनएचबी*	7.96	6.63	0.33	0.15	1.74	1.86	1.20	1.20	..	..
सिडबी	8.84	8.35	1.11	0.41	5.25	4.19	3.11	2.36	0.31	0.41

.. : उपलब्ध नहीं ।
* : ऑसमोस विवरणियों के अनुसार जून 2010 अंत में स्थिति। एनएचबी के मामले में औसत कार्यकारी निधियों के बदले में कुल आस्तियां ली गई हैं।
स्रोत: i. संबंधित एफआइ के वार्षिक लेखा विवरण। ii. 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा परीक्षित / गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।
iii. 30 जून 2010 की स्थिति के अनुसार एनएचबी का गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

सुदृढ़ता के संकेतक : आस्ति गुणवत्ता

6.20 2009-10 में समग्र स्तर पर पिछले वर्ष की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियों की राशि में वृद्धि हुई। अनर्जक आस्तियों में हुई वृद्धि केवल सिडबी के कारण थी, जबकि अन्य वित्तीय संस्थाओं में 2009-10 में निवल अनर्जक आस्तियों में वस्तुतः गिरावट आयी थी (सारणी VI.11 तथा चार्ट 1)।

6.21 यदि चार वित्तीय संस्थाओं को नीचे से ऊपर उनकी निवल अनर्जक आस्तियों के क्रम में रखा जाए तो मार्च 2010 के अंत में एक्जिम बैंक सबसे अधिक निवल अनर्जक आस्तियों के साथ शीर्ष पर होगा जबकि शून्य एनपीए के साथ एनएचबी सबसे नीचे होगा। इसके अलावा एक्जिम बैंक का अनर्जक आस्ति अनुपात (निवल उधारों के प्रतिशत के रूप में एनपीए) सबसे अधिक था । तथापि,

सारणी VI.11: निवल अनर्जक आस्तियां
(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रु. में)

संस्था	निवल अनर्जक आस्तियां	
	2009	2010
1	2	3
एक्जिम बैंक	79	78
नाबार्ड	30	29
एनएचबी*	-	-
सिडबी	26	73
सभी वित्तीय संस्थाएं (एफआइ)	135	180

-: शून्य/नगण्य
*: ऑसमोस विवरणियों के अनुसार मार्च के अंत में स्थिति।
स्रोत: i) संबंधित एफआइ के तुलन पत्र
ii) 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा-परीक्षित / गैर लेखा-परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

चार्ट VI.1 : निवल अनर्जक आस्तियां / निवल ऋण (मार्च के अंत में)



*एनएचबी की अनर्जक आस्तियां नहीं हैं।

2010 में एक्जिम बैंक के निवल एनपीए अनुपात में गिरावट आयी। इसके विपरीत, 2009-10 में सिडबी का निवल एनपीए अनुपात 2008-09 के 0.08 प्रतिशत से बढ़कर 0.19 हो गया (चार्ट VI.1)। सिडबी के एनपीए के स्तर में हुई वृद्धि मुख्यतः इस अवधि के दौरान आर्थिक गतिविधियों में आयी गिरावट के प्रतिकूल असर की वजह से थी।

6.22 निवल एनपीए की राशि में वृद्धि के बावजूद, वित्तीय संस्थाओं के एनपीए संयोजन में सुधार के लक्षण थे। यह बात सभी वित्तीय संस्थाओं के एनपीए पोर्टफोलियो में अवमानक आस्तियों के प्रतिशत में हुई वृद्धि से स्पष्ट होती है, जबकि 2009-10 में संदिग्ध आस्तियों के प्रतिशत में पिछले वर्ष की

सारणी VI.12: वित्तीय संस्थाओं का आस्ति वर्गीकरण
(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

संस्था	मानक		अवमानक		संदिग्ध		घाटा	
	2009	2010	2009	2010	2009	2010	2009	2010
1	2	3	4	5	6	7	8	9
एक्जिम बैंक	34,077	38,957	21	49	58	29	–	–
नाबार्ड	98,822	119,896	7	3	23	25	–	–
एनएचबी*	16,851	19,837	–	–	–	–	–	–
सिडबी	30,854	37,892	23	68	3	2	–	–
सभी वित्तीय संस्थाएं (एफआइ)	**180,605**	**216,583**	**51**	**120**	**85**	**56**	–	–

- : शून्य/नगण्य *: जून अंत की स्थिति।
स्रोत: i) संबंधित एफआइ के तुलनपत्र। ii) 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा-परीक्षित / गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां। iii) 30 जून 2010 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

तुलना में तदनुरूप गिरावट आयी (सारणी VI.12)। यहां तक कि सिडबी के मामले में, जिसका 2009-10 में सबसे अधिक निवल एनपीए था, अवमानक आस्तियों के प्रतिशत में वृद्धि हुई तथा संदिग्ध आस्तियों के प्रतिशत में गिरावट आयी जो एनपीए के संयोजन में सुधार को दर्शाती है।

पूंजी पर्याप्तता

6.23 2009-10 में सिडबी को छोड़कर सभी वित्तीय संस्थाओं के सीआरएआर द्वारा मापे जानेवाले पूंजी पर्याप्तता अनुपात में वृद्धि हुई। तथापि, उल्लेखनीय है कि सभी वित्तीय संस्थाओं का सीआरएआर निर्धारित न्यूनतम 9 प्रतिशत के मानदण्ड से काफी अधिक था। विशेष रूप से, नाबार्ड का सीआरएआर काफी अधिक था, जिसकी पूंजी उसकी कुल जोखिम भारित आस्तियों का लगभग आधा थी, जो इस बात को दर्शाती है कि वह इस पूंजी का उपयोग ऋण के और विस्तार हेतु कर सकती है (सारणी VI.13)।

3. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)

6.24 एनबीएफसी-एनडी-एसआइ और साथ ही जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी कंपनियों के स्वामित्व का स्वरूप बताता है कि ये कंपनियां मुख्य रू प से गैर-सरकारी कंपनियां (प्रकृति के अनुसार मुख्यतया सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी)थीं। मार्च 2010 के अंत में एनबीएफसी-एनडी-एसआइ और जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी कंपनियों में गैर-सरकारी कंपनियों का प्रतिशत क्रमशः 96.6 प्रतिशत और 97.1 प्रतिशत था, जबकि

सारणी VI.13: चयनित वित्तीय संस्थाओं की जोखिम (भारित) आस्ति की तुलना में पूंजी अनुपात
(मार्च के अंत में)

(प्रतिशत)

संस्था	2009	2010
1	2	3
एक्जिम बैंक	16.8	19.0
नाबार्ड	25.9	48.8
एनएचबी*	17.7	19.6
सिडबी	34.2	31.7

* : ऑसमॉस विवरणियों के अनुसार मार्च अंत की स्थिति ।
स्रोत: i) संबंधित एफआइ के तुलनपत्र।
ii) 31 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार एक्जिम बैंक, नाबार्ड और सिडबी की लेखा-परीक्षित / गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।
iii) 30 जून 2010 की स्थिति के अनुसार एनएचबी की गैर-लेखा परीक्षित ऑसमॉस विवरणियां।

सरकारी कंपनियों की हिस्सेदारी केवल क्रमशः 3.4 प्रतिशत और 2.9 प्रतिशत थी। (सारणी VI.14)

सारणी VI.14: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के स्वामित्व का स्वरूप

(मार्च 2010 को कंपनियों की संख्या)

स्वामित्व	एनबीएफसी एनडी-एसआई	जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी
1	2	3
क. सरकारी कंपनियां	**9**	**9**
	(3.4)	(2.9)
ख. गैर-सरकारी कंपनियां	**258**	**302**
	(96.6)	(97.1)
1. पब्लिक लिमिटेड कंपनियां	161	293
	(60.3)	(94.2)
2. प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां	97	9
	(36.3)	(2.9)
कंपनियों की कुल संख्या (क+ख)	**267**	**311**

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कंपनियों की कुल संख्या के प्रतिशत हिस्से हैं।

चार्ट VI.2 : भारतीय रिज़र्व बैंक में पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की संख्या



एनबीएफसी की प्रोफाइल

6.25 रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत एनबीएफसी की कुल संख्या जून 2009 के अंत के 12,740 से घटकर जून 2010 के अंत में 12,630 हो गयी (चार्ट VI.2)। 2009-10 में जमाराशि लेनेवाली एनबीएफसी(एनबीएफसी-डी) की संख्या में भी गिरावट आयी। यह कमी मुख्यतः एनबीएफसी के पंजीकरण को रद्द किए जाने, एनबीएफसी के जमाराशि लेने के कार्य से अलग होने तथा जमाराशि लेने वाली एनबीएफसी के जमाराशि न लेने वाली एनबीएफसी में बदल जाने की वजह से आयी।

6.26 एनबीएफसी की संख्या में गिरावट आने के बावजूद, 2009-10 के दौरान उनकी कुल आस्तियों तथा निवल स्वाधिकृत निधि में वृद्धि दर्ज हुई जबकि उनकी जमाराशियों में गिरावट आयी। कुल आस्तियों में अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों (आरएनबीसी) के हिस्से तथा एनबीएफसी की सार्वजनिक जमाराशियों में 2009-10 में गिरावट आयी जबकि निवल स्वाधिकृत निधियों में आरएनबीसी के हिस्से मे वृद्धि हुई (सारणी VI.15)।

6.27 2009-10 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (एससीबी) की सकल जमाराशियों की तुलना में एनबीएफसी की जमाराशियों के अनुपात में गिरावट दर्ज हुई। इस अवधि के दौरान एल3 के व्यापक चलनिधि समुच्चय की तुलना में एनबीएफसी की जमाराशि के अनुपात में भी गिरावट दर्ज हुई (चार्ट VI.3)।

सारणी VI.15: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की रूपरेखा

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में			
	2008-09		2009-10 अ	
	गैर बैं.वि.कं.	*जिनमें से :* अवशिष्ट गैर बैं.कं.	गैर बैं.वि.कं.	*जिनमें से :* अवशिष्ट गैर बैं.कं.
1	2	3	4	5
कुल आस्तियां	97,408	20,280 (20.8)	109,324	15,615 (14.3)
सार्वजनिक जमाराशियां	21,566	19,595 (90.9)	17,247	14,520 (84.2)
निवल स्वाधिकृत निधियां	13,617	1,870 (13.7)	16,178	2,921 (18.1)

अ : अनंतिम

टिप्पणी : 1. गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में एनबीएफसी-डी और आरएनबीसी शामिल हैं।
2. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित जोड़ का प्रतिशत हैं।
3. जमाराशि स्वीकार करने वाली 311 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से 227 गै. बैं. वि. कंपनियों ने 20 सितंबर 2010 की कट-ऑफ तारीख को मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक विवरणियां फाइल की हैं।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

एनबीएफसी-डी का परिचालन (आरएनबीसी को छोड़कर)

6.28 2009-10 के दौरान एनबीएफसी-डी के तुलनपत्र के आकार में 21.5 प्रतिशत की दर पर विस्तार हुआ जबकि पिछले वर्ष यह विस्तार 3.4 प्रतिशत था। यह विस्तार एनबीएफसी-डी की उधारियों में वृद्धि की वजह से हुआ (सारणी VI.16)। उल्लेखनीय है कि एनबीएफसी-डी की सकल देयताओं में उधारियों

चार्ट VI.3: व्यापक चलनिधि (एल 3) और अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की सार्वजनिक जमाराशियों का अनुपात



सारणी VI.16: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का समेकित तुलनपत्र

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		घट-बढ़			
			2008-09		2009-10	
	2008-09	2009-10 अ	संपूर्ण	प्रतिशत	संपूर्ण	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
देयताएं						
1. प्रदत्त पूंजी	3,817	3,361	551	16.9	-456	-11.9
	(4.9)	(3.6)				
2. आरक्षित निधि और अधिशेष	9,412	12,237	717	8.2	2,825	30.0
	(12.2)	(13.1)				
3. सार्वजनिक जमाराशि	1,971	2,727	-71	-3.5	756	38.4
	(2.6)	(2.9)				
4. उधार राशियां	55,897	69,070	5,320	10.5	13,173	23.6
	(72.5)	(73.7)				
5. अन्य देयताएं	6,031	6,314	-3,951	-39.6	283	4.7
	(7.8)	(6.7)				
देयताएं/आस्तियाँ	**77,128**	**93,709**	**2,566**	**3.4**	**16,581**	**21.5**
आस्तियाँ						
1. निवेश	15,686	19,335	4,476	39.9	3,649	23.3
	(20.3)	(20.6)				
i) एसएलआर प्रतिभूतियां @	9,412	10,773	2,266	31.7	1,361	14.5
	(12.2)	(11.5)				
ii) अन्य निवेश	6,274	8,562	2,210	54.4	2,288	36.5
	(8.1)	(9.1)				
2. ऋण और अग्रिम	21,583	30,802	2,760	14.7	9,219	42.7
	(28.0)	(32.9)				
3. किराया खरीद आस्तियां	35,815	38,549	2,290	6.8	2,734	7.6
	(46.4)	(41.1)				
4. उपस्कर पट्टा-दायी आस्तियां	613	241	-435	-41.5	-372	-60.7
	(0.8)	(0.3)				
5. बिल संबंधी कारोबार	24	44	12	98.2	20	83.3
	(0.0)	(0.0)				
6. अन्य आस्तियां	3,407	4,739	-6,537	-65.7	1,332	39.1
	(4.4)	(5.1)				

अ : अनंतिम @ : एसएलआर आस्ति में अनुमोदित प्रतिभूतियां और अनुसूचित वाणिज्य बैंको की 'भार-रहित मीयादी जमाराशियाँ' शामिल हैं।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हिस्से हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

का हिस्सा लगभग तीन बटा चार था। इसके अलावा, तीन एनबीएफसी-डी की सार्वजनिक जमाराशियों में वृद्धि के कारण एनबीएफसी-डी क्षेत्र की जमाराशियों में पिछले वर्ष हुई गिरावट के मुकाबले 2009-10 में काफी वृद्धि हुई। आस्तियों के पक्ष में, किराया तथा खरीद आस्तियां एनबीएफसी-डी की सबसे महत्वपूर्ण आस्ति श्रेणी बनी रहीं जो उनकी कुल आस्तियों के दो बटा पांच हिस्से से भी अधिक है। उधार तथा अग्रिम उनकी दूसरी महत्वपूर्ण आस्ति श्रेणी थी जिसमें 2009-10 के दौरान भारी विस्तार हुआ। 2009-10 के दौरान एनबीएफसी-डी के सकल निवेश में भी तेज वृद्धि हुई जो मुख्यतः गैर-एसएलआर निवेशों में वृद्धि की वजह से थी।

6.29 मार्च 2010 के अंत में एनबीएफसी-डी की कुल आस्तियों में आस्ति वित्त कंपनियों का हिस्सा सबसे अधिक था जिसके बाद उधार कंपनियों का स्थान था (सारणी VI.17)।

एनबीएफसी-डी की जमाराशियों का आकारवार वर्गीकरण

6.30 2009-10 में 50 करोड़ रुपए से अधिक की जमाराशि आकार वाली बड़ी एनबीएफसी-डी की जमाराशियों में उल्लेखनीय तेज वृद्धि हुई जिनका मार्च 2010 के अंत में कुल जमाराशियों में हिस्सा 86.7 प्रतिशत था। तथापि, इस आकार की श्रेणी में आनेवाली केवल आठ एनबीएफसी-डी कंपनियां थीं जो एनबीएफसी की कुल संख्या के लगभग 3.5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती थीं। इस प्रकार, अपेक्षाकृत बड़ी एनबीएफसी-डी कंपनियां जमाराशियों के जरिए संसाधन जुटाने में समर्थ थीं (चार्ट VI.4 तथा सारणी VI.18)।

सारणी VI.17: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के वर्गीकरणवार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की देयता के मुख्य घटक

राशि करोड़ रुपए में)

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का विवरण	गै.बै.वि.कंपनियों की संख्या		जमाराशियां		उधार राशियां		देयताएं	
	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आस्ति वित्त कंपनियां	231	184	1,553	2,268	40,689	54,202	56,496	69,801
			(78.8)	(83.2)	(72.8)	(78.5)	(73.2)	(74.5)
निवेश कंपनियां	1	1	-	-	-	-	2	-
			(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)
ऋण कंपनियां	56	43	418	458	15,208	14,867	20,631	23,908
			(21.2)	(16.8)	(27.2)	(21.5)	(26.7)	(25.5)
कुल	**288**	**228**	**1,971**	**2,727**	**55,897**	**69,070**	**77,128**	**93,709**

– : शून्य / नगण्य अ:अनंतिम

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबधित कुल के प्रतिशत हिस्से हैं ।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

एनबीएफसी द्वारा धारित जमाराशियों का क्षेत्रवार संयोजन

6.31 देश के उत्तरी क्षेत्र में एनबीएफसी-डी की संख्या सबसे अधिक थी जो मार्च 2010 के अंत में एनबीएफसी-डी की कुल संख्या के 63.5 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करती है। तथापि, उत्तरी क्षेत्र की एनबीएफसी-डी का जमाराशि आकार, दक्षिणी क्षेत्र में स्थित एनबीएफसी-डी की तुलना में, जिसका जमाराशि में मार्च 2010 के अंत में 67.5 प्रतिशत हिस्सा था, काफी छोटा था। तथापि, 2009-10 में दक्षिणी क्षेत्र में स्थित एनबीएफसी-डी द्वारा धारित जमाराशियों के हिस्से में गिरावट आयी (सारणी VI.19 तथा चार्ट VI.5)।

6.32 महानगरों के बीच, उत्तरी क्षेत्र में नई दिल्ली में एनबीएफसी-डी की संख्या सबसे अधिक थी जबकि दक्षिणी क्षेत्र के चेन्नै का एनबीएफसी-डी की कुल जमाराशियों में सबसे बड़ा हिस्सा था।

चार्ट VI.4 : एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों का हिस्सा - जमाराशियों का दायरा



सारणी VI.18: जमा स्वीकार करनेवाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां - जमाराशियों का दायरा

(राशि करोड़ रुपए में)

जमाराशि की सीमा	मार्च के अंत में			
	गै.बैं.वि.कं. की संख्या		जमाराशि	
	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ
1	2	3	4	5
1. 0.5 करोड़ रुपए से कम	185	141	23	17
2. 0.5 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	57	45	55	47
3. 2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	30	26	133	122
4. 10 करोड़ रुपए से अधिक और 20 करोड़ रुपए तक	6	5	76	69
5. 20 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	4	3	142	107
6. 50 करोड़ रुपए और उससे अधिक	6	8	1,543	2,364
कुल	**288**	**228**	**1,971**	**2,727**

अ : अनंतिम

स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

सारणी VI.19: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशि- क्षेत्र-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	मार्च के अंत में			
	2008-09		2009-10 अ	
	गै.बैं.वि.कं-डी की संख्या	सार्वजनिक जमाराशियां	गै.बैं.वि.कं-डी की संख्या	सार्वजनिक जमाराशियां
1	2	3	4	5
उत्तरी	187	295	145	316
पूर्व	7	9	9	9
पश्चिमी	27	164	26	562
दक्षिणी	67	1,503	48	1,840
कुल	**288**	**1,971**	**228**	**2,727**
महानगरीय क्षेत्र :				
कोलकाता	4	8	6	9
चेन्नै	33	1,436	24	1,776
मुंबई	11	148	11	542
नई दिल्ली	53	208	50	204
कुल	**101**	**1,800**	**91**	**2,531**

अ : अनंतिम
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

एनबीएफसी के पास रखी सार्वजनिक जमाराशियों की ब्याज-दर

6.33 एनबीएफसी-डी की सार्वजनिक जमाराशियों में सबसे अधिक राशि 10 प्रतिशत तक की ब्याज दर के दायरे में संग्रह की गयी और इसका हिस्सा मार्च 2010 के अंत में जमाराशियों के आधे से भी अधिक था (सारणी VI.20 तथा चार्ट VI.6)।

सारणी VI.20: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियाँ-जमाराशि पर ब्याज दर-दायरा-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

जमाराशि की ब्याज-दर दायरा	मार्च के अंत में	
	2008-09	2009-10 अ
1	2	3
10 प्रतिशत तक	591	1,457
10 प्रतिशत से अधिक और 12 प्रतिशत तक	1,267	1,197
12 प्रतिशत और उससे अधिक	113	73
कुल	**1,971**	**2,727**

अ: अनंतिम
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

चार्ट VI.5: एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों का हिस्सा - क्षेत्र-वार



सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता प्रोफाइल

6.34 परिपक्वता अवधि के अनुसार एनबीएफसी-डी द्वारा संग्रह की गयी सार्वजनिक जमाराशियों का सबसे बड़ा हिस्सा अल्पावधि से मध्यावधि का था। मार्च 2010 के अंत में, जमाराशियों का सबसे बड़ा हिस्सा एक वर्ष से कम अवधि का था जिसके बाद दो वर्ष से अधिक तथा तीन वर्ष तक की परिपक्वता का क्रम था। 2009-10 में, इन दो परिपक्वता अवधियों की जमाराशियों के

चार्ट VI.6 : एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां - जमाराशि पर ब्याज-दर - दायरा-वार



सारणी VI.21 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता प्रोफाइल

(राशि करोड़ रुपए में)

परिपक्वता अवधि	मार्च के अंत में	
	2008-09	2009-10 अ
1	2	3
1. एक वर्ष से कम	700	1,022
2. एक वर्ष से अधिक और 2 वर्ष तक	509	534
3. 2 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	601	1,020
4. 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	74	77
5. 5 वर्ष और उससे अधिक	88	73
कुल	**1,971**	**2,727**

अ: अनंतिम
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

चार्ट VI.7 : एनबीएफसी-डी द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियों की परिपक्वता का स्वरूप



हिस्से में वृद्धि हुई जबकि पांच वर्ष से अधिक अवधि की परिपक्वता वाली दीर्घावधि की परिपक्वता श्रेणियों की जमाराशियों के हिस्से में गिरावट आयी (सारणी VI.21 तथा चार्ट VI.7)।

6.35 एनबीएफसी-डी के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थाएं उधार के प्रमुख स्रोत थे और इनका हिस्सा मार्च 2010 के अंत में 45 प्रतिशत से भी अधिक था। सरकार से लिए गए उधारों (उधार केवल उधार कंपनियों को दिया गया था) के हिस्से में तेज वृद्धि हुई जबकि बाह्य स्रोतों के हिस्से में उल्लेखनीय गिरावट आयी। 2009-10 में अन्य जमाराशियों (जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ अन्य कंपनियों से उधार ली गयी राशि, वाणिज्यिक पत्र, म्यूच्युअल फंडों तथा अन्य प्रकार की निधियों उधार ली गयी राशियां, जिनको सार्वजनिक जमाराशियों के रूप में नहीं माना जाता है, शामिल हैं) में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई जिसके चलते एनबीएफसी-डी के कुल उधार में इसके हिस्से में वृद्धि हुई (सारणी VI.22)।

एनबीएफसी की आस्तियां

6.36 2009-10 के दौरान जमाराशि लेने वाली एनबीएफसी-डी की कुल आस्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई जो मुख्यतः

सारणी VI.22: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वर्गीकरण-वार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की उधार राशियों के स्रोत

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण	मार्च के अंत में									
	सरकारी		बाह्य स्रोत @		बैंक और वित्तीय संस्थाएँ		डिबेंचर		अन्य	
	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ	2008-09	2009-10अ
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
आस्ति वित्त	3	–	832	757	21,974	25,488	11,627	13,267	6,253	14,690
	(0.0)	(0.0)	(56.9)	(100.0)	(88.4)	(80.9)	(88.3)	(92.6)	(42.9)	(82.5)
निवेश	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)
ऋण	1,824	4,673	631	–	2,872	6,018	1,546	1,057	8,335	3,121
	(99.8)	(100.0)	(43.1)	(0.0)	(11.6)	(19.1)	(11.6)	(7.4)	(57.1)	(17.5)
कुल	**1,827**	**4,673**	**1,464**	**757**	**24,846**	**31,505**	**13,173**	**14,324**	**14,588**	**17,811**

अ : अनंतिम @ : इसमें (i) विदेशी सरकार, (ii) विदेशी प्राधिकरण, और (iii) विदेशी नागरिक या व्यक्ति शामिल हैं।
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

सारणी VI.23: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वर्गीकरणवार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियों के मुख्य घटक

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण	मार्च के अंत में					
	आस्तियां		अग्रिम		निवेश	
	2008-09	2009-10 अ	2008-09	2009-10 अ	2008-09	2009-10 अ
1	2	3	4	5	6	7
आस्ति वित्त	56,496	69,801	39,913	46,224	10,791	14,562
	(73.2)	(74.5)	(68.8)	(66.4)	(68.8)	(75.3)
निवेश	2	–	–	–	–	–
	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.0)	(0.1)	(0.1)
ऋण	20,631	23,908	18,098	23,368	4,895	4,773
	(26.7)	(25.5)	(31.2)	(33.6)	(31.2)	(24.7)
कुल	**77,129**	**93,709**	**58,011**	**69,592**	**15,686**	**19,335**

अ: अनंतिम।
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

आस्ति वित्त कंपनियों की आस्तियों में हुई वृद्धि की वजह से थी (सारणी VI.23)। मार्च 2010 के अंत में, एनबीएफसी-डी क्षेत्र की कुल आस्तियों का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा आस्ति वित्त कंपनियों के पास था। घटक-वार रूप में, कुल आस्तियों में अग्रिमों का हिस्सा प्रमुख था उसके बाद निवेश का स्थान था।

आस्ति के आकार के अनुसार एनबीएफसी-डी का वितरण

6.37 जमाराशि संग्रह करने की क्षमता के कारण केवल बड़ी एनबीएफसी-डी के पास बड़ा आस्ति आधार था। मार्च 2010 के अंत में, केवल 7 प्रतिशत एनबीएफसी-डी का आस्ति आकार 500 करोड़ रुपए से अधिक था और सभी एनबीएफसी-डी की कुल आस्तियों में इनका हिस्सा 97.5 प्रतिशत था (सारणी VI.24)।

एनबीएफसी की आस्तियों का वितरण - कार्यकलापों के प्रकार

6.38 2009-10 के दौरान उधार तथा अंतर-कंपनी जमाराशियों के रूप में स्थित आस्तियों में एवं एनबीएफसी-डी के निवेशों में सुदृढ़ वृद्धि हुई। 2009-10 में किराया खरीद कंपनियों द्वारा धारित आस्तियों के हिस्से में गिरावट आने के बावजूद एनबीएफसी-डी क्षेत्र की आस्तियों में इस कार्यकलाप का हिस्सा सबसे बड़ा बना हुआ है (सारणी VI.25)।

एनबीएफसी-डी का वित्तीय निष्पादन

6.39 एनबीएफसी-डी के वित्तीय निष्पादन में कुछ गिरावट दर्ज हुई जैसा कि 2009-10 के परिचालन लाभ में आई गिरावट से ज्ञात होता है। यह गिरावट मुख्यतः इन संस्थाओं की आय की तुलना में व्यय में (विशेष रूप से वित्तीय व्यय) उच्चतर वृद्धि होने की वजह से थी। कर के संबंध में किये गये प्रावधान में थोड़ी वृद्धि के साथ-साथ परिचालन लाभ में गिरावट आने के कारण 2009-10 में निवल लाभ में गिरावट आई (सारणी VI.26)।

सारणी VI.24: आस्ति आकार के दायरे के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियाँ

(राशि करोड़ रुपए में)

आस्ति आकार (रु.)	कंपनियों की सं.		आस्तियां	
	2008-09	2009-10	2008-09	2009-10अ
1	2	3	4	5
0.25 करोड़ रुपए से कम	3	2	0	0
			(0.0)	(0.0)
0.25 करोड़ रुपए से अधिक और 0.50 करोड़ रुपए तक	19	12	7	5
			(0.0)	(0.0)
0.50 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	113	84	124	99
			(0.2)	(0.1)
2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	87	69	395	321
			(0.5)	(0.3)
10 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	37	32	828	713
			(1.1)	(0.8)
50 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक	11	10	747	702
			(1.0)	(0.7)
100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक	5	4	1,471	510
			(1.9)	(0.5)
500 करोड़ रुपए से अधिक	13	15	73,555	91,358
			(95.4)	(97.5)
कुल	**288**	**228**	**77,128**	**93,709**

अ: अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

सारणी VI.25: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियां - कार्यकलापवार

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		प्रतिशत घट-बढ़
	2008-09	2009-10	2010
1	2	3	4
ऋण और अंतर-कंपनी जमाराशियां	21,583 (28.0)	30,802 (32.9)	42.7
निवेश	15,686 (20.3)	19,335 (20.6)	23.3
किराया खरीद	35,815 (46.4)	38,549 (41.1)	7.6
उपस्कर और पट्टा	613 (0.8)	241 (0.3)	-60.7
बिल	24 (0.0)	44 (0.0)	85.0
अन्य आस्तियाँ	3,407 (4.4)	4,739 (5.1)	39.1
कुल	**77,128**	**93,710**	**21.5**

अ : अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

6.40 2009-10 के दौरान औसत कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई जबकि औसत कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में आय में कम दर पर वृद्धि हुई जिसके कारण एनबीएफसी-डी की कुल औसत आस्ति (आस्तियों पर प्रतिलाभ) की तुलना में निवल लाभ अनुपात में गिरावट आई (चार्ट VI.8)।

चार्ट VI.8 : एनबीएफसी-डी का वित्तीय कार्य-निष्पादन



सारणी VI.26: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद		मार्च के अंत में	
		2008-09	2009-10अ
1		2	3
क. आय (i+ii)		**11,879**	**13,656**
(i)	निधि आधारित	11,572 (97.4)	13,489 (98.8)
(ii)	शुल्क आधारित	307 (2.6)	167 (1.2)
ख. व्यय (i+ii+iii)		**8,789**	**11,166**
(i)	वित्तीय	5,663 (64.4)	6,742 (60.4)
	जिसमें से :		
	ब्याज भुगतान	211 (2.4)	289 (2.6)
(ii)	परिचालन	2,392 (27.2)	2,587 (23.2)
(iii)	अन्य	734 (8.3)	1,837 (16.4)
ग. कर प्रावधान		**1,017**	**1,085**
घ. परिचालन लाभ (करपूर्व लाभ)		**3,090**	**2,490**
ङ निवल लाभ (करोत्तर लाभ)		**2,073**	**1,405**
च. कुल आस्तियाँ		**77,128**	**93,709**
छ. वित्तीय अनुपात (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)@			
i)	आय	15.4	14.6
ii)	निधि आय	15.0	14.4
iii)	शुल्क आय	0.4	0.2
iv)	व्यय	11.4	11.9
v)	वित्तीय व्यय	7.3	7.2
vi)	परिचालन व्यय	3.1	2.8
vii)	कर प्रावधान	1.3	1.2
viii)	निवल लाभ	2.7	1.5
ज. आय की तुलना में लागत अनुपात		**74.0**	**81.8**

अ : अनंतिम @: कुल अस्तियों के प्रतिशत के रूप में
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

सुदृढ़ता संकेतक: एनबीएफसी-डी की आस्ति गुणवत्ता

6.41 पिछले वर्ष की प्रवृत्ति के अनुरूप 2009-10 में एनबीएफसी-डी के उधार एक्सपोजर की तुलना में सकल एनपीए अनुपात में गिरावट आई। एनपीए के संबंध में किए गए प्रावधान मार्च 2010 के अंत तक पिछले लगातार तीन वर्षों के दौरान के एनपीए की राशि से अधिक होने के कारण निवल एनपीए ऋणात्मक रहा (सारणी VI.27)।

सारणी VI.27: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी के अनर्जक आस्ति अनुपात

(प्रतिशत)

मार्च के अंत में	क्रेडिट एक्सपोजर के प्रति सकल अनर्जक आस्तियां	क्रेडिट एक्सपोजर के प्रति निवल अनर्जक आस्तियां
1	2	3
2002	10.6	3.9
2003	8.8	2.7
2004	8.2	2.4
2005	5.7	2.5
2006	3.6	0.5
2007	2.2	0.2
2008	2.1	#
2009	2.0	#
2010 अ	1.3	#

अ: अनंतिम #: अर्नजक आस्तियों से अधिक प्रावधान ।
स्रोत : छमाही विवरणियां ।

6.42 2009-10 में आस्ति वित्त तथा ऋण कंपनियों की आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ जैसा कि सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए अनुपात में आई गिरावट से स्पष्ट होता है (सारणी VI.28)।

6.43 2009-10 में, आस्ति वित्त कंपनियों के एनपीए की सभी तीन श्रेणियों अर्थात अवमानक, संदिग्ध और हानि वाली आस्तियों के हिस्से में गिरावट आई जो इन संस्थाओं की आस्तियों की गुणवत्ता में हुए सुधार को रेखांकित करता है। तथापि, ऋण कंपनियों के मामले में मार्च 2010 के अंत में मानक आस्तियों का हिस्सा सुधरकर 97.3 प्रतिशत हो गया, परंतु हानि वाली आस्तियों के हिस्से में मामूली वृद्धि हुई (सारणी VI.29)।

सारणी VI.28: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वर्गीकरण के अनुसार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की अनर्जक आस्तियां

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण @ मार्च के अंत में	सकल अग्रिम	सकल अनर्जक आस्तियां		निवल अग्रिम	निवल अनर्जक आस्तियां	
		राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत		राशि	निवल अग्रिमों की तुलना मेंप्रतिशत
1	2	3	4	6	7	8
आस्ति वित्त						
2008-09	39,038	507	1.3	38,136	-394	-1.0
2009-10 अ	45,264	337	0.7	44,166	-760	-1.7
ऋण						
2008-09	9,365	472	5.0	8,940	47	0.5
2009-10 अ	18,926	516	2.7	18,397	-12	-0.1

अ: अनंतिम ।
@ एनबीएफसी का नया वर्गीकरण अर्थात आस्ति वित्त कंपनी (एएफसी) दिनांक 6-12-2006 की अधिसूचना सं. डीएनबीएस 189 तथा 190 / सीजीएम (पीके) - 2006 द्वारा प्रभावी हो गया है। उत्पादक / आर्थिक गतिविधियों के लिये स्थावर / भौतिक आस्तियों को वित्तपोषण करने वाली कंपनियों को एएफसी के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया है। तद्नुसार, उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करने वाली गै.बैं.वि.कंपनियों को सूचित किया गया कि वे एएफसी के रूप में वर्गीकरण के लिए भा.रि.बैंक से संपर्क करें। एनबीएफसी की प्रस्तावित संरचना में अंततः एनबीएफसी की तीन श्रेणियां (i) एएफसी, (ii) निवेश कंपनी तथा (iii) ऋण कंपनी उभरकर सामने आई हैं।
स्रोत : छमाही विवरणियां ।

सारणी VI.29: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी -डी की आस्तियों का वर्गीकरण

(राशि करोड़ रुपए)

वर्गीकरण / मार्च के अंत में	मानक आस्तियां	अवमानक आस्तियां	संदिग्ध आस्तियां	हानि आस्तियां	सकल अनर्जक आस्तियां	क्रेडिट एक्सपोजर
1	2	3	4	5	6	7
आस्ति वित्त कंपनियां						
2008-09	38,531	429	55	23	507	39,038
	(98.7)	(1.1)	(0.1)	(0.1)	(1.3)	(100.0)
2009-10 अ	44,926	280	43	14	337	45,263
	(99.3)	(0.6)	(0.1)	(0.0)	(0.7)	(100.0)
ऋण कंपनियां						
2008-09	8,893	331	125	18	386	9,367
	(94.9)	(3.5)	(1.3)	(0.2)	(4.1)	(100.0)
2009-10 अ	18,409	296	159	61	34	18,925
	(97.3)	(1.6)	(0.8)	(0.3)	(0.2)	(100.0)

अ:अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े क्रेडिट एक्सप्रोजर का प्रतिशत दर्शाते हैं।
स्रोत : छमाही विवरणियां ।

सारणी VI.30: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की पूंजी पर्याप्तता अनुपात

(कंपनियों की संख्या)

सीआरएआर दायरा	मार्च के अंत में							
	2008-09				2009-10 अ			
	आ.वि.कं.	नि.कं.	ऋ.कं.	कुल	आ.वि.कं	नि.कं.	ऋ.कं.	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1) 12 प्रतिशत से कम (क+ख)	2	0	2	4	1	0	3	4
क.) 9 प्रतिशत से कम	2	0	2	4	1	0	2	3
ख.) 9 प्रतिशत से अधिक तथा 12 प्रतिशत तक	0	0	0	0	0	0	1	1
2) 12 प्रतिशत से अधिक तथा 15 प्रतिशत तक	2	0	0	2	1	0	0	1
3) 15 प्रतिशत से अधिक तथा 20 प्रतिशत तक	3	0	1	4	5	1	1	7
4) 20 प्रतिशत से अधिक तथा 30 प्रतिशत तक	22	1	3	26	19	0	8	27
5) 50 प्रतिशत से अधिक	138	3	48	189	140	2	35	177
जोड़	**167**	**4**	**54**	**225**	**166**	**3**	**47**	**216**

अ : अनंतिम
आ.वि.कं. : आस्ति वित्त कंपनी; ऋण कं.: ऋण कंपनियां; नि.कं.: निवेश कंपनियां
स्रोत : छमाही विवरणियां।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात

6.44 मार्च 2010 के अंत में, 216 एनबीएफसी में से 212 का सीआरएआर 12 प्रतिशत अथवा उससे अधिक था जबकि मार्च 2009 के अंत में 225 में से 221 एनबीएफसी का सीआरएआर उपर्युक्तानुसार था (सारणी VI.30)। यह उल्लेखनीय है कि एनबीएफसी क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों से समेकन की प्रक्रिया से गुजर रहा है जिसमें कमजोर एनबीएफसी धीरे-धीरे कारोबार से अलग हो रहे हैं जिससे इस क्षेत्र में सुदृढ़ता आ रही है।

6.45 मार्च 2010 के अंत में, एनबीएफसी की सभी श्रेणियों का निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) की तुलना में सार्वजनिक जमाराशि अनुपात 0.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा (सारणी VI.31)।

6.46 2009-10 में एनबीएफसी-डी के एनओएफ तथा सार्वजनिक जमाराशियों में वृद्धि हुई। यह वृद्धि मुख्यतः उन एनबीएफसी-डी तक सीमित थी जिनकी एनओएफ आकार श्रेणी 500 करोड़ रुपए अथवा अधिक की थी (सारणी VI.32)।

अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां (आरएनबीसी)

6.47 मार्च 2010 के अंत में, आरएनबीसी की आस्तियों में 23.0 प्रतिशत की गिरावट आई। आस्तियों में मुख्य रूप से भार-

सारणी VI.31 : एनबीएफसी के वर्गीकरणवार गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की सार्वजनिक जमाराशि की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधि

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गीकरण	मार्च के अंत मे			
	निवल स्वाधिकृत निधियां		सार्वजनिक जमाराशियां	
	2008-09	2009-10 अ	2008-09	2009-10 अ
1	2	3	4	5
आस्ति वित्त	7,652	9,863	1,553 (0.2)	2,268 (0.2)
निवेश	-	-	- (0.0)	- (0.0)
ऋण	4095	3394	418 (0.1)	458 (0.2)
जोड़	11,747	13,257	1,971 (0.2)	2,727 (0.2)

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकडे निवल स्वाधिकृत निधि के प्रति सार्वजनिक जमाराशि के अनुपात हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों, बांडों/डिबेंचरों तथा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की मीयादी जमाराशियों/ जमा प्रमाणपत्रों में निवेश शामिल था। तथापि, 2009-10 में आरएनबीसी की निवल स्वाधिकृत निधि में 56.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई(सारणी VI.33)।

6.48 2009-10 के दौरान आरएनबीसी की आय में हुई गिरावट उनके व्यय में हुई गिरावट से कम थी जिसके कारण

सारणी VI.32 : गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की सार्वजनिक जमाराशियों की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा

(राशि करोड़ रुपए में)

निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा	मार्च के अंत में					
	2008-09			2009-10 अ		
	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	सार्वजनिक जमा राशियां	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	सार्वजनिक जमा राशियां
1	2	3	4	5	6	7
1. 0.25 करोड़ रुपए तक	4	-424	179 -(0.4)	3	-202	148 -(0.7)
2. 0.25 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	178	128	49 (0.4)	129	96	34 (0.4)
3. 2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	69	261	136 (0.5)	56	210	117 (0.6)
4. 10 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	22	417	159 (0.4)	24	432	189 (0.4)
5. 50 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक	2	127	45 (0.4)	2	117	52 (0.4)
6. 100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक	5	959	389 (0.4)	4	824	482 (0.6)
7. 500 करोड़ रुपए से अधिक	8	10,280	1,015 (0.1)	10	11,780	1,704 (0.1)
जोड़	**288**	**11,747**	**1,971** **(0.2)**	**228**	**13,257**	**2,727** **(0.2)**

अ: अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े सार्वजनिक जमाराशियां हैं जो संबधित निवल स्वाधिकृत निधि के अनुपात के रूप में हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

वर्ष के दौरान उनके परिचालन लाभ में वृद्धि हुई। कराधान के लिए प्रावधान में वृद्धि के बावजूद 2009-10 में आरएनबीसी के निवल लाभ में तेज वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष गिरावट हुई थी।

सारणी VI.33: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों का प्रोफाइल

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		घट-बढ़ प्रतिशत में	
	2008-09	2009-10 अ	2008-09	2009-10 अ
1	2	3	4	5
क. आस्तियां (i से v)	**20,280**	**15,616**	**-17.1**	**-23.0**
(i) भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	5,247	2,467	67.3	-53.0
(ii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों / सरकारी वित्तीय संस्थाओं की मीयादी जमाराशि / जमा प्रमाणपत्र में निवेश	5,999	4,860	-8.6	-19.0
(iii) सरकारी कंपनी / सरकारी क्षेत्र बैंक / सरकारी वित्त संस्था / निगम के बांड / डिबेंचर / वाणिज्यिक पत्र	6,993	5,290	-43.2	-24.4
(iv) अन्य निवेश	299	1,280	-47.8	328.1
(v) अन्य आस्तियाँ	1,742	1,719	-6.3	-1.3
ख. निवल स्वाधिकृत निधि	**1,870**	**2,921**	**8.8**	**56.2**
ग. कुल आय (i+ii)	**2,416**	**1,946**	**3.9**	**-19.5**
(i) निधि आय	2,315	1,920	0.5	-17.1
(ii) शुल्क आय	101	26	339.1	-74.3
घ. कुल व्यय (i+ii+iii)	**2,069**	**1,400**	**19.9**	**-32.3**
(i) वित्तीय लागत	1,604	974	21.3	-39.3
(ii) परिचालन लागत	379	343	15.2	-9.5
(iii) अन्य लागत	86	83	16.2	-3.5
ङ. कराधान	**149**	**164**	**-33.5**	**10.1**
च. परिचालन लाभ (पीबीटी)	**347**	**547**	**-42.3**	**57.6**
छ. निवल लाभ (पीएटी)	**198**	**383**	**-47.5**	**93.4**

अ : अनंतिम पीबीटी : कर पूर्व लाभ पीएटी : करोत्तर लाभ
स्रोत : वार्षिक विवरणियां ।

आरएनबीसी की जमाराशियों का क्षेत्रीय पैटर्न

6.49 मार्च 2010 के अंत में, दो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां(आरएनबीसी) थीं जिनमें से एक पूर्वी क्षेत्र में तथा दूसरी मध्य क्षेत्र में थी। आरएनबीसी अन्य कारोबारी मॉडलों की ओर अग्रसर हो रही हैं और ये 2015 तक अपनी जमाराशि देयताओं को घटाकर 'शून्य' कर लेंगी। 2009-10 में दो आरएनबीसी की सार्वजनिक जमाराशियों में उल्लेखनीय गिरावट आई जो मुख्यतः मध्य क्षेत्र में स्थित आरएनबीसी द्वारा धारित जमाराशियों में उल्लेखनीय गिरावट आने की वजह से थी (सारणी VI.34)।

आरएनबीसी के निवेश का पैटर्न

6.50 2009-10 में जमाराशियों में गिरावट की वजह से आरएनबीसी के निवेश में गिरावट आई। यह गिरावट भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों के मामले में उल्लेखनीय थी (सारणी VI.35)।

एनबीएफसी-एनडी-एसआइ

6.51 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के लिए प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण जमा स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी (100 करोड़ रुपए तथा उससे अधिक आस्ति आकार वाली) से प्राप्त विवरणियों पर आधारित सूचना से मार्च 2009 को समाप्त वर्ष की तुलना में उनकी देयताओं/आस्तियों में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दिखायी दी। एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की कुल उधार राशियों (जमानती तथा बेजमानती) में मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के दौरान 19.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कुल देयताओं का लगभग दो-तिहाई था (सारणी VI.36)। बेजमानती उधार एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के लिए निधियों का अकेला सबसे बड़ा स्रोत बना रहा, जिसके बाद जमानती उधार, आरक्षित निधि तथा अधिशेष का स्थान था।

सारणी VI.34: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा धारित सार्वजनिक जमाराशियां - क्षेत्र-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	मार्च के अंत में			
	2008-09		2009-10 अ	
	अ.गै.बैं.कं. की संख्या	राशि	अ.गै.बैं.कं. की संख्या	राशि
1	2	3	4	5
मध्य	1	15,672 (80.0)	1	11,235 (77.4)
पूर्वी	1	3,924 (20.0)	1	3,285 (22.6)
कुल	**2**	**19,596**	**2**	**14,520**
महानगरीय क्षेत्र:				
कोलकाता	1	3,924	1	3,285
नई दिल्ली	-	-	-	-
कुल	**1**	**3,924**	**1**	**3,285**

- : शून्य / नगण्य अ : अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े संबंधित कुल के प्रतिशत हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणी।

सारणी VI.35: अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कपंनियों के निवेश का स्वरूप

(राशि करोड़ रुपए में)

	मार्च के अंत में	
	2008-09	2009-10 अ
1	2	3
जमाकर्ताओं के प्रति समग्र देयताएं (एएलडी)	**19,595**	**14,520**
(i) भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियां	5,247 (26.8)	2,467 (17.0)
(ii) बैंकों में सावधि जमाराशियां	5,999 (30.6)	4,860 (33.5)
(iii) सरकारी कं./सरकारी क्षेत्र के बैंक / सरकारी वित्तीय संस्था / निगम के बांड या डिबेंचर या वाणिज्यिक पत्र	6,993 (35.7)	5,290 (36.4)
(iv) अन्य निवेश	299 (1.5)	1,280 (8.8)

अ : अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े एएलडी का प्रतिशत दर्शाते हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणी ।

6.52 एनडी-एसआइ क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है तथा बेजमानती उधार उनकी निधियों का अकेला सबसे बड़ा स्रोत है, जो अधिकांशतः बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त होता है। इस प्रकार, उनमें एक प्रणालीगत सहबद्धता होती है तथा उन पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रणाली को उनसे कोई जोखिम नहीं है। जहां तक वे बैंक वित्तपोषण पर निर्भर रहते हैं, जमाकर्ताओं के लिए अप्रत्यक्ष एक्सपोज़र रहता है। जहां निधीयन के संकेंद्रण में जोखिम रहती है, वहीं एनबीएफसी को दिए गए बैंक उधार पर अधिकतम सीमा निर्धारित करने से उनकी वृद्धि बाधित हो सकती है। एक सक्रिय कारपोरेट बांड बाजार विकसित होने से एनबीएफसी की निधीयन संबंधी अपेक्षाओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। समूचे एनडी-एसआइ क्षेत्र का लीवरेज अनुपात 2009-10 में बढ़ गया। तथापि, संवेदनशील क्षेत्र, जो पूंजी बाजार जैसे संभाव्य उछाल-गिरावट के चक्र के प्रति प्रणत रहता है, के प्रति एनडी-एसआइ क्षेत्र के एक्सपोज़र में भी वृद्धि दिखायी देती है।

सारणी VI 36: एनबीएफसी-एनडी-एसआइ का समेकित तुलनपत्र

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च 2009	मार्च 2010	जून 2010	प्रतिशत घट बढ़
1. शेयर पूंजी	31,756	33,576	33,734	5.7
2. आरक्षित निधि और अधिशेष	99,011	1,11,967	1,15,091	13.1
3. कुल उधार (अ + आ)	**3,19,175**	**3,81,850**	**4,13,476**	19.6
अ. जमानती उधार	**1,49,569**	**1,74,803**	**1,87,112**	**16.9**
अ.1. डिबेंचर	48,833	56,913	63,009	16.5
अ.2. बैंकों से उधार	36,263	47,404	48,995	30.7
अ.3. वित्तीय संस्थाओं से उधार	5,749	7,844	7,313	36.4
अ.4. उपचित ब्याज	2,897	3,506	3,686	21.0
अ.5. अन्य	55,828	59,136	64,109	5.9
आ. बेजमानती उधार	**1,69,606**	**2,07,047**	**2,26,364**	**22.1**
आ.1. डिबेंचर	64,570	82,529	92,469	27.8
आ.2. बैंकों से उधार	42,430	42,364	40,702	-0.2
आ.3. वित्तीय संस्थाओं से उधार	2,687	3,064	3,378	14.0
आ.4. रिश्तेदारों से उधार	2,230	1,784	2,041	-20.0
आ. 5. इंटर-कारपोरेट उधार	13,829	19,136	21,660	38.4
आ.6. वाणिज्यिक पत्र	22,337	33,580	34,262	50.3
आ.7. उपचित ब्याज	3,198	3,729	7,844	16.6
आ.8. अन्य	18,326	20,860	24,007	13.8
4. वर्तमान देयताएं एवं प्रावधान	32,966	36,082	37,087	9.5
कुल देयताएं / कुल अस्तियां	**4,82,907**	**5,63,476**	**5,99,388**	**16.7**
आस्तियां				
1. ऋण तथा अग्रिम	2,86,555	3,50,470	3,75,052	22.3
1.1. जमानती	1,95,335	2,49,895	2,76,326	27.9
1.2. असंरक्षित/बेजमानती	91,221	1,00,575	98,727	10.3
2. किराया खरीद आस्तियां	35,682	41,746	43,568	17.0
3. निवेश	90,242	98,170	1,11,488	8.8
3.1. दीर्घावधि निवेश	60,569	65,999	67,001	9.0
3.2. वर्तमान निवेश	29,673	32,171	44,488	8.4
4. नकद और बैंक शेष	28,934	25,407	20,748	-12.2
5. अन्य चालू आस्तियां	32,119	36,270	35,834	12.9
6. अन्य आस्तियां	9,376	11,413	12,697	21.7
ज्ञापन मदें				
1. पूंजी बाजार जोखिम	81,865	1,05,514	1,10,761	28.9
जिसमें से				
इक्विटी शेयर	34,952	38,670	38,945	10.6
2. कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में सीएमइ	17.0	18.7	18.5	
3. लीवरेज अनुपात	2.69	2.87	3.03	

टिप्पणी : 1. प्रस्तुत उक्त आंकड़े एनडी-एसआइ से संबंधित हैं जिन्हें मार्च 2009 से जून 2009 तक सुसंगत रूप से रिपोर्ट किया गया है।
2. इन एनडी-एसआइ में सभी एनडी-एसआइ की कुल आस्तियों के 98% से अधिक आस्तियां शामिल हैं।

स्रोत : एनडी-एसआइ की मासिक विवरणी (100 करोड़ और अधिक)

एनबीएफसी-एनबी-एसआइ का क्षेत्रवार उधार

6.53 एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के कुल उधार के क्षेत्रवार विश्लेषण से प्रकट होता है कि पश्चिमी क्षेत्र के साथ उत्तरी क्षेत्र ने मार्च 2010 तथा मार्च 2009 के दौरान कुल उधार के तीन-चौथाई से अधिक का हिस्सा बनाए रखा; यह प्रवृत्ति जून 2010 को समाप्त तिमाही के दौरान भी बनी रही। मार्च 2009 की तुलना में मार्च 2010 के दौरान सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गयी। जून 2010 को समाप्त तिमाही के दौरान पूर्वी क्षेत्र को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में उधार में वृद्धि दर्ज की गयी (सारणी VI.37)।

सारणी VI.37: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की उधार राशियां क्षेत्र-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	मार्च 2009	मार्च 2010	जून 2010
1	2	3	4
उत्तरी	1,71,438	2,06,073	2,19,788
पूर्व	10,079	13,074	12,891
पश्चिमी	89,290	1,03,408	1,14,283
दक्षिणी	48,368	59,296	66,513
कुल उधार राशियां	**3,19,175**	**3,81,850**	**4,13,476**

स्रोत :एनडी-एसआइ की मासिक विवरणी (100 करोड़ रुपए और अधिक) ।

वित्तीय कार्यनिष्पादन

6.54 एनबीएफसी-एनडी-एसआइ क्षेत्र के वित्तीय कार्यनिष्पादन में थोड़ा सुधार हुआ जैसा कि पिछले साल की तुलना में 2009-2010 के दौरान निवल लाभ की वृद्धि में दिखायी देता है। तथापि, कुल आस्तियों की तुलना में निवल लाभ के अनुपात में उस अवधि के दौरान गिरावट आयी (सारणी VI.38)।

6.55 समग्र एनबीएफसी-एनडी-एसआइ क्षेत्र की कुल आस्तियों की तुलना में सकल एवं निवल अनर्जक आस्तियों के अनुपात में मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के दौरान थोड़ी गिरावट आयी। जून 2010 को समाप्त तिमाही के संबंध में प्राप्त नवीनतम जानकारी से कुछ सुधार दिखायी देता है (सारणी VI.39)।

6.56 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार 188 एनडी-एसआइ कंपनियों में से 78 कंपनियों ने अपनी कुल आस्तियों के वित्तपोषण के लिए उनकी अपनी निधि पर निर्भरता दिखायी। तथापि, कुछ कंपनियों ने उनकी आस्तियों के बड़े हिस्से के वित्तपोषण के लिए

सारणी VI.38: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च 2009	मार्च 2010	जून 2010
1	2	3	4
1. कुल आय	60,091	58,628	16,366
2. कुल व्यय	43,885	43,227	10,959
3. निवल लाभ	10,800	10,897	3,792
4. कुल अस्तियां	4,82,907	5,63,476	5,99,388
वित्तीय अनुपात			
(i) कुल अस्तियों के प्रतिशत की तुलना में आय	12.4	10.4	2.7
(ii) कुल अस्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यय	9.1	7.7	1.8
(iii) कुल आय की तुलना में निवल लाभ	18.0	18.6	23.2
(iv) कुल आस्तियों की तुलना में निवल लाभ	2.2	1.9	0.6

स्रोत : एनडी-एसआइ की मासिक विवरणी (100 करोड़ और अधिक) ।

सारणी VI.39: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एनडी-एसआइ के अनर्जक आस्ति अनुपात

(करोड़ रुपए)

मद	मार्च 2009	मार्च 2010	जून 2010
1	2	3	4
1. सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए	2.9	3.0	2.6
2. निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए	1.0	1.2	1.1
3. कुल आस्तियों की तुलना में सकल एनपीए	2.2	2.3	2.0
4. कुल आस्तियों की तुलना में निवल एनपीए	0.7	0.9	0.8

स्रोत : एनडी-एसआइ की मासिक विवरणी (100 करोड़ रुपए और अधिक) ।

आइसीडी/वाणिज्यिक पत्र/बैंकों पर अपनी निर्भरता दिखायी (सारणी VI.40)।

6.57 मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार, एनडी-एसआइ कंपनियां अपने मीयादी उधार, कार्यशील पूंजीगत उधार, तथा डिबेंचर/वाणिज्यिक पत्र के लिए मुख्य रू प से राष्ट्रीयकृत बैंकों पर निर्भर थीं। निजी क्षेत्र के नए बैंक दूसरे बड़े बैंक समूह बनकर उभरे हैं, जिनसे एनडी-एसआइ कंपनियां मीयादी उधार तथा कार्यशील पूंजीगत उधार जुटा सकती हैं। तथापि, डिबेंचर के मामले में, एनडी-एसआइ के संबंध में विदेशी बैंकों का अंशदान भी महत्वपूर्ण है (सारणी VI.41)।

4. प्राथमिक व्यापारी

6.58 30 जून 2010 की स्थिति के अनुसार, बीस प्राथमिक व्यापारी (पीडी) थे जिनमें से बारह बैंक थे जो विभागीय तौर पर प्राथमिक व्यापारी संबंधी कारोबार कर रहे थे (बैंक-पीडी) तथा शेष आठ बैंकेतर संस्थाएं थीं, जिन्हें स्टैंडअलोन प्राथमिक व्यापारी के रूप में जाना जाता है, जो आरबीआइ अधिनियम, 1934 की धारा 45आइए के अंतर्गत एनबीएफसी के रूप में पंजीकृत हैं।

सारणी VI.40: सार्वजनिक निधियों पर निर्भरता

(मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार)

कंपनियों की संख्या

निर्भरता (कुल देयताओं की तुलना में प्रतिशत)	स्वाधिकृत निधि	बैंक	डिबेंचर	आइसीडी	वाणिज्यिक पत्र	अन्य
1	2	3	4	5	6	7
0%	-	129	129	139	153	92
0 से 20 %	37	26	32	40	20	71
20 से 40 %	31	17	15	1	9	12
40 से 60 %	22	11	10	4	5	8
60 से 80 %	20	4	2	2	-	3
80 से 100 %	78	1	-	2	1	2
कुल	188	188	188	188	188	188

- शून्य

स्रोत : एनडी-एसआइ की मासिक विवरणी (100 करोड़ रुपए और अधिक)

सारणी VI.41:एनबीएफसी - एनडी - एसआइ का बैंक एक्सपोजर (मार्च 2010 की स्थिति के अनुसार)

(राशि करोड़ रूपए में)

बैंक समूह	मीयादी ऋण	कार्यकारी पूंजी ऋण	डिबेंचर / वाणिज्यक पत्र	अन्य	जोड़
1	2	3	4	5	6
क. राष्ट्रीयकृत बैंक	37,863	5,666	3,773	2,001	49,303
	(59.1)	(37.1)	(32.9)	(37.0)	(51.3)
ख. स्टेट बैंक समूह	5,866	3,756	1,160	19	10,802
	(9.2)	(24.6)	(10.1)	(0.4)	(11.2)
ग. पुराने प्राइवेट बैंक	4,995	794	516	342	6,647
	(7.8)	(5.2)	(4.5)	(6.3)	(6.9)
घ. नए प्राइवेट बैंक	10,823	4,388	2,479	1,530	19,219
	(16.9)	(28.7)	(21.6)	(28.3)	(20.0)
ङ विदेशी बैंक	4,483	674	3,552	1,510	10,218
	(7.0)	(4.4)	(30.9)	(28.0)	(10.6)
सभी बैंक	64,029	15,279	11,480	5,402	96,190
	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)	(100.0)

स्रोत : एनडी-एसआइ की मासिक विवरणी (100 करोड़ और अधिक)

वर्ष 2009-10 के दौरान, डीएसपी मेरिल लिंच सिक्यूरिटीज ट्रेडिंग लिमिटेड, बैंक ऑफ अमरीका कारपोरेशन जो बैंक ऑफ अमरीका, एन.ए. की मूल कंपनी है, तथा मेरिल लिंच एण्ड कंपनी के बीच विलय के लिए हुए करार के अनुसरण में, प्राथमिक व्यापारी नहीं रहा, जिसके अनुसार डीएसपी मेरिल लिंच सिक्यूरिटीज ट्रेडिंग लिमिटेड के प्राथमिक व्यापारी संबंधी कारोबार का अधिग्रहण बैंक ऑफ अमरीका ने कर लिया। साथ ही, मार्गन स्टैनली इंडिया प्राइमरी डीलर प्राइवेट लिमिटेड तथा नोमुरा फिक्स्ड इन्कम सिक्यूरिटीज लिमिटेड को क्रमशः 20 जुलाई 2009 तथा 7 सितम्बर 2009 से प्राथमिक व्यापारी का कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया गया। ऐक्सिस बैंक को 5 अप्रैल 2010 से विभागीय तौर पर पीडी का कार्य करने के लिए प्राधिकृत किया गया।

पीडी का परिचालन तथा कार्यनिष्पादन

6.59 वर्ष 2009-10 के दौरान, खजाना बिलों (टी-बिल) में प्राथमिक व्यापारियों ने 4,17,060 करोड़ रुपए की बोली संबंधी वचनबद्धता की तुलना में सामूहिक तौर पर (बैंक-पीडी सहित) 7,54,041 करोड़ रुपए की वास्तविक बोली लगायी तथा इस प्रकार बोली-कवर अनुपात 1.98 था। खजाना बिलों और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों दोनों के संबंध में, 2009-10 के दौरान, सफलता अनुपात अर्थात् प्राथमिक व्यापारियों की कुल वचनबद्धता में उनकी बोलियों की राशि के अनुपात में गिरावट हुई। साल की दोनों छमाहियों में सभी प्राथमिक व्यापारियों ने 40.0 प्रतिशत का न्यूनतम निर्धारित सफलता अनुपात संबंधी लक्ष्य प्राप्त किया। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामियों में, प्राथमिक बाजार में पीडी द्वारा प्रस्तुत की गयी दिनांकित प्रतिभूतियों की वास्तविक बोलियां 2008-09 के 1.34 गुने की तुलना में अधिसूचित राशि (4,18,000 करोड़ रुपए) का 1.28 गुना थीं (सारणी VI.42)।

6.60 वर्ष 2009-10 के दौरान, द्वितीयक बाजार में पीडी का टर्नओवर (एकमुश्त तथा रिपो दोनों) 26,02,475 करोड़ रुपए था। बाजार के कुल टर्नओवर में पीडी के कुल टर्नओवर का अनुपात 2008-09 के 12.8 प्रतिशत से गिरकर 2009-10 में 8.7 प्रतिशत रह गया (सारणी VI.43)।

निधियों का स्रोत तथा उपयोग

6.61 मार्च 2010 को समाप्त वर्ष के दौरान पीडी के तुलनपत्र का आकार पिछले साल के स्तर पर बना रहा। तथापि, पिछले

सारणी VI.42: प्राथमिक बाजार में प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

मद	2009	2010
1	2	3
खजाना बिल		
बोली वचनब्द्धता	2,84,985	4,17,060
वास्तविक प्रस्तुत बोलियां	5,09,794	7,54,041
कवर की तुलना में बोलियों का अनुपात	1.8	1.9
स्वीकृत बोली	1,72,474	2,33,648
सफलता अनुपात (प्रतिशत में)	59.1	56.0
केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां		
अधिसूचित राशि	2,61,000	4,18,000
वास्तविक प्रस्तुत बोलियां	3,49,393	5,35,722
कवर की तुलना में बोलियों का अनुपात	1.34	1.28
स्वीकृत बोली	1,11,094	1,75,609
सफलता अनुपात (प्रतिशत में)	42.6	42.0

सारणी VI.43: द्वितीयक बाजार में प्राथमिक व्यापारियों का कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए)

मद	अप्रैल-जून 2009	जुलाई-सितंबर 2009	अक्तू.-दिसं. 2009	जन.-मार्च 2010	2009-10	2008-09
1	2	3	4	5	6	7
एकमुश्त						
प्रा.व्या.पण्यावर्त	2,29,437	2,26,437	2,66,662	1,79,557	9,02,093	7,96,187
बाजार पण्यावर्त	15,67,998	14,72,717	15,22,511	11,21,613	56,84,838	42,55,352
प्रा.व्या. का हिस्सा (प्रतिशत)	14.6	15.4	17.5	16.0	15.9	18.7
रिपो						
प्रा.व्या.पण्यावर्त	3,77,966	4,13,077	5,26,858	3,82,480	17,00,382	18,21,096
बाजार पण्यावर्त	60,37,454	68,90,178	62,41,326	50,14,271	2,41,83,229	1,62,34,732
प्रा.व्या. का हिस्सा (प्रतिशत)	6.3	6.0	8.4	7.6	7.0	11.2
कुल						
प्रा.व्या.पण्यावर्त	6,07,403	6,39,515	7,93,520	5,62,037	26,02,475	26,17,283
बाजार पण्यावर्त	76,05,452	83,62,896	77,63,837	61,35,883	2,98,68,067	2,04,90,084
प्रा.व्या. का हिस्सा (प्रतिशत)	8.0	7.7	10.2	9.2	8.7	12.8

स्रोत : सीसीआइएल

साल की तुलना में 2009-10 में स्टैंडअलोन पीडी की पूंजी में इस कारण से वृद्धि हुई कि पीडी की संख्या मार्च 2009 के अंत के सात से बढ़कर मार्च 2010 के अंत में आठ हो गयी तथा न्यूनतम एनओएफ की संशोधित अपेक्षाओं का अनुपालन करने के लिए कुछ पीडी द्वारा नयी पूंजी डाली गयी। स्टैंडअलोन पीडी की आरक्षित निधि तथा अधिशेष में पिछले साल की तुलना में गिरावट आयी। पीडी के जमानती उधारों में 14 प्रतिशत की गिरावट हुई जबकि बेजमानती उधारों में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जहां तक निधियों के उपयोग का संबंध है, सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पिछले साल की तुलना में 14 प्रतिशत घट गया, जबकि सरकारी प्रतिभूति से इतर लिखतों में, जिनमें सीपी तथा कारपोरेट बांड शामिल हैं, निवेश 2009-10 के दौरान बढ़ गया (सारणी VI.44)।

स्टैंडअलोन प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्यनिष्पादन

6.62 वर्ष 2009-10 के दौरान, ब्याज संबंधी व्यय में गिरावट के बावजूद ब्याज एवं बट्टा से होने वाली आय तथा ट्रेडिंग संबंधी

सारणी VI.44: प्राथमिक व्यापारियों की निधियों के स्रोत और उपयोग

(राशि करोड़ रुपए में)

	मार्च के अंत में			प्रतिशत घट-बढ़	
मद	2008	2009	2010	2009	2010
1	2	3	4	5	6
निधियों के स्रोत	10,882	10,307	10,308	-5.3	0.01
1 पूंजी	1,508	1,121	1,541	-25.7	37.47
2 आरक्षित निधि और अधिशेष	1,944	2,213	1,925	13.8	-13.01
3 ऋण (क+ख)	7,430	6,973	6,842	-6.2	-1.88
क) जमानती	4,580	2,945	2,522	-35.7	-14.36
ख) बेजमानती	2,850	4,028	4,320	41.3	7.25
निधियों का उपयोग	10,882	10,307	10,308	-5.3	0.01
1 अचल आस्तियां	14	13	14	-7.1	7.69
2 निवेश (क से ग)	8,291	7,891	7,280	-4.8	-7.74
क) सरकारी प्रतिभूतियां	7,584	7,305	6,258	-3.7	-14.33
ख) वाणिज्यिक पत्र	86	88	142	2.3	61.36
ग) कंपनी बांड	621	498	880	-19.8	76.71
3 ऋण और अग्रिम	429	959	741	123.5	-22.73
4 गैर चालू आस्तियां	0	0	0		
5 इक्विटी, म्युच्युअल फंड आदि	150	22	68	-85.3	209.09
6 अन्य*	1,998	1,422	2,205	-28.8	55.07

*: अन्य में नकदी + बैंक शेष + उपचित ब्याज + आस्थिगत कर अस्तियां - चालू देयताएं और प्रावधान शामिल हैं।
स्रोत: संबंधित प्राथमिक व्यापारियों के वार्षिक रिपोर्ट।

सारणी VI.45: प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2008-09	2009-10	प्रतिशत घट-बढ़	
			राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
क. आय (i से iii)	1,825	804	-1,021	-55.9
i) ब्याज और बट्टा	878	690	-188	-21.4
ii) कारोबारी लाभ	843	-30	-873	-103.6
iii) अन्य आय	104	144	40	38.5
ख. व्यय (i+ii)	692	461	-231	-33.4
i) ब्याज	546	303	-243	-44.5
ii) अन्य व्यय	146	158	12	8.2
कर पूर्व लाभ	1,133	343	-790	-69.7
करोत्तर लाभ	749	227	-522	-69.7
स्वतंत्र प्राथमिक व्यापारियों की संख्या	7	8		

स्रोत : प्राथमिक व्यापारी की वार्षिक रिपोर्ट

लाभ में गिरावट के परिणास्वरूप पीडी के निवल लाभ में पिछले साल की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट आयी। वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में आयी तेजी ने स्टैंडअलोन पीडी के ट्रेजरी संबंधी लाभ को प्रभावित किया (सारणी VI.45 तथा परिशिष्ट सारणी VI.2)।

6.63 प्राथमिक व्यापारियों के आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) में 2009-10 के दौरान तेज गिरावट हुई जिसके बाद उनके निवल लाभ में तीव्र गिरावट आयी (सारणी VI.46)।

6.64 स्टैंडअलोन पीडी अच्छी तरह से पूंजीकृत बने रहे। अलग-अलग स्टैंडअलोन पीडी का सीआरएआर मार्च 2010 के अंत में न्यूनतम निर्धारित 15 प्रतिशत सीआरएआर के ऊपर बना रहा। एक समूह के रूप में स्टैंडअलोन पीडी का सीआरएआर मार्च 2010 के अंत में 43.5 प्रतिशत था (सारणी VI.47 तथा परिशिष्ट सारणी VI.3)।

सारणी VI.46: प्राथमिक व्यापारियों के वित्तीय संकेतक

(राशि करोड़ रुपए में)

संकेतक	2008-09	2009-10
1	2	3
i) निवल लाभ	749	227
ii) औसत आस्तियां	11,348	12,815
iii) औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (प्रतिशत में)	6.6	1.8
iv) प्राथमिक व्यापारियों की संख्या	7	8

स्रोत : प्राथमिक व्यापारी की विवरणी (पिडीआर)।

सारणी VI.47 : प्राथमिक व्यापरियों के चुनिंदा संकेतक

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2009	2010
1	2	3
कुल आस्तियां	10,307	10,308
इनमें से: सरकारी प्रतिभूतियां	7,305	6,258
कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में सरकारी प्रतिभूतियां	70.9	60.7
सकल पूंजी निधि	3,464	3,610
सीआरएआर (प्रतिशत में)	34.8	43.5
चलनिधि समर्थन सीमा	3,000	3,000
प्राथमिक व्यापरियों की संख्या	7	8

स्रोत: प्राथमिक व्यापारी विवरणी (पीडीआर)।

5. निष्कर्ष

6.65 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं के समेकित तुलनपत्र का विस्तार हुआ, जिसका कारण इन संस्थाओं द्वारा बांड एवं डिबेंचर जारी करने में हुई उल्लेखनीय वृद्धि था। 2009-10 में वित्तीय संस्थाओं के निवल लाभ के कुल स्तर में वृद्धि हुई। वित्तीय संस्थाओं के निवल एनपीए में 2009-10 में औसत स्तर पर कुछ वृद्धि हुई। वित्तीय संस्थाओं की पूंजी पर्याप्तता भी उनके सीआरएआर के सांविधिक न्यूनतम अनुपात से अधिक होने के साथ काफी सुदृढ़ थी जो यह दर्शाता है कि उनके कर्ज वितरण के विस्तार में काफी संभावनाएं हैं।

6.66 खजाना बिलों और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों दोनों के संबंध में, 2009-10 में पिछले वर्ष के मुकाबले प्राथमिक व्यापारियों के सफलता अनुपात में गिरावट हुई। प्राथमिक व्यापारियों के आरओए में भी तीव्र गिरावट दिखायी दी क्योंकि वर्ष के दौरान उनका निवल लाभ काफी कम हो गया।

6.67 2009-10 में एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के तुलनपत्रों में विस्तार देखा गया। तथापि, उनके आरओए में 2009-10 में गिरावट आयी। साथ ही, 2009-10 में सकल तथा निवल अनर्जक आस्ति अनुपात में वृद्धि के साथ उनकी आस्ति की गुणवत्ता में भी थोड़ी गिरावट देखी गयी।

6.68 यह उल्लेखनीय है कि अभी भी बड़ी संख्या में ऐसी एनबीएफसी हैं जो रिज़र्व बैंक के सीधे पर्यवेक्षण और विनियमन की परिधि में नहीं आती हैं। एनबीएफसी क्षेत्र की वृद्धि के संवर्धन के लिए, सक्रिय कारपोरेट बांड बाजार के रूप में निधीयन के वैकल्पिक स्रोतों का विकास करना वांछनीय होगा।

परिशिष्ट सारणी IV.1: भारत के अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के तुलनपत्र से इतर एक्सपोजर

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	सरकारी क्षेत्र के बैंक			राष्ट्रीयकृत बैंक*			स्टेट बैंक समूह			निजी क्षेत्र के बैंक		
	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1. वायदा विनिमय संविदा	10,34,367 (27.5)	9,59,314 (21.6)	-7.3	6,43,349 (25.9)	6,00,770 (19.8)	-6.6	3,91,018 (30.6)	3,58,544 (25.4)	-8.3	10,17,240 (99.0)	9,69,704 (84.3)	-4.7
2. दी गई गारंटियां	2,55,918 (6.8)	3,30,555 (7.4)	29.2	1,66,939 (6.7)	2,12,317 (7.0)	27.2	88,979 (7.0)	1,18,238 (8.4)	32.9	1,03,379 (10.1)	1,32,673 (11.5)	28.3
3. स्वीकृतियाँ, समर्थन आदि.	6,13,497 (16.3)	4,72,329 (10.6)	-23.0	2,33,751 (9.4)	2,46,368 (8.1)	5.4	3,79,746 (29.7)	2,25,960 (16.0)	-40.5	6,20,126 (60.3)	7,40,222 (64.3)	19.4
आकस्मिक देयताएं	**19,03,781 (50.6)**	**17,62,197 (39.7)**	**-7.4**	**10,44,039 (42.0)**	**10,59,455 (35.0)**	**1.5**	**8,59,742 (67.2)**	**7,02,742 (49.8)**	**-18.3**	**17,40,746 (169.4)**	**18,42,598 (160.1)**	**5.9**

मद	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक			निजी क्षेत्र के नए बैंक			विदेशी बैंक			अनुसूचित वाणिज्य बैंक		
	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर	2008-09	2009-10	प्रतिशत अंतर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1. वायदा विनिमय संविदा	96,661 (41.6)	98,608 (36.7)	2.0	9,20,579 (115.7)	8,71,096 (98.8)	-5.4	62,94,435 (1414.1)	52,26,956 (1206.5)	-17.0	83,46,043 (159.3)	71,55,974 (118.8)	-14.3
2. दी गई गारंटियां	10,303 (4.4)	12,276 (4.6)	19.2	93,076 (11.7)	1,20,397 (13.7)	29.4	57,241 (12.9)	59,949 (13.8)	4.7	4,16,537 (8.0)	5,23,177 (8.7)	25.6
3. स्वीकृतियाँ, समर्थन आदि.	9,860 (4.2)	13,246 (4.9)	34.4	6,10,266 (76.7)	7,26,975 (82.4)	19.1	11,56,284 (259.8)	16,38,258 (378.2)	41.7	23,89,907 (45.6)	28,50,808 (47.3)	19.3
आकस्मिक देयताएं	**1,16,824 (50.3)**	**1,24,131 (46.2)**	**6.3**	**16,23,922 (204.2)**	**17,18,467 (194.9)**	**5.8**	**75,07,960 (1686.7)**	**69,25,163 (1598.5)**	**-7.8**	**1,11,52,487 (212.9)**	**1,05,29,958 (174.8)**	**-5.6**

* : आइडीबीआइ बैंक लि. शामिल है।

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े संबंधित बैंक समूह की कुल देयताओं का प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र।

परिशिष्ट सारणी IV.2 (अ): सरकारी क्षेत्र के बैंकों की अनर्जक आस्तियां - क्षेत्रवार

(मार्च 2010 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

क्रम	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		जिसमें से, कृषि		जिसमें से, लघु उद्योग		जिसमें से, अन्य		सरकारी क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		कुल अनर्जक अस्तियां
		राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि 15 = (3+11+13)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**30,848**	**53.8**	**8,330**	**14.5**	**11,537**	**20.1**	**10,981**	**19.2**	**524**	**0.9**	**25,929**	**45.3**	**57,301**
	राष्ट्रीयकृत बैंक	**19,908**	**56.1**	**5,741**	**16.2**	**8,668**	**24.4**	**5,499**	**15.5**	**280**	**0.8**	**15,283**	**43.1**	**35,470**
1.	इलाहाबाद बैंक	**713**	**58.4**	215	17.6	311	25.4	187	15.3	**119**	**9.8**	**389**	**31.9**	**1,221**
2.	आंध्रा बैंक	**218**	**44.7**	26	5.4	66	13.5	126	25.9	-	-	**270**	**55.3**	**488**
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	**1,444**	**65.8**	636	29.0	530	24.1	279	12.7	**85**	**3.9**	**667**	**30.4**	**2,196**
4.	बैंक ऑफ इंडिया	**2,147**	**47.9**	490	10.9	1,360	30.4	297	6.6	**18**	**0.4**	**2,317**	**51.7**	**4,481**
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	**795**	**65.7**	232	19.2	363	30.0	200	16.6	-	-	**415**	**34.3**	**1,210**
6.	केनरा बैंक	**1,423**	**56.8**	462	18.4	394	15.7	568	22.7	-	-	**1,081**	**43.2**	**2,505**
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	**1,658**	**67.5**	421	17.1	922	37.5	315	12.8	**8**	**0.3**	**792**	**32.2**	**2,458**
8.	कार्पोरेशन बैंक	**398**	**61.1**	122	18.7	79	12.1	197	30.3	-	-	**253**	**38.9**	**651**
9.	देना बैंक	**379**	**59.0**	83	13.0	74	11.5	222	34.6	-	-	**263**	**41.0**	**642**
10.	इंडियन बैंक	**249**	**54.2**	55	12.0	163	35.5	31	6.7	-	-	**210**	**45.8**	**459**
11.	इंडियन ओवरसीज बैंक	**1,192**	**34.6**	276	8.0	606	17.6	310	9.0	**2**	-	**2,248**	**65.3**	**3,442**
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	**911**	**62.0**	276	18.8	385	26.2	250	17.0	-	-	**558**	**38.0**	**1,469**
13.	पंजाब एंड सिंध बैंक	**138**	**67.1**	42	20.4	85	41.2	11	5.5	-	-	**68**	**32.9**	**206**
14.	पंजाब नेशनल बैंक	**2,471**	**76.9**	977	30.4	1,165	36.3	328	10.2	**4**	**0.1**	**739**	**23.0**	**3,214**
15.	सिंडिकेट बैंक	**1,091**	**54.4**	176	8.8	238	11.9	677	33.8	**12**	**0.6**	**902**	**45.0**	**2,005**
16.	यूको बैंक	**976**	**58.6**	289	17.4	339	20.4	348	20.9	**15**	**0.9**	**674**	**40.5**	**1,665**
17.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	**1,632**	**61.3**	369	13.9	895	33.6	367	13.8	-	-	**1,032**	**38.7**	**2,664**
18.	युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	**894**	**65.1**	204	14.9	283	20.6	407	29.6	-	-	**478**	**34.9**	**1,372**
19.	विजया बैंक	**394**	**39.6**	93	9.4	190	19.1	110	11.1	**17**	**1.7**	**583**	**58.7**	**994**
20.	आइडीबीआइ बैंक लि.	**785**	**36.9**	297	13.9	221	10.4	267	12.6	-	-	**1,344**	**63.1**	**2,129**
	स्टेट बैंक समूह	**10,940**	**50.1**	**2,589**	**11.9**	**2,869**	**13.1**	**5,482**	**25.1**	**244**	**1.1**	**10,646**	**48.8**	**21,831**
21.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	**269**	**43.9**	7	1.1	124	20.2	139	22.6	-	-	**343**	**56.1**	**612**
22.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	**290**	**44.9**	55	8.4	102	15.8	134	20.7	-	-	**356**	**55.1**	**646**
23.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	**9,073**	**50.9**	2,322	13.0	2,168	12.2	4,583	25.7	**235**	**1.3**	**8,529**	**47.8**	**17,836**
24.	स्टेट बैंक ऑफ इंदौर	**210**	**42.6**	19	3.8	57	11.6	134	27.1	-	-	**283**	**57.4**	**493**
25.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	**291**	**49.0**	43	7.2	120	20.1	129	21.6	**3**	**0.5**	**301**	**50.5**	**595**
26.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	**543**	**54.0**	119	11.8	212	21.1	212	21.1	-	-	**463**	**46.0**	**1,007**
27.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	**264**	**41.1**	25	3.8	87	13.6	152.00	23.7	**6**	**1.0**	**372**	**57.9**	**642**

-: शून्य / नगण्य

स्रोत : ऑफ साइट विवरणियां (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.2(आ) : निजी क्षेत्र के बैंकों की अनर्जक आस्तियां - क्षेत्रवार

(मार्च 2010 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

क्रम	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		जिसमें से, कृषि		जिसमें से, लघु उद्योग		जिसमें से, अन्य		सरकारी क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		कुल अनर्जक अस्तियां
		राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि 15 = (3+11+13)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
	निजी क्षेत्र के बैंक	**4,792**	**27.6**	**2,023**	**11.6**	**1,139**	**6.6**	**1,630**	**9.4**	**-**	**-**	**12,592**	**72.4**	**17,384**
	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	**1,613**	**44.7**	**269**	**7.4**	**475**	**13.2**	**869**	**24.1**	**-**	**-**	**1,999**	**55.3**	**3,612**
1.	बैंक ऑफ राजस्थान लि.	**61**	**20.9**	7	2.5	42	14.4	12	4.1	**-**	**-**	**232**	**79.1**	**294**
2.	कैथालिक सीरियन बैंक लिमिटेड	**62**	**41.7**	7	4.6	32	21.4	23	15.7	**-**	**-**	**87**	**58.3**	**149**
3.	सिटी यूनियन बैंक लि.	**41**	**44.2**	16	17.1	9	9.7	16	17.3	**-**	**-**	**52**	**55.8**	**94**
4.	धनलक्ष्मी बैंक लि.	**35**	**45.6**	4	5.3	6	7.3	26	33.0	**-**	**-**	**42**	**54.4**	**78**
5.	फेडरल बैंक लि.	**440**	**53.6**	65	8.0	18	2.2	356	43.4	**-**	**-**	**381**	**46.4**	**821**
6.	आइएनजी वैश्य बैंक लि.	**65**	**29.2**	36	16.1	23	10.3	6	2.8	**-**	**-**	**159**	**70.8**	**224**
7.	जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि.	**286**	**61.8**	32	7.0	54	11.7	199	43.2	**-**	**-**	**176**	**38.2**	**462**
8.	कर्नाटक बैंक लि.	**324**	**59.0**	51	9.2	172	31.2	102	18.6	**-**	**-**	**225**	**41.0**	**550**
9.	करूर वैश्य बैंक लि.	**68**	**29.0**	7	2.9	53	22.7	8	3.4	**-**	**-**	**167**	**71.0**	**235**
10.	लक्ष्मी विलास बैंक लि.	**58**	**17.8**	10	3.1	15	4.5	33	10.1	**-**	**-**	**267**	**82.2**	**325**
11.	नैनीताल बैंक लि.	**17**	**73.4**	8	34.9	2	9.2	7	29.4	**-**	**-**	**6**	**26.6**	**23**
12.	रत्नाकर बैंक लि.	**18**	**65.0**	2	8.6	10	35.6	6	20.8	**-**	**-**	**10**	**35.0**	**28**
13.	एसबीआइ कमर्शियल एंड इंटरनेशनल बैंक लि.	**2**	**62.4**	-	-	-	-	2	62.4	**-**	**-**	**1**	**37.6**	**3**
14.	साउथ इंडियन बैंक लि.	**88**	**41.7**	12	5.7	27	12.9	49	23.0	**-**	**-**	**123**	**58.3**	**211**
15.	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लि.	**46**	**40.2**	10	9.0	12	10.6	24	20.6	**-**	**-**	**69**	**59.8**	**115**
	निजी क्षेत्र के नए बैंक	**3,179**	**23.1**	**1,754**	**12.7**	**664**	**4.8**	**760**	**5.5**	**-**	**-**	**10,594**	**76.9**	**13,772**
16.	एक्सिस बैंक लि.	**528**	**40.8**	248	19.1	140	10.8	141	10.9	**-**	**-**	**767**	**59.2**	**1,295**
17.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक लि.	**68**	**21.2**	14	4.3	52	16.2	3	0.8	**-**	**-**	**251**	**78.8**	**319**
18.	एचडीएफसी बैंक लि.	**400**	**22.1**	110	6.1	276	15.3	14	0.8	**-**	**-**	**1,407**	**77.9**	**1,807**
19.	आइसीआइसीआइ बैंक लिमि.	**1,946**	**21.0**	1303	14.1	50	0.5	593	6.4	**-**	**-**	**7,321**	**79.0**	**9,267**
20.	इंडसइंड बैंक लि.	**84**	**33.0**	31	12.0	46	18.1	8	3.0	**-**	**-**	**171**	**67.0**	**255**
21.	कोटक महिंद्रा बैंक लि.	**152**	**-**	49	6.5	100	13.0	2	0.3	**-**	**-**	**616**	**80.2**	**767**
22.	यस बैंक लि.	**-**		-	-	-	-	-	-	**-**	**-**	**60**	**100.0**	**60**

-: शून्य / नगण्य

स्रोत : ऑफ साइट विवरणियां (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.2(इ): विदेशी बैंकों की अनर्जक आस्तियां - क्षेत्रवार

(मार्च 2010 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

क्रम	बैंक का नाम	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		जिसमें से, कृषि		जिसमें से, लघु उद्योग		जिसमें से, अन्य		सरकारी क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक अस्तियां		कुल अनर्जक अस्तियां
		राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि 15 = (3+11+13)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
	विदेशी बैंक	**1170**	**16.4**	**-**	**-**	**299**	**4.2**	**871**	**12.2**	**-**	**-**	**5956**	**83.6**	**7,125**
1.	एबी बैंक लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2.	आबू धाबी कमर्शियल बैंक लि.	**5**	**35.6**	-	-	5	35.6	-	-	-	-	**9**	**64.4**	**14**
3.	अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**17**	**100.0**	**17**
4.	एंटवेर्प डायमंड बैंक लि.	**100**	**100.0**	-	-	49	49.6	50	50.4	-	-	-	-	**100**
5.	बीएनपी परिबास	**1**	**0.7**	-	-	-	-	1	0.7	-	-	**68**	**99.3**	**68**
6.	बैंक ऑफ अमेरिका एनटी तथा एसए	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**1**	**100.0**	**1**
7.	बैंक ऑफ बहरीन एंड कुवैत बीएससी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**13**	**100.0**	**13**
8.	बैंक ऑफ सिलोन	**1**	**46.4**	-	-	1	31.9	0	14.4	-	-	**1**	**53.6**	**2**
9.	बैंक औफ नोवा स्कॉटिया	**10**	**100.0**	-	-	10	100.0	0	0	-	-	-	-	**10**
10.	बरकलेज बैंक पीएलसी	**124**	**8.7**	-	-	103	7.3	20	1.4	-	-	**1,298**	**91.3**	**1,422**
11.	चाइनाट्रस्ट कमर्शियल बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**3**	**100.0**	**3**
12.	सिटी बैंक एनए	**46**	**3.6**	-	-	-	-	46	3.6	-	-	**1,230**	**96.4**	**1,275**
13.	कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
14.	क्रेडिट एग्रिकोल कॉरपोरेट एण्ड इन्वेस्टमेंट	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**277**	**100.0**	**277**
15.	ड्यूश बैंक (एशिया)	**14**	**5.4**	-	-	8	2.9	7	2.5	-	-	**247**	**94.6**	**261**
16.	डेवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**76**	**100.0**	**76**
17.	फर्स्ट रैण्ड बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**0**	**0.0**	**0**
18.	एचएसबीसी लि.	**484**	**28.7**	-	-	122	7.3	361	21.5	-	-	**1,200**	**71.3**	**1,683**
19.	जेपी मोर्गन चेस बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**95**	**100.0**	**95**
20.	जेएससी वीटीबी बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**0**	**0.0**	**0**
21.	क्रुंग थाई बैंक पब्लिक कं. लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**0**	**0.0**	**0**
22.	मशरेक बैंक पीएससी	**0.0**	**87.5**	-	-	-	12.5	0	75.0	-	-	**0**	**12.5**	**0**
23.	मिज़ुओ कार्पोरेट बैंक लिमि.	**6**	**100.0**	-	-	-	-	6	100.0	-	-	**0**	**0.0**	**6**
24.	ओमान इंटरनेशनल बैंक एसएओजी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**0**	**0.0**	**0**
25.	सिनहान बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**0**	**0.0**	**0**
26.	सोसाइटे जनरेल	**1**	**100.0**	-	-	-	-	1	100.0	-	-	**0**	**0.0**	**1**
27.	सोनाली बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**1**	**100.0**	**1**
28.	स्टेंडर्ड चार्टर्ड बैंक	**351**	**32.0**	-	-	1	0.1	350	32.0	-	-	**745**	**68.0**	**1,096**
29.	स्टेट बैंक ऑफ मारिशस लि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**19**	**100.0**	**19**
30.	बैंक ऑफ टोकियो-मित्सुबिशी यूएफजे लिमि.	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**0**	**0.0**	**0**
31.	दि रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड एन.वी.	**28**	**4.1**	-	-	-	-	28	4.1	-	-	**657**	**95.9**	**685**
32.	यूबीएस एजी	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

-: शून्य / नगण्य ।

टिप्पणी : विदेशी बैंको की क्षेत्रवार सकल अनर्जक आस्तियों के मामले में निर्यात व्यापार को अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों की अनर्जक आस्तियों में जोड़ा गया है और गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों को तदनुसार समायोजित किया गया है।

स्रोत : ऑफ साइट विवरणियां (देशी)

परिशिष्ट सारणी IV.3(अ) : कमजोर वर्गों को प्रदत्त अग्रिमों में अनर्जक आस्तियाँ - सरकारी क्षेत्र के बैंक

(मार्च 2010 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

क्रम सं.	बैंक का नाम	कमजोर वर्गों को अग्रिमों में अनर्जक आस्तियां	
		राशि	कुल में से कमजोर वर्गों को अग्रिमों का प्रतिशत
1	2	3	4
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**5,053**	**3.0**
	राष्ट्रीयकृत बैंक	**3,368**	**2.8**
1.	इलाहाबाद बैंक	196	3.2
2.	आंध्रा बैंक	39	0.7
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	476	7.3
4.	बैंक ऑफ इंडिया	536	3.6
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	200	9.1
6.	केनरा बैंक	303	2.1
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	333	3.8
8.	कार्पोरेशन बैंक	52	1.8
9.	देना बैंक	93	6.5
10.	इंडियन बैंक	9	0.2
11.	इंडियन ओवरसीज बैंक	-	-
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	126	3.1
13.	पंजाब एंड सिंध बैंक	31	1.3
14.	पंजाब नेशनल बैंक	487	3.1
15.	सिंडीकेट बैंक	127	1.7
16.	यूको बैंक	277	4.2
17.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	3	8.2
18.	युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	-	-
19.	विजया बैंक	73	2.2
20.	आइडीबीआइ बैंक लिमि.	8	0.4
	स्टेट बैंक समूह	**1,685**	**3.7**
21.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	42	1.2
